जबलपुर
गुरुवार, 28 मार्च 2024
- चैत्र मास कृष्णस पक्ष-3
- वर्ष : 18 अंक : 323
- पृष्ठ : 14 , मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 38
न्यून. 21

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

04 जाति गणना कांग्रेस की परंपरा के विरुद्ध

मैट्रो
14 अगले महीने कम आएगा बिल...

छिंदवाड़ा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विवेक साहू से 'हरिभूमि और आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'

छिंदवाड़ा की जनता ने 'देश की जनता' के साथ जाने का 'मन' बनाया, अब जनता पैसे- शराब के 'चक्कर' में नहीं आने वाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

inh न्यूज विशेष

छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र से भाजपा ने विवेक साहू (बंटी) को प्रत्याशी बनाकर उतारा है। उनका मानना है कि एक तरफ धनबल और बाहुबल है, वहीं दूसरी तरफ जनबल और मोदी का जनकल्याण है। भाजपा की रीति-नीति के साथ चलते हुए वे चुनाव लड़ रहे हैं। उनका दावा है कि छिंदवाड़ा की जनता ने देश की जनता के साथ जाने का मन बना लिया है। देश पीएम मोदी के साथ है, उसी प्रकार छिंदवाड़ा भी उनके साथ जाने को तैयार है। वे छिंदवाड़ा के युवाओं के भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

ये भी बोले साहू?

27 दिन के चुनावी मौसम में कमलनाथ ने छिंदवाड़ा को 23 दिन दिए थे, इससे वे प्रदेश के अन्य हिस्सों में प्रचार करने नहीं पहुंच पाए। परिणामस्वरूप, कांग्रेस की प्रदेश में बुरी हार हुई थी।

उनसे सीधी बात

सवालः भाजपा को कोई नहीं मिला, इसलिए विवेक साहू को मैदान में उतारा है क्या ?

जवाबः भाजपा ही एक ऐसा दल है, जो छोटे से छोटे कार्यकर्ता का ख्याल रखता है। पार्टी ने मुझ पर भरोसा किया है। इस बार पीएम मोदी के नेतृत्व में छिंदवाड़ा लोकसभा भाजपा जीतेगी, यह मेरा दावा है। विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रदेश में प्रचंड जीत मिली, इसमें छिंदवाड़ा जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं का बहुत बड़ा योगदान है। क्योंकि, यहां के लोगों ने उनका प्रदेश का रास्ता रोक रखा था। 27 दिन के चुनावी मौसम में कमलनाथ ने छिंदवाड़ा को 23 दिन दिए थे, इससे वे प्रदेश के अन्य हिस्सों में प्रचार करने नहीं पहुंच पाए। परिणामस्वरूप, कांग्रेस की प्रदेश में बुरी हार हुई थी। कमलनाथ छिंदवाड़ा में शराब माफिया, खनिज माफिया, धनबल और बाहुबल के दम पर चुनाव जीतते आए हैं।

सवालः पहले प्रदेश में शिवराज का नेतृत्व था, वे कमलनाथ के प्रभाव को नहीं रोक पाए, अब मोहन सरकार उनके रथ को कैसे रोक पाएगी?

जवाबः यह चुनाव पीएम मोदी और राष्ट्र का है। जनता के मन में मोदी हैं, तो छिंदवाड़ा इससे कहीं अछूता नहीं है। नकुलनाथ की 5 साल में कोई उपलब्धि नहीं है और न ही उनकी जनता के बीच में कोई छवि। इसलिए, आज बड़े स्तर पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में नाराजगी है।

पीएम ने पश्चिम बंगाल की भाजपा की उम्मीदवार राजमाता अमृता रॉय से फोन पर की चर्चा

मोदी बोलेः ईडी के जब्त 3000 करोड़ रुपए गरीबों को 'लौटाएंगे'

इससे पहले मोदी ने संदेशखाली की पीड़ित भाजपा उम्मीदवार रेखा पात्रा से बात की थी

पीएम ने विश्वास जताया कि पश्चिम बंगाल के लोग राज्य में बदलाव के लिए मतदान करेंगे

पीएम ने कहा कि बंगाल की लड़ाई दो खेमों में बंट गई है। एक हमारा खेमा है जो भ्रष्टाचार से बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहा है। वहीं दूसरा खेमा है, जो भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए एकजुट हो रहा है। दूसरे खेमे की प्राथमिकता देश को बचाना नहीं बल्कि सत्ता को बचाना है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/कोलकाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार राजमाता अमृता रॉय से फोन पर चर्चा की। बातचीत में पीएम ने अमृता से उनके चुनाव प्रचार की तैयारियों के बारे में जाना।

पीएम ने उन्हें बताया कि वे उन कानूनी विकल्पों पर काम कर रहे हैं, जो ये सुनिश्चित कर सकें कि बंगाल के गरीबों से लूटा गया 3 हजार करोड़ रुपए, ईडी की ओर से भ्रष्टाचारियों से जब्त की गई संपत्ति के जरिए उन्हीं लोगों को लौटाया जाए। पीएम ने अमृता रॉय से कहा कि यह बात सभी को बताएं।

अमृता पूर्व राजघराने की सदस्य, वे टीएमसी की उम्मीदवार महुआ मोइत्रा के खिलाफ मैदान में

टीएमसी के आरोप पर पीएम ने कहा...

वर्तमान पाप को छिपाने के लिए विरोधी ऐसी बातें ढूंढते रहते हैं

राजमाता रॉय ने पीएम से कहा कि कुछ लोग अंग्रेजों का साथ देने का आरोप लगा रहे हैं। हमारे दान और अच्छे कामों के बारे में कोई नहीं बोल रहा है। अमृता रॉय ने कहा कि ऐसा सिराजुद्दौला की प्रताड़ना की वजह से किया। अगर महाराजा ने ऐसा नहीं किया होता तो क्या हिंदू धर्म बच पाता? क्या सनातन धर्म बच पाता? नहीं। अगर ऐसा है तो हम ये क्यों नहीं कह सकते कि महाराजा ने हमें सांप्रदायिकता विरोधी हमले से बचाया।

टीएमसी का आरोपः अमृता के परिवार ने अंग्रेजों का साथ दिया

कृष्णानगर सीट से भाजपा ने शाही परिवार की राजमाता अमृता रॉय को चुनावी मैदान में उतारा है।

संदेशखाली पीड़िता और उम्मीदवार रेखा पात्रा से पीएम ने कहा

आप शक्ति स्वरूपा

पीएम मोदी ने बशीरहाट से भाजपा उम्मीदवार और संदेशखाली पीड़िता रेखा पात्रा से भी फोन पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने उनसे चुनावी तैयारियों, लोगों के बीच भाजपा के प्रति समर्थन और अन्य मुद्दों की जानकारी ली। रेखा पात्रा ने संदेशखाली में महिलाओं की कठिनाइयों के बारे में बताया। इस दौरान पीएम मोदी ने रेखा पात्रा को शक्ति स्वरूपा बताया। पीएम मोदी और रेखा पात्रा की यह बातचीत नमस्कार से शुरू होती है। प्रधानमंत्री सबसे पहले पूछते हैं कि इस समय कैसा लग रहा है?

उम्रदराज नादिर रशीद बीमारियों से थे परेशान, नहीं मिला सुसाइड नोट

होटल जहांनुमा पैलेस के मालिक ने लाइसेंसी बंदूक से खुद को मारी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्यामला कोठी में रहने वाले तीन सितारा होटल जहांनुमा पैलेस के मालिक नादिर रशीद ने लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उनकी लाश बेडरूम से अटैच बाथरूम में मिली।

बंदूक नजदीक रखकर किया फायर

घटनास्थल से बरामद बंदूक में पॉइंट 275 की बुलेट लगती है। इसी बंदूक से नादिर ने जबड़े के पास फायर किया था। पास से फायर होने के कारण जबड़े से लेकर उनके सिर तक का एक हिस्सा बुरी तरह से जख्मी हुआ।



सुप्रिया और दिलीप घोष को चुनाव आयोग का 'नोटिस'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बदजुबानी पर कांग्रेस की सुप्रिया श्रीनेत और भाजपा के दिलीप घोष को चुनाव आयोग ने नोटिस थमाया है। एक तरफ अगर सुप्रिया के खिलाफ भाजपा चुनाव आयोग के पास गई थी, तो वहीं दिलीप के बयान पर टीएमसी ने आपत्ति दर्ज करवाई थी। अब दोनों ही नेताओं को बदजुबानी की कीमत चुकानी पड़ी है, चुनाव आयोग ने नोटिस देकर सफाई मांगी है। सुप्रिया श्रीनेत भाजपा की मंडी उम्मीदवार और बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी। ये अलग बात है कि श्रीनेत ने दावा किया कि उनका अकाउंट हैक किया गया था और वो बयान उनकी तरफ से नहीं आया। दिलीप घोष की बात करें तो उनकी तरफ से ममता बेनर्जी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। उन्होंने एक बयान में कहा कि ममता गोवा जाकर कहती हैं कि वे वहां की लड़की है, त्रिपुरा जाकर कहती हैं कि वहां की लड़की हैं, वोपहले ये फैसला ले लें कि उनके पिता कौन हैं? अब इसी बयान के बाद सबसे पहले भाजपा ने ही दिलीप घोष को कारण बताओ नोटिस भेज दिया था।



सीमापार भी ताकत दिखा सकती है वायुसेना, बालाकोट ऑपरेशन में यह साबित हुआ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने बालाकोट एयर स्ट्राइक पर एक बयान दिया है। 'भविष्य के संघर्षों में एयरोस्पेस पावर' सेमिनार में एक संबोधन के दौरान उन्होंने कहा वायु सेना ने बालाकोट जैसे अभियानों से साफ कर दिया है कि अगर राजनीतिक इच्छाशक्ति हो तो सीमा से पार जाकर भी दुश्मन को हवाई ताकत दिखाई जा सकती है।

भारत को भविष्य के लिए अभी से तैयार रहने की जरूरत है और हमें यह स्वीकार करने की जरूरत है कि भविष्य में अलग तरीके से युद्ध लड़े जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि राष्ट्र रणनीतिक लाभ के लिए अंतरिक्ष-आधारित संपत्तियों पर तेजी से भरोसा कर रहे हैं, अंतरिक्ष का सैन्यीकरण और हथियारीकरण एक अपरिहार्य वास्तविकता बन गया है। उन्होंने कहा कि मानव इतिहास में आसमान को अक्सर आश्चर्य और अन्वेषण का क्षेत्र माना गया है, जहां सपने उड़ान भरते हैं और सीमाएं विशाल नीले विस्तार में विलीन हो जाती हैं।

बालाकोट एयर स्ट्राइक पर बोले एयर चीफ मार्शल

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ने बालाकोट एयर स्ट्राइक को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा बालाकोट जैसे अभियानों ने साफ कर दिया है कि अगर राजनीतिक इच्छाशक्ति मजबूत हो तो सीमा से पार जाकर भी दुश्मन को ताकत का अहसास दिलाया जा सकता है।

बालाकोट ऑपरेशन में 300 आतंकियों की मौत

सेना को इस ऑपरेशन के लिए समय और जगह तय करने की छूट दे दी गई थी। इसके बाद 12 मिराज 200 फाइटर जेट्स एलओसी को पार कर पाकिस्तान में घुस गए। 26 फरवरी को रात में तीन बजे भारत ने देशवासियों से किया वादा पूरा किया दिया था। भारतीय वायु सेना के जांबाज फाइटर मिराज 2000 लेकर बालाकोट तक गए। खुफिया इनपुट के आधार पर जैश ए मोहम्मद के ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। इस हमले में तकरीबन 300 आतंकी मारे गए थे। एयरस्ट्राइक में कई हजार किलो बम बरसाए गए थे। इस प्लान को अंजाम देने की जिम्मेदारी पीएम मोदी ने एनएसए अजित डोभाल को दी थी।

अंतरिक्ष का सैन्यीकरण जरूरी

वायु सेना प्रमुख वी आर चौधरी ने कहा कि जैसे-जैसे देश तेजी से अंतरिक्ष-आधारित संसाधनों पर निर्भर हो रहे हैं, अंतरिक्ष का सैन्यीकरण और शस्त्रीकरण अपरिहार्य वास्तविकता बन गया है। उन्होंने कहा कि सैन्य अभियानों के लिए अंतरिक्ष एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के तौर पर उभरा है जहां निर्बाध संचार, मार्ग निर्देशन और निगरानी क्षमताएं आधुनिक सैन्य बलों की बने रहने की क्षमता को और बढ़ाएंगी।

- एयरफोर्स चीफ 'भविष्य के संघर्षों में एयरोस्पेस पावर' सेमिनार में हुए शामिल
- मानव इतिहास में आसमान को अक्सर आश्चर्य और अन्वेषण का क्षेत्र माना गया
- स्वीकार करने की जरूरत है कि भविष्य के युद्ध अलग तरीके से लड़े जाएंगे
- राजनीतिक इच्छाशक्ति से दुश्मन को भी दिखाई जा सकती है ताकत

खबर संक्षेप

पाकिस्तान में इंसाफ का भी घोंटा जा रहा गला

इस्लामाबाद। पड़ोसी देश पाकिस्तान में किस तरह इंसाफ का गला घोंटा जाता है। इसका खुलासा खुद वहां के जजों ने किया है। इस्लामाबाद हाई कोर्ट के 6 जजों ने चिट्ठी लिखकर आरोप लगाया है कि खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के लोग दबाव डालकर और धमकी देकर गलत फैसले लिखने को मजबूर करते हैं। इन जजों ने सुप्रीम ज्यूडिशियल काउंसिल से मामले में दखल देने की मांग की है।

दवा कंपनी के प्रेसीडेंट ने सिर झुकाकर मांगी माफी

टोक्यो। जापान में हेल्थ सप्लीमेंट के कारण 2 लोगों की मौत हुई और 106 से अधिक लोग बीमार हुए। ओसाका स्थित कोबायाशी के प्रोडक्ट के अलावा 40 से अधिक उत्पादों को पिछले हफ्ते से वापस ले लिया गया है। कोबायाशी कंपनी के अध्यक्ष अकीहिरो कोबायाशी और अन्य बड़े अधिकारियों ने सिर झुकाकर माफी मांगी, जैसा कि जापान में मानक है।

देश के सैन्य कमांडरों का वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सम्मेलन आज

रक्षा मंत्री करेंगे देश की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के साथ चुनौतियों का आंकलन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सैन्य कमांडरों का इस साल का पहला सम्मेलन 28 मार्च को हाइब्रिड यानी (वीडियो कांफ्रेंसिंग) मोड में शुरू होने जा रहा है, जबकि 1 और 2 अप्रैल को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में फिजिकल मोड में आयोजित होगा। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व को संबोधित करने के साथ ही सैन्य कमांडरों से बातचीत भी करेंगे। सम्मेलन में सैन्य कमांडर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वैचारिक मुद्दों पर विचार-मंथन करेंगे जिसमें देश की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के साथ अन्य चुनौतियों का भी आकलन किया जाएगा।

सम्मेलन में सैन्य कमांडर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वैचारिक मुद्दों पर विचार-मंथन करेंगे जिसमें देश की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के साथ अन्य चुनौतियों का भी आकलन किया जाएगा।

सम्मेलन में सैन्य कमांडर के साथ वैचारिक मुद्दों पर विचार-मंथन

1 और 2 अप्रैल को नई दिल्ली में फिजिकल मोड में आयोजन होगा

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 2 अप्रैल को सम्मेलन को करेंगे संबोधित

इसके बाद सीओएएस की अध्यक्षता में आर्मी ग्रुप इंश्योरेंस की निवेश सलाहकार समिति की बैठक होगी, जिसमें वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र के कई विशेषज्ञ भाग लेंगे। यह समिति सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की वित्तीय सुरक्षा के लिए विभिन्न कल्याणकारी उपायों और योजनाओं पर विचार-विमर्श करेगी। उन्होंने बताया कि 2 अप्रैल को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य भाषण देंगे। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी भी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसके अलावा रक्षा सचिव और रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।

थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे करेंगे सम्मेलन की अध्यक्षता

कर्नल सुधीर चमोली ने बताया कि यह सम्मेलन भारतीय सेना के शीर्ष नेतृत्व के लिए वैचारिक मुद्दों पर विचार-मंथन समीक्षा और समग्र सुरक्षा स्थिति का आकलन करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करेगा। हाइब्रिड मोड में 28 मार्च से शुरू होने वाले सम्मेलन की अध्यक्षता नई दिल्ली में थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे करेंगे, जिसमें सेना कमांडर अपने-अपने कमांड मुख्यालय से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए भाग लेंगे।

सेना का शीर्ष नेतृत्व करेगा गहन विचार

सम्मेलन में उभरते जियो-पॉलिटिक्स परिदृश्य और राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभावों पर विशेषज्ञों की बातचीत भी होगी। 1 अप्रैल को फिजिकल मोड में सम्मेलन के दौरान सेना का शीर्ष नेतृत्व गहन विचार-मंथन सत्र में शामिल होगा। इन सत्रों में भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयारी सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रमों पर फोकस किया जाएगा।

ढाई किलोमीटर लंबा ब्रिज धराशाई

जहाज के भारतीय क्रू की सूझबूझ के कायल हुए बाइडेन, की तारीफ

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के बाल्टीमोर में एक विशालकाय मालवाहक जहाज की टक्कर के बाद 2.5 किलोमीटर लंबा फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज ढह गया। हादसे के बाद पुल पर मौजूद वाहन और लोग नदी में गिर गए। अमेरिकी कोस्ट गार्ड के अधिकारियों ने रेस्क्यू अभियान में एक नागरिक को बचाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 6 लोग अभी भी लापता है।

चालक दल के सभी 22 सदस्य भारतीय थे। बाइडेन ने भारतीय क्रू की सूझबूझ की तारीफ की है। इसके पहले मैरीलैंड के गवर्नर ने उन्हें हीरो बताया था। चालक दल ने हादसे से पहले मैरीलैंड अधिकारियों को चेतावनी कॉल की थी, जिसके चलते टक्कर से ठीक पहले पुल पर ट्रैफिक रोक दिया गया था। अगर ऐसा न होता तो काफी जानें चली गईं होती।

क्रू की सूझबूझ से बची कई जानें

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि अब तक चल रही जांच से यह पुष्टि होती दिख रही है कि यह एक भयानक हादसा था। मैरीलैंड के गवर्नर वेस मूर ने पुष्टि की कि जहाज पर मौजूद चालक दल के सदस्यों ने पावर कट के बारे में आपात कॉल करके जानकारी दी थी, जिसकी पुल पर अतिरिक्त वाहनों को पहुंचने से रोका जा सका। गवर्नर ने कहा, ये लोग हीरो हैं।

शिप श्रीलंका जा रहा था

बता दें कि यह शिप श्रीलंका जा रहा था। हालांकि, अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि हादसे के समय पुल पर कितने लोग मौजूद थे। मैरीलैंड ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी के मुताबिक, हादसे के बाद ब्रिज पर सभी लेन की आवाजाही को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है और ट्रैफिक भी डायवर्ट कर दिया गया है। बता दें, घटना का जो वीडियो सामने आया है, उसने कई तरह के सवालों को हवा दे दी है। क्या शिप ने जानबूझकर ब्रिज को टक्कर मारी, आखिर क्या किसी साजिश के तहत ऐसा किया गया।

वैश्विक कंपनियों में भारतीयों का बढ़ रहा कद

आईआईटी के छात्र को माइक्रोसॉफ्ट विंडोज, सरफेस में बड़ी जिम्मेदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

माइक्रोसॉफ्ट ने आंतरिक रूप से विंडोज और सरफेस टीमों का एक बार फिर विलय कर दिया है। खास बात ये है कि दोनों टीमों का नेतृत्व करने के लिए आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्र पवन दावुलुरी को नियुक्त किया है। विंडोज सेंट्रल जो कि एक समाचार साइट है। बताया कि यह निर्णय एक संक्षिप्त अलगाव के बाद आया है, जिसके दौरान विंडोज कुछ समय के लिए माइक्रोसॉफ्ट के नए एआई संगठन के अंतर्गत आ गया था।

23 साल से माइक्रोसॉफ्ट से जुड़े पवन दावुलुरी

विंडोज और सरफेस टीमों का पुनर्मिलन राजेश झा की अध्यक्षता में माइक्रोसॉफ्ट के इंजीनियरिंग और डिवाइसेस संगठन के भीतर एक परिचित संरचना की वापसी का प्रतीक है। पवन दावुलुरी, जो पहले माइक्रोसॉफ्ट के हार्डवेयर प्रयासों की देखरेख करते थे, अब विंडोज इंजीनियरिंग की भी कमान संभालेंगे। बता दें कि पवन दावुलुरी 23 साल से माइक्रोसॉफ्ट में काम कर रहे हैं। उन्होंने मद्रास आईआईटी से पढ़ाई की है।

वैश्विक कंपनियों में भारतीय नेतृत्व का दबदबा

वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों में भारतीय नेतृत्व की भूमिका बढ़ रही है। इससे पहले मदुरै में जन्मे सुंदर पिचाई अल्फाबेट और गूगल के सीईओ हैं, वहीं माइक्रोसॉफ्ट का नेतृत्व पिछले एक दशक से हैदराबाद में जन्मे सत्या नडेला कर रहे हैं। इस सूची में आईबीएम के सीईओ अरविंद कृष्णा, पालो अल्टो नेटवर्क के निकेश अरोड़ा, यूट्यूब के नील मोहन और एडोब के शांतनु नारायण शामिल हैं।

भारत के लिए चिंताजनक स्थिति

चीन अब श्रीलंका में बनाने जा रहा रणनीतिक समुद्री हवाई अड्डा

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

भारत का कट्टर दुश्मन चीन अब श्रीलंका में रणनीतिक बंदरगाह बनाने जा रहा है। समुद्र में चीन की ओर से विकसित किए जाने वाले यह हवाईअड्डा भारत के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है। चीन की ओर से रणनीतिक हवाई अड्डा बनाए जाने की पुष्टि खुद श्रीलंका के प्रधानमंत्री दिनेश गुणावर्धने ने की है।

भारत की मदद को भूला श्रीलंका

बता दें कि श्रीलंका में वर्ष 2022 में आर्थिक हालत खस्ता होने के बाद महीनों के विरोध प्रदर्शन के कारण तत्कालीन राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को राष्ट्रपति भवन से बाहर होना पड़ा था। आइएमएफ से बेलआउट पैकेज दिलाने से लेकर विदेशी सहायता देने में भारत सबसे आगे रहा। भारत ने श्रीलंका की अब तक 4 से 5 बिलियन डॉलर तक की मदद की है, लेकिन वह अब चीन के गुण गा रहा है। चीन ने वादा किया था कि श्रीलंका की ऋण पुनर्गठन प्रक्रिया में सहायता करेगा।

राष्ट्रपति ने राजदूतों का परिचय-पत्र स्वीकारा

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में पांच देशों के राजदूतों से उनके परिचय-पत्र स्वीकार किए। ये राजदूत हैं- फिलीपींस के जोसेल फ्रांसस्किों इगनाशियों, उजबेकिस्तान के सरदौर रूस्तमबाऐव, बेलारूस के मिखैल कास्को, केन्या के उच्चायुक्त पीटर मैना, मुनयीरि और जॉर्जिया के राजदूत वाकतांग, जाओशविल्ली।

नई ग्लेबल लिस्ट में खुलासा: भारत दुनिया का तीसरा अरबपतियों का देश

अरबपतियों के मामले में मुंबई ने चीन के बीजिंग को पीछे छोड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत दुनिया का तीसरा ऐसा देश है जहां सबसे ज्यादा अरबपति रहते हैं। जी हां नई ग्लेबल लिस्ट में पता चला है कि एशिया के सबसे ज्यादा अरबपत लोग मुंबई में रहते हैं।

और इस शहर में भारत के सबसे धनी शख्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी का भी घर है। मुकेश अंबानी दुनिया के 10वें सबसे अमीर व्यक्ति भी बन गए हैं। हुरून ग्लोबल रिच लिस्ट 2024 के मुताबिक, फिलहाल दुनियाभर में 3,279 अरबपति हैं। पिछले साल (2023) की तुलना में 167 का इजाफा हुआ है।

चीन में दुनिया के सबसे ज्यादा (814) अरबपति बसते है जबकि यूनाइटेड स्टेट्स अरबपतियों (800) की संख्या के मामले में दूसरे नंबर पर है। जहां अमेरिका में 109 जबकि भारत में 84 अरबपति पिछले साल की तुलना में बढ़े हैं। वहीं चीन में अरबपतियों की संख्या 155 तक कम हो गई है।

भारत में इस साल करीब 100 नए अरबपति बने

सबसे ज्यादा अरबपतियों की संख्या वाले दुनिया में टॉप-10 शहर

एशिया के सबसे ज्यादा अरबपति लोग मुंबई में निवासरत

दुनियाभर में हैं 3,279 अरबपति

एलन मस्क फिर दुनिया के सबसे धनी व्यक्ति बने

बात करें अरबपतियों की तो एलन मस्क एक बार फिर दुनिया के सबसे धनी व्यक्ति बन गए हैं। इसकी वजह टेस्ला के स्टॉक्स में बढ़ोत्तरी रही। मार्क जुकरबर्ग और लैरी पेज भी इस साल टॉप-10 रईसों की लिस्ट में शामिल हुए हैं। म्यूजिशियन टेलर स्विफ्ट भी अरबपतियों के क्लब में आई हैं और उनकी नेट वर्थ 1.2 बिलियन डॉलर पहुंच गई है। ऐनुअल रिपोर्ट है जिसमें हर साल दुनियाभर के अरबपतियों को यूएस डॉलर के हिसाब से रैंक किया जाता है। इस रिपोर्ट को हुरुन रिसर्च इंस्टीट्यूट ने तैयार की है।

इकोनॉमी में रिकॉर्ड लेवल पर कॉन्फिडेंस बढ़ा

भारत के लिए साल काफी बढ़िया रहा और करीब 100 नए अरबपति बने। इकोनॉमी में रिकॉर्ड लेवल पर कॉन्फिडेंस बढ़ा। एशिया की बिलेनियर कैपिटल में मुंबई ने बीजिंग को पीछे छोड़ दिया और दुनिया का तीसरा सबसे ज्यादा अरबपतियों की संख्या वाला शहर बन गया। इसके अलावा भारत की राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली भी पहली बार सबसे ज्यादा अरबपतियों वाले टॉप-10 शहरों में शामिल हुई है।

अरबपति वाले टॉप-10 देश

चीन, यूनाइटेड स्टेट्स, भारत, यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, रूस, इटली, फ्रांस, ब्राजीलसबसे ज्यादा अरबपतियों की संख्या वाले टॉप-10 शहर - न्यू यॉर्क (यूएस), लंदन (यूके), मुंबई (भारत), बीजिंग (चीन), शंघाई (चीन), शेन्ज़ेन (चीन), हॉन्ग कॉन्ग (चीन), मॉस्को (रूस), नई दिल्ली (भारत), सैन फ्रांसिस्को (यूएस)।

भारत से गाय का गहरा नाता

ब्राजील में 40 करोड़ में बिकी भारतीय नस्ल की गाय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश के नेल्लोर की एक गाय ब्राजील में 40 करोड़ रुपए में बिकी है। इसका भारत से इसका गहरा नाता है। पशुओं की नीलामी की दुनिया में यह एक नया रिकार्ड है। ब्राजील में एक नीलामी के दौरान इस गाय की 4.8 मिलियन अमरीकी डॉलर की कीमत लगी, जो 40 करोड़ रुपए के बराबर है।

नेल्लोर जिले के नाम पर रखा नाम

इस गाय का नाम नेल्लोर जिले के नाम पर रखा गया है। ब्राजील में इस नस्ल की खूब डिमांड है। इस नस्ल को वैज्ञानिक रूप से बोस इंडिकस के नाम से जाना जाता है। यह भारत के ओंगोल मवेशियों की वंशज है, जो अपनी मजबूती के लिए जानी जाती है। यह पर्यावरण के हिसाब से खुद को ढाल लेती है। यह प्रजाति 1868 में जहाज से पहली बार ब्राजील भेजी गई थी। 1960 के दशक में कई और गायों को यहां ले जाया गया। बड़ी खासियत ये है कि ये काफी गर्म तापमान में भी रह सकती हैं।

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, गुरुवार 28 मार्च 2024

भारत की जीडीपी 6.5% के अनुमान को बढ़ाकर 6.8% किया



नई दिल्ली। एसएंडपी ग्लोबल के बाद, मॉर्गन स्टेनली ने भी वित्तीय वर्ष 2024-25 (एफवाय25) के लिए भारत के जीडीपी विकास पूर्वानुमान को संशोधित कर 6.8% प्रतिशत कर दिया है। यह कंपनी के पिछले पूर्वानुमान 6.5% से अधिक है।

तीन बेटियों को फंदे पर लटकाने के बाद महिला ने लगाई थी फांसी, ढाई साल की बच्ची के स्वास्थ्य में सुधार

पीएम रिपोर्ट मिली... मायके पक्ष के बयान दर्ज आरोपी पति पर होगी दहेज हत्या की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित गांव रोड़िया में तीन मासूम बच्चियों को फांसी के फंदे पर लटकाकर खुद फांसी लगाने वाली महिला और बच्चियों की पीएम रिपोर्ट मिल गई है।मामले की गंभीरता को देखते हुए देहात पुलिस ने पीएम रिपोर्ट तत्काल मांगी थी। चौबीस घंटे के भीतर पुलिस को पीएम रिपोर्ट मिल गई है। पीएम रिपोर्ट और मृतका के मायके पक्ष के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। अब पुलिस पति के खिलाफ दहेज हत्या का प्रकरण दर्ज करने जा रही है। एसडीओपी आनंद कदागदी ने हरिभूमि को बताया कि बुधवार देर रात या गुरुवार सुबह तक जांच पूरी होने की उम्मीद है।

गुरुवार सुबह तक जांच पूरी होने की उम्मीद

पुलिस पति के खिलाफ 304 बी आईपीसी के तहत मामला दर्ज करेगी

मनु की हालत में सुधार

संगीता के ससुराल पक्ष ने बताया कि संगीता ने तीनों बेटियों को कमरे में लगे पंखे से फंदे पर लटकाया और फिर खुद भी फांसी लगाई थी। नजर पड़ते ही वह सभी को फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए थे। वहां डॉक्टर ने संगीता समेत आराध्या और सृष्टि को मृत घोषित कर दिया। जबकि मनु के स्वास्थ्य में सुधार है।

छह साल पहले हुई थी संगीता की शादी

संगीता मूलतः रायसेन की रहने वाली थी। छह साल पहले वर्ष 2018 में उसकी शादी रोड़िया निवासी रजत यादव से हुई थी। रजत के पिता का टेंट हाउस का कारोबार है वह कपड़े की दुकान भी चलाता है। मृतका के भाई नीरज यादव का आरोप है कि शादी के दौरान रजत ने दहेज को लेकर कार मांगी थी, जिसके कारण तारीक बदलनी पड़ी थी। उसके बाद जब पहली बेटी हुई तो बहन को बेटे के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा था। ससुराल वाले तीन बेटियों को लेकर उसे प्रताड़ित कर रहे थे। पिछले दिनों उसकी छोटी बहन की शादी थी, उस वक्त भी रजत बहन लेकर वापस गांव लौट गया था। नीरज ने ससुराल पक्ष पर बहन को प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं।

घटना पर भावुक हुए शिवराज

बोले- बेटियों के बिना जीवन नहीं चल सकता

इधर, घटना को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हृदय व्यथित है! आखिर कोई बेटा-बेटी में भेदभाव कैसे कर सकता है। शिवराज ने बताया कि एक गांव में एक बहन को बेटा न होने की प्रताड़ना से परेशान हो कर अपनी तीन बेटियों के साथ जीवन देने का रास्ता चुनना पड़ा। बहन और दो बेटियों का निधन हो गया, तीसरी बिटिया की हालत गंभीर बनी है। इस घटना ने अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है। आखिर इतनी कोशिशों के बाद भी समाज में ऐसा क्यों हो जाता है, कुछ लोग क्यों नहीं समझते कि बेटियों के बिना जीवन नहीं चल सकता, बेटियों के बिना ये संसार सूना है।

inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

सीयूईटी यूजी पंजीयन की तारीख 31 मार्च तक बढ़ी

नई दिल्ली। कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट अंडर ग्रेजुएट यानी सीयूईटी यूजी 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन की लास्ट डेट 26 मार्च थी, जिसे बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया गया है। जो छात्र 26 मार्च तक अपना पंजीकरण नहीं कर सके थे वह 31 मार्च रात 9:50 तक इस प्रोसेस को पूरा कर सकते हैं। इच्छुक छात्रों को रजिस्ट्रेशन के लिए वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करना होगा।

दूसरे चरण के लिए अधिसूचना आज

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया गुरुवार 28 मार्च से शुरू होगी, जब भारत निर्वाचन आयोग इस चरण के लिए राजपत्र अधिसूचना जारी करेगा। पहले चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का बुधवार को आखिरी दिन था। बिहार में 28 मार्च तक दाखिल किए जाएंगे।

एमपी बोर्ड 10वीं, 12वीं के नतीजे अगले महीने

नई दिल्ली। बोर्ड परीक्षा परिणाम जारी होने का सिलसिला शुरू हो चुका है। हाल ही में बिहार बोर्ड की ओर से 12वीं के नतीजे जारी किए गए हैं। अब जल्द ही दसवीं के नतीजे घोषित किए जाएंगे। अब मप्र बोर्ड जल्द ही बोर्ड परीक्षाओं के नतीजों का ऐलान करेगा। मध्य प्रदेश बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन की ओर से नतीजो का ऐलान अगले महीने अप्रैल में जारी होने के आसार हैं।

सीएम व प्रदेश अध्यक्ष ने जबलपुर, छिंदवाड़ा और बालाघाट में पार्टी प्रत्याशियों का नामांकन दाखिल कराया

सीएम ने कहा नाथ तो सांसद 'बनते' रहे पर युवाओं को सांसद बनने का मौका नहीं मिला

◆ मुख्यमंत्री यादव रोड शो में हुए शामिल

सीएम यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा में जो आए, वहीं कुंडली मार कर ऐसे बैठ गए कि उठने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। उनमें अब तो कोई दम ही नहीं है, वैसे ही बे-दम हैं।

जो हवा में उड़ता है, जनता उसको हवा में उड़ाना भी जानती है

सीएम ने पूछा-आपने क्या दिया है छिंदवाड़ा मॉडल में ? हेलीकॉप्टर लेकर आए तो उसे अपने घर में ही उतारोगे। राजा-महाराजा 1947 में चले गए, ये नए राजा-महाराजा आ गए। जनता सब जानती है। जो हवा में उड़ता है, जनता उसको हवा में उड़ाना भी जानती है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छिंदवाड़ा पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा में सांसद तो बनते रहे, लेकिन कभी छिंदवाड़ा के युवाओं को सांसद बनने का मौका नहीं मिला। छिंदवाड़ा में जो आए, वहीं कुंडली मार कर ऐसे बैठ गए कि उठने का नाम ही नहीं ले रहे हैं।

उनमें अब तो कोई दम ही नहीं है, वैसे ही बे-दम हैं। मुख्यमंत्री ने कटाक्ष करते हुए कहा कि एक भाई साहब कह रहे थे कि छिंदवाड़ा कांग्रेस का गढ़ है(

जबलपुर में सीएम डॉ .यादव वीडी शर्मा के साथ रोड शो किया।

दीपक सक्सेना के निवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष

छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव व प्रदेश अध्यक्ष शर्मा, मंत्री विजयवर्गीय व प्रह्लाद पटेल, कविता पाटीदार समेत मप्र के लोकसभा चुनाव प्रभारी सिंह समेत अन्य वरिष्ठ नेता कांग्रेस से त्यागपत्र दे चुके पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना के निवास पर भी पहुंचे।

कहते हैं कि सलय नहीं मिला, 13 महीने थे, हम तो 3 महीने से ही हैं

डॉ. यादव इतने पर भी नहीं रूके। उन्होंने कहा कि ये कहते हैं, समय नहीं मिला। 13 महीने की सरकार उनकी थी और 3 महीने की सरकार हमारी है। 3 महीने की सरकार में हमने हेलीकॉप्टर की सर्विस ली तो उसे घूमने के लिए नहीं। हमने कहा, प्रदेश के अंदर किसी भी गरीब आदमी का बच्चा, मां, बूढ़ा, बुजुर्ग बीमार है। उस हॉस्पिटल में अच्छे इलाज का इंतजाम नहीं है तो उसके लिए कलेक्टर से संपर्क करके डॉक्टर के ध्यम से बड़े से बड़े अस्पताल में ले जाने के लिए एयर एंबुलेंस के लिए हेलीकॉप्टर हमने अपनी तरफ से की।

परिवारवाद की राजनीति करते रहे कमलनाथ, जनता करेगी समाप्तः शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद वीडी शर्मा ने जनसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय राजनीति से परिवारवाद को समाप्त करने का कार्य कर रहे हैं। छिंदवाड़ा से वर्षों तक कमलनाथ स्वयं सांसद रहे। भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद इस्तीफा देकर अपनी पत्नी को सांसद बनाया। इसके बाद अब बेटे को सांसद बना दिया।

छिंदवाड़ा में भावुकता के आधार पर बेवकूफ बनाने का खेल चल रहा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कमलनाथ पर हमलावर होते हुए कहा कि केंद्र में मंत्री रहे, प्रदेश में मुख्यमंत्री रहे, कौन सा पद आपको नहीं मिला, लेकिन आज भी छिंदवाड़ा में केवल भावुकता के आधार पर बेवकूफ बनाने का खेल चल रहा है। 40 साल बाद भी रोना पड़े तो डूब मरो। रो कर क्यों वोट मांग रहे हो। जो रोने वाला है, वह रोता ही रहेगा।

केजरीवाल की गिरफ्तारी

अमेरिका की टिप्पणी से भारत नाराज, राजदूत को किया तलब

विदेश मंत्रालय ने कहा-हम अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता की टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताते हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिका की टिप्पणी को लेकर भारत ने सख्त नाराजगी जताई है।भारत की ओर से कहा गया है कि यह एक आंतरिक मामला है और इसका सम्मान किया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने भारत में अमेरिकी कार्यवाहक मिशन उप प्रमुख ग्लोरिया बरबेना को समन भेजकर हाजिर होने के लिए कहा। वह मंत्रालय पहुंचीं और 40 मिनट तक वहां रहीं।

अमेरिका की ओर से क्या कहा गया था?

निष्पक्ष, पारदर्शी कानूनी प्रक्रिया की उम्मीद

अमेरिका की ओर से अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर कहा गया था कि वह सीएम की हालिया गिरफ्तारी की रिपोर्टों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और निष्पक्ष,पारदर्शी कानूनी प्रोसेस की उम्मीद करते हैं। कुछ ही दिन पहले जर्मनी ने भी दिल्ली के मुख्यमंत्री के लिए निष्पक्ष सुनवाई हो, ऐसी बात कही थी।

अरविंद केजरीवाल को दिल्ली हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

गिरफ्तारी के खिलाफ अब 3 अप्रैल को सुनवाई

इधर, शराब घोटाले मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली हाई कोर्ट से राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए 2 अप्रैल तक का समय दिया है। मामले में अगली सुनवाई अब 3 अप्रैल को होगी। केस की सुनवाई बुधवार सुबह शुरू हुई। अरविंद केजरीवाल को ईडी ने लगभग दो घंटे की पूछताछ के बाद 21 मार्च को उनके आधिकारिक आवास से गिरफ्तार किया था। दिल्ली शराब घोटाले में उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट ने 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया था। एजेंसी को 2 अप्रैल तक जवाब दाखिल करना होगा।

विधि आयोग के अध्यक्ष का इस्तीफा

न्यायमूर्ति अवस्थी ने लोकपाल के तीसरे सदस्य के रूप में ली शपथ

◆ लोकपाल के नवनियुक्त अध्यक्ष न्यायमूर्ति अजय माणिकराव खानविलकर हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विधि आयोग के अध्यक्ष, न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी ने अध्यक्ष पद से 17 महीने के कार्यकाल के बाद इस्तीफा दे दिया है।

बुधवार को उन्होंने लोकपाल के तीन न्यायिक सदस्यों में से एक सदस्य के रूप में शपथ ली। गौरतलब हो कि न्यायमूर्ति अवस्थी ने नवंबर 2022 में पांच सदस्यों के साथ भारत के विधि आयोग के अध्यक्ष पद के रूप में अपना कार्यकाल ग्रहण किया था।

होली पर महिला के साथ घटना

महिला को निर्वस्त्र कर गांव में घुमाने के मामले में चार महिलाएं गिरफ्तार

◆ सोशल मीडिया में वीडियो अपलोड करने वाले शख्स की भी तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

जिले के एक गांव में होली के दिन 30 वर्षीय एक युवती की कुछ महिलाओं ने जमकर पिटाई की थी। उसके बाद उसे निर्वस्त्र कर पूरे गांव में घुमाया था। अब इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने युवती को बिना कपड़ों के गांव में घुमाने और पिटाई के आरोप में चार महिलाओं को गिरफ्तार किया है। होली के दिन के इस वाकये का वीडियो भी बनाया गया था। साथ ही वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया।

रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद का निधन

पीएम मोदी ने जताया शोक

नई दिल्ली। रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद का मंगलवार रात निधन हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता समेत कई हस्तियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। वह 95 वर्ष के थे।

अमरूद बाग घोटालाः 130 करोड़ का गबन

आईएएस अफसर के घर पर ईडी की रेड खिड़की से बाहर फेंके घोटाले के कागज

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में एक आईएसएस अफसर के घर ईडी ने रेड डाली है। यहां पर चंडीगढ़ के सेक्टर 20 में ईडी की टीम पहुंची और जांच कर रही है। अमरूद बाग घोटाले से जुड़ा यह मामला है। चंडीगढ़ के सेक्टर 20 में आईएएस अफसर वरुण रूजम का घर है। बुधवार को ईडी की टीम इनके घर पहुंची तो डर के मारे घर के अंदर से खिड़की के जरिए बहुत से कागज फेंक दिए। बाद में घोटाले के कागजात फटे हुए मिले। इन कागजों में मोहाली के बकरपुर गांव का जिक्र है। पैसों के लेनदेन का भी जिक्र है। यह तमाम कागजात अमरूद के बाग के घोटाले से जुड़े हुए बताया जा रहे हैं। पंजाब के मोहाली में यह घोटाला हुआ है। अमरूद बाग घोटाला में 130 करोड़ रुपए का गबन किया गया है। आरोप है कि अधिक मुआवजे के लिए ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी ने अधिग्रहण वाली जमीन पर अधिक घनत्व में अमरूद के पेड़ लगाए थे, ताकि मुआवजा ऊंची दर पर मिल सके। मामले में विजिलेंस ब्यूरो की ओर से 106 से ज्यादा लोगों पर मामला दर्ज किया गया था।

पंजाब में 31 जगहों पर ईडी ने छापे मारे

गृह मंत्रालय के प्रस्ताव को केंद्र सरकार की कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने भी मंजूरी

आईपीएस सदानंद वसंत होंगे एनआईए के नए डीजी, पीयूष आनंद को बनाया गया एनडीआरएफ का नया महानिदेशक

आईपीएस राजीव कुमार शर्मा को पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो का महानिदेशक बनाया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गृह मंत्रालय ने आईपीएस सदानंद वसंत को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) का महानिदेशक नियुक्त किया है। आईपीएस पीयूष आनंद को एनडीआरएफ का नया डीजी और आईपीएस राजीव कुमार शर्मा को पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो का महानिदेशक बनाया गया है। गृह मंत्रालय के प्रस्ताव को केंद्र सरकार की कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने भी मंजूरी दे दी है।

एनआई के नए महानिदेशक बनने वाले सदानंद वसंत जाने जाते हैं सख्त फैसले लेने के लिए

31 दिसंबर 2026 तक महानिदेशक के पद रहेंगे वसंत

केंद्रीय गृह मंत्रालय के द्वारा जारी आदेश के मुताबिक आईपीएस सदानंद वसंत को 31 दिसंबर 2026 तक राष्ट्रीय जांच एजेंसी के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। सदानंद वसंत मौजूदा एनआईए महानिदेशक दिनकर गुप्ता की जगह लेंगे। बता दें कि दिनकर गुप्ता 31 मार्च 2024 को सेवानिवृत्त होंगे।

प्रशासनिक सेवा में पीयूष आनंद को 31 साल पूरे

इन तीन बड़ी नियुक्तियों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्र सरकार की नियुक्ति समिति को प्रस्ताव भेजा था। नियुक्ति समिति ने गृह मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है जिसके बाद इस फैसले को अंतिम मुहर भी लग गई है। एनआई के नए महानिदेशक बनने वाले सदानंद बसंत को कड़े फैसले लेने के लिए जाना जाता है। इससे पहले उन्हें 2015 में सीआरपीएफ का डीजी नियुक्त किया गया था।

चिंतन

भारत के आंतरिक मामले में नसीहत न दें यूएस-जर्मनी

भारत के आंतरिक मामले में किसी भी देश को न दखल देना चाहिए और न ही टीका-टिप्पणी करनी चाहिए। हाल में दिल्ली शराब नीति घोटाले में सीएम अरविंद केजरीवाल की ईडी की ओर से की गई गिरफ्तारी पर पहले जर्मनी व उसके बाद अमेरिका ने जिस तरह टिप्पणी की वह एक संप्रभु राष्ट्र के आंतरिक मामलों में दखल जैसा है। मौजूदा राजग सरकार की नीति भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो ऑलरेंस की रही है। भारतीय राजनीति में कदाचार आजादी के वक्त से रहा है, व्यक्तिगत व नीतिगत दोनों स्तर पर सरकारों में भ्रष्टाचार का अतीत रहा है। सत्ता पक्ष नीतिगत परिवर्तन कर चहेतों को फायदा पहुंचाता रहा है। करप्शन के मामले उजागर भी होते रहे हैं, लेकिन वर्तमान में सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिक कठोर है। चूंकि करप्शन के खिलाफ ईडी के एक्शन अधिकांश विपक्षी नेताओं के खिलाफ हैं, इसलिए ऐसा प्रतीत हो रहा है कि ईडी सरकार के इशारे पर सिलेक्टिव होकर काम कर रहा है, जबकि वास्तविता में ऐसा नहीं है। आजादी के बाद से राजनीतिक दलों के अधिकांश नेता 'कांग्रेस कल्चर' फलित-फूलित हैं, ऐसे में नीतिगत भ्रष्टाचार उनके लिए बड़ा मुद्दा नहीं लगता है, जबकि मौजूदा मोदी सरकार व्यक्तिगत और नीतिगत दोनों प्रकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ काम कर रही है, इसलिए जद में नेता व अफसर दोनों हैं। मोदी सरकार के कार्यकाल में सैकड़ों भ्रष्ट व सुस्त अफसरों की छुट्टी हुई है, भ्रष्टाचार के लूपहोल्स वाली तमाम स्कीमों का पोस्टमार्टम हुआ है, स्कीमस् को पारदर्शी बनाए गए हैं, भ्रष्टाचार कर भागने वालों पर कानून शिकंजा कसा गया है और अब वे नेता रडार पर हैं, जो व्यक्तिगत या नीतिगत भ्रष्टाचार के आरोपित हैं। भारत में भ्रष्टाचार के खिलाफ ईडी, सीबीआई आदि की कार्रवाई पर अमेरिका व जर्मनी जैसे राष्ट्र को सतही प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए। भ्रष्टाचार के खिलाफ एक्शन न ही राजनीति से प्रेरित है और न ही लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने के मकसद से है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और बड़ी बात है, जब जब सत्ता पक्ष की ओर से लोकतंत्र के खिलाफ कोई प्रयास हुआ है, तो जनता ने कड़ा प्रतिकार किया है। कांग्रेस के समय आपातकाल के दौरान ऐसा ही देखने को मिला था। भारत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी की टिप्पणी को लेकर अमेरिका की एक वरिष्ठ राजनयिक को तलब किया और कड़ा विरोध दर्ज कराया है। ऐसे ही जर्मनी के प्रति भारत कर चुका है। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह 28 मार्च तक एजेंसी की हिरासत में हैं। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति बनाने और लागू करने में कथित भ्रष्टाचार और धनशोधन से संबंधित है। इस नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। खुद अमेरिका ने इराक में क्या किया, अफगानिस्तान में क्या किया? जो बाइडन की सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ जांच की। अमेरिकी करतूतों के अनेक उदाहरण हैं, जो मानवाधिकार से लेकर लोकतंत्र तक के खिलाफ हैं। अमेरिका कश्मीर मामले में भी मध्यस्थ बनने की अनर्गल पेशकश कर चुका है, जिसे भारत ठुकरा चुका है। अमेरिका व जर्मनी भारत के आंतरिक मामले की चिंता न करें और किसी प्रकार की टीका टिप्पणी न करें, दोनों मुल्कों के साथ भारत के अच्छे संबंध हैं, ये बने रहें।

जाति गणना कांग्रेस परंपरा के विरुद्ध

राजनीति
प्रमोद भार्गव

कांग्रेस नेता राहुल गांधी जातिवार गणना कराने का बिगुल फूंकने में लगे हैं, वहीं कांग्रेस के नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने इस मुद्दे पर असहमति जताई है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर साफ किया है कि जातीय गिनती कराया जाना इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की विरासत का अनादर है। शर्मा ने जाति पर कांग्रेस के ऐतिहासिक रुख को इंगित करने के लिए इंदिरा गांधी के 1980 में लगाए नारे, 'न जात पर न पात पर मोहर लगेगी हाथ पर' को याद किया। उन्होंने यह भी बताया कि 1990 में प्रधानमंत्री रहते हुए राजीव गांधी ने जातिवाद के निर्मूलन को चुनावी मुद्दा बनाया था।

एक तरफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी जातिवार गणना कराने का बिगुल फूंकने में लगे हैं, वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने इस मुद्दे पर असहमति जताई है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर साफ किया है कि जातीय गिनती कराया जाना इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की विरासत का अनादर है। शर्मा ने जाति पर कांग्रेस के एतिहासिक रूख को इंगित करने के लिए इंदिरा गांधी के 1980 में लगाए नारे, 'न जात पर न पात पर मोहर लगेगी हाथ पर' को याद किया। उन्होंने यह भी बताया कि 1990 में प्रधानमंत्री रहते हुए राजीव गांधी ने जातिवाद के निर्मूलन को चुनावी मुद्दा बनाया था। अतएव इस परंपरा से पीछे हटना इंदिरा और राजीव की विरासत के अपमान के रूप में समझा जाएगा। परतंत्रता के दौरान फिरंगी हुकूमत ने पहली बार जातिवार गिनती कराई थी, लेकिन स्वतंत्र भारत में नेहरू जी जब प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने इसकी जरूरत को सिरे से नकार दिया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जोर-शोर से बिहार में केंद्र सरकार की इच्छा के विरुद्ध जातीय गणना कराई थी। तभी से राहुल गांधी समेत इंडिया गठबंधन ने इसे मुद्दा बनाकर पूरे देश में जातिवार गाणना कराने की मांग शुरू कर दी है। लेकिन अब उन्हीं नीतीश कुमार ने राजग गठबंधन में शामिल होकर इस मांग को हशिए पर डाल दिया है। कर्नाटक की पिछली कांग्रेस सरकार ने भी जातीय सर्वेक्षण कराया था, लेकिन उसके आंकड़े आज तक सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। यह गिनती इतनी जरूरी है तो राहुल इसी के आंकड़े क्यों उजागर करवा रहे? कर्नाटक में तो उन्हीं की कांग्रेस सरकार है।

यह तथ्य अपनी जगह ठीक हो सकता है कि जाति, शिक्षा और आर्थिक आधार पर एकत्रित आंकड़े जनकल्याणकारी योजनाओं को अमल करने में मदद करते हैं। इसलिए जातिगत आरक्षण का प्रतिशत भविष्य में बढ़ाया जा सकता है ? नीतियां बनाने में भी जातीय गिनती की रिपोर्ट को अमल में लाया जा सकता है। लेकिन आरक्षण को लेकर समाज में जो दुविधाएं और कुंठाएं पनप रही हैं, वहीं परिणति जाति आधारित गणना में भी देखने को मिल सकती है ? क्योंकि आरक्षण का आधार तो जाति आधारित गिनती ही है। देश के सभी राजनीतिक दल जातीय समीकरण के आधार पर ही चुनाव में टिकट बांटते हैं। सपा, बसपा, राजद, जदयू जाति आधारित और असदुद्धीन ओवैसी का दल एआईएमआईएम संप्रदाय आधारित हैं। इस लिहाज से यह कहना गलत नहीं लगता कि जातीय गिनती से समाज की संरचना दूषित होगी ? वर्तमान में अनुसूचित जातियों और जनजातियों की गिनती जातीय आधार पर ही होती है, फिर भी जातीय ताना-बाना अपनी जगह बदस्तूर है। नीतीश कुमार ने तो अति-पिछड़ी और अति-दलित जातियों के विभाजन के आधार पर ही जदयू का वजूद कायम किया हुआ है। भाजपा अब इसमें सेंघ लगा रही है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में पिछड़ों का ही वर्चस्व है। स्वयं मोदी इसी वर्ग से आते हैं। इसी वर्ग के एचडी देवगौड़ा भी प्रधानमंत्री रह चुके हैं।

नब्बे के दशक में वीपी सिंह के प्रधानमंत्री रहते हुए जब मंडल आयोग की सिफारिशें लागू की थीं, तब से जातीय गणना की मांग तीव्रता से उठती रही है। बिहार समेत

अन्य प्रांतों से यह मांग भिन्न विचारधारा वाले राजनीतिक दल उठाते रहे हैं। दरअसल मंडल के बाद मुलायम सिंह, लालू प्रसाद, शरद यादव और नीतीश कुमार ने इस राजनीति को धार दी। इसी का परिणाम निकला कि उत्तर-प्रदेश और बिहार में यह राजनीति कांग्रेस को बेदखल करके उत्कर्ष के चरम पर पहुंची। डॉ राममनोहर लोहिया की समाजवादी वैचारिकता से उदय हुई इस राजनीति का नारा है कि 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।' हालांकि इन्हीं मांगों के चलते 2011 की जनगणना के साथ अलग से एक प्रारूप पर सामाजिक, आर्थिक और जाति आधारित जनगणना की गई थी। किंतु मूल जनगणना के साथ की गई इस गिनती के आंकड़े न तो मनमोहन सिंह सरकार ने उजागार किए और न ही नरेंद्र मोदी सरकार ने?

इस तरह की गणना की मांग करने वाले नेताओं का कहना है कि इसके निष्कर्श से निकले आंकड़ों के आधार पर जिन जातियों की जितनी संख्या है, उस आधार पर कल्याणकारी योजनाओं के साथ सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ मिले? लेकिन यदि हमारे नीति-नियंताओं में जरा भी दूरदृष्टि है तो पहले, इस विषय पर एक राष्ट्रीय वर्ष्शा कराएं और फिर इससे निकले निष्कर्श पर अमल करें। दरअसल, जातिगत जनगणना एक ऐसा मुद्दा है, जिसमें सतह पर तो खूबियां दिखाई देती हैं, लेकिन अनेक डरावनी आशंकाएं भी इसके गर्भ में छिपी हैं। बहरहाल आनन-फानन में ऐसे गंभीर मुद्दे पर कोई आसान निर्णय भविष्य में कठिन साबित हो सकता है? हालांकि भारत में 1931 की जातिगत जनगणना के आधार पर यह अनुमान लगाया गया था कि पिछड़े वर्ग की आबादी 52 फीसदी है, जिसे इस गणना के पैरोकार 60 फीसदी तक मानते हैं। 2011 में जिलेवार जातियों का नमूने के आधार पर पिछड़ेपन का आकलन किया गया था, लेकिन इसके नतीजे विसंगतिपूर्ण देखने में आए। निष्कर्शतः कोई जाति एक जिले या एक प्रांत में पिछड़ी थी, तो वही जाति दूसरे प्रांत में समाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप में सक्षम व संपन्न थी। राजस्थान में मीणा समुदाय, जहां समर्थ है, वहीं मध्य-प्रदेश में पिछड़ा है। इस कारण मध्य-प्रदेश में यह जाति आरक्षण के दायरे में आती है। साफ है, जातिगत गणना के परिणामों को संख्याबल के आधार पर आरक्षण दिया जाता है तो समाज में विषमता के साथ कटुता भी उत्पन्न होगी।

जातिगत आरक्षण के संदर्भ में संविधान के अनुच्छेद 16 की जरूरतों को पूरा करने के लिए आरक्षण की व्यवस्था है। लेकिन आरक्षण किसी भी जाति के समग्र उत्थान का मूल कभी नहीं बन सकता ? क्योंकि आरक्षण के सामाजिक सरोकार केवल संसाधनों के बंटवारे और उपलब्ध अवसरों में भागीदारी से जुड़े हैं। इस आरक्षण की मांग शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार और अब ग्रामीण अकुशल बेरोजगारों के लिए सरकारी योजनाओं में हिस्सेदारी से जुड़ गई हैं। निजी क्षेत्र में भी आरक्षण देने की मांग की जा रही है। परंतु जब तक सरकार समावेशी आर्थिक नीतियों को अमल में लाकर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक नहीं पहुंचती, तब तक पिछड़ी या निम्न जाति अथवा आय के स्तर पर पिछले छोर पर बैठे व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार नहीं आ सकता।

एक समय आरक्षण का सामाजिक न्याय से वास्ता जरूर था, लेकिन सभी जाति के लोगों द्वारा शिक्षा हासिल कर लेने के बाद जिस तरह से देश में शिक्षित बेरोजगारों की फौज खड़ी हो गई है, उसका कारगर उपाय आरक्षण जैसे चुक गए औजार से संभव नहीं है? लिहाजा सत्तारूढ़ दल अब सामाजिक न्याय से जुड़े सवालों के समाधान रोजगार के नए अवसरों का सृजन कर निकालेंगे तो बेहतर होगा ? यदि वोट की राजनीति से परे अब तक दिए गए आरक्षण के लाभ का ईमानदारी से मूल्यांकन किया जाए तो साबित हो जाएगा कि यह लाभ जिन जातियों को मिला है, उनका समग्र तो क्या आआंशिक कायाकल्प भी नहीं हो पाया? कांग्रेस जाति गणना के विरोध में रही है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

कड़वे बोल
बाल मुकुन्द ओझा

ऊल-जलूल और विवादित बयानों से न बिगड़े फ़िज़ा

देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही मौसमी गर्मी के संग चुनाव प्रचार की गर्मी देश भर में प्रचंड रूप लेने जा रही है। इसी के साथ नेताओं के विवादित, अभद्र और शर्मसार करने वाले बयानों ने भाषा की मर्यादा को तार तार करके रख दिया है। नेता लोग अक्सर चर्चा में रहने के लिए ऊल-जलूल और समाज में कटुता फैलाने वाले बयान देते रहते हैं। चुनावों के दौरान गंदे बोलों से चुनावी बिसात बिछ जाती है। कांग्रेस की एक प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मंडी से भाजपा प्रत्याशी और अभिनेत्री कंगना रनौत पर बेहद विवादस्पद टिप्पणी कर आग में घी डालने का कार्य किया है। भ्रष्टाचार के आरोपों में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल इस समय ईडी की हिरासत में है। केजरीवाल की पार्टी आप के नेताओं ने इस गिरफ़्तारी से बौखलाकर प्रधानमंत्री पर जिस भाषा में आरोप प्रत्यारोपों की बौछारे शुरू की है वह निश्चय ही लोकतंत्र के लिए घातक है। तमिलनाडु के नेता लगातार अभद्र बयान दे रहे है। वहीं कांग्रेस के नेता यह कहने लगे है तानाशाह मोदी जीत गए तो यह आखिरी चुनाव होगा। मोदी के परिवार को लेकर पहले ही अभद्र टिप्पणियां मीडिया में सुर्खियां लिए हुए है।

कुछ सियासी नेताओं ने तो लगता है विवादित बयानों का ठेका ले रखा है। कई नेताओं पर विवादित बयानों पर मुक़दमे भी दर्ज हुए। कुछ को न्यायालय से सजा भी मिली। मगर इसका उनपर कोई फर्क नहीं पड़ा। विवादित बयानबाजी के कारण सुर्खियों में रहना नेताओं को शायद आनंद देने लगा है। देश के न्यूज चैनलों और सोशल मीडिया पर नफरत और घृणा के बादल मंडरा रहे हैं। नफरत और घृणा के इस महासागर में सभी सियासी पार्टियां डुबकी लगा रही है। न्यूज चैनलों पर विभिन्न सियासी दलों के प्रतिनिधि जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग करते हैं, उन्हें देखकर लगता नहीं है कि यह गाँधी, सुभाष, नेहरू, लोहिया और अटलजी का देश है। देश की सर्वोच्च अदालत कई बार इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर नियामकीय नियंत्रण की कमी पर अफसोस ज़ाहिर कर चुकी है । सुप्रीम कोर्ट ने नेताओं के भाषण और टीवी चैनलों को नफरती भाषण फैलाने का जिम्मेदार ठहराया है। सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच मामले में कई बार टेलीविजन चैनलों को जमकर फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि टेलीविजन चैनल समाज में विभाजन पैदा कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि टीवी चैनल ऐसे एजेंडे से संचालित होते हैं, जो विभाजन पैदा करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि टीवी चैनल सनसनीखेज न्यूजों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं और अपने धनदाताओं (मालिकों) के आदेश के अनुसार काम करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नफरत फैलाने वाली बातें एक 'बड़ा खतरा हैं और भारत में स्वतंत्र एवं संतुलित प्रेस की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि एंकरों और न्यूज़ चैनल के प्रबंधकों के खिलाफ कार्रवाई हो तो सब लाइन पर आ जाएंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि आजकल सब कुछ टीआरपी से संचालित होता है और चैनल एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं तथा समाज में विभाजन पैदा कर रहे हैं।

पिछले दो दशक से गंदे और विवादित बोल बोले जा रहे है। नेताओं के बयानों से गाहे बगाहे राजनीति की मर्यादाएं भंग होती रहती है। अमर्यादित बयानों की जैसे झड़ी लग जाती है। राजनीति में बयानबाजी का स्तर इस तरह नीचे गिरता जा रहा है उसे देखकर लगता है हमारा लोकतंत्र तार तार हो रहा है। जिस तरह से एक के बाद एक नेता विवादित बयान दे रहे हैं, उसकी वजह से चुनावी माहौल में सरगर्मी बढ़ गई है। विवादित बयान देने में कांग्रेस और भाजपा सहित कोई भी नेता पीछे नहीं है। कहते हैं राजनीति के हमाम में सब बयानवीर हैं। यहाँ तक तो ठीक है मगर बयानों का नंगापन हमाम से निकलकर बाजार में आ जाये तो फिर भगवान ही मालिक है। सियासत में विवादास्पद बयान को नेता भले अपने पॉपुलर होने का जरिया मानें, लेकिन ऐसे बयान राजनीति की स्वस्थ परंपरा के लिए ठीक नहीं होते। हमारे नेता आजकल अक्सर ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे हमारा सिर शर्म से झुक जाता है। देश के नामी-गिरामी नेता और मंत्री भी मौके-बेमौके कुछ न कुछ ऐसा बोल ही देते हैं, जिसे सुनकर कान बंद करने का जी करता है। ऐसे में केंद्रीय चुनाव आयोग को चाहिए कि बदरंग बयान देकर सामाजिक व सांस्कृतिक फिजा बिगाड़ने वाले बयानवीर नेताओं के खिलाफ कठोर एक्यान लें। वुनाव आयोग ने अपनी गाइडलाइन में नेताओं को नफरती बयानों से बचने की हिदायत दी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

गलत सोच का चश्मा जल्दी उतार देना चाहिए



संकलित
दर्शन

जब सोच निषेधात्मक या गलत होती है, तब वह सुख को भी दुख में परिवर्तित कर देती है। गलत सोच का चश्मा जितनी जल्दी हो, उतार देना चाहिए। बुरे विचार जितना दूसरों का नुकसान करते हैं, उतना ही स्वयं का भी करते हैं। कारण अपनी ही सुरक्षा को लेकर डरा दिमाग ढंग से नहीं सोच पाता। हम स्वार्थी हो जाते हैं, केवल अपने बारे में ही सोचते हैं। कहा गया है कि आपके विचार वहां तक ले जाते हैं, जहां आप जाना चाहते हैं। पर कमजोर विचारों में दूर तक ले जाने की ताकत नहीं होती। हम जो हैं वह सब विचारों का फल है। जो हम सोचते हैं, वही बन जाते हैं। मनुष्य अपने कार्यों से दूसरों को नुकसान पहुंचाता है और अपने विचारों से स्वयं को। गलत सोच एवं अनैतिक कार्यों में लिप्त लोगों को धनवान और प्रतिष्ठित होते देख आदमी में नकारात्मक चिंतन जागता है। अपनी ईमानदारी उसे मूर्खतापूर्ण लगती है। वह पुनर्चिंतन करता है-क्या मिला मुझे आदर्शों पर चलकर? यह नकारात्मक चिंतन उसे भी गलत सोच के दलदल में उतार देता है। समाज में भ्रष्ट और बेईमान लोगों की उत्पत्ति इसी तरह के गलत विचारों के संक्रमण से हुई। इस तरह का गलत सोच हमारी दुनिया को छोटा कर देता है। भीतर और बाहरी दोनों ही दुनिया सिमट जाती हैं। तब हमारी छोटी-सी सफलता अहंकार बढ़ाने लगती है। थोड़ा-सा दुख अवसाद का कारण बन जाता है। कुल मिलाकर सोच ही गड़बड़ हो जाता है। अपने ही बोले हुए को सुनते रहना ज्यादा सीखने नहीं देता। हमारा चिंतन गुणों की ओर केंद्रित रहना चाहिए।

सेवा का समर्पण भाव

संकलित
प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती।

तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। बिना सोचे समझे पहले ही किसी पर अपनी नाराजगी जाहिर करना ठीक नहीं।

सटाका

आज की पाती

लोकतंत्र की रक्षा का सुंदर प्रयास

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने एक शानदार निर्देश देते हुए देश के सभी राजनीतिक दलों को यह आदेश दिया है कि जिस प्रत्याशी को भी वह संसद के लिए अपना उम्मीदवार बना रहे हैं उसका सारा आपराधिक रिकार्ड, अगर वह अपराधी है, तो चुनाव आयोग को भेजा जाए और साथ ही यह सारी जानकारी सोशल मीडिया तथा समाचार पत्रों के माध्यम से जनता को दी जाए। यह भी कहा गया है कि यह कारण बताया जाए कि आखिर आपराधिक छवि वाले को टिकट क्यों दिया गया। इस आदेश को लागू करने की सारी जिम्मेवारी चुनाव आयोग को सौंपी गई है और यह भी कहा गया है कि इस आदेश का अगर पालन नहीं किया गया तो राजनीतिक पार्टियों पर सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन का केस बनाया जाएगा।

- मोहन वर्मा, रायगढ़

ट्रेंड

गरबा की वैश्विक लोकप्रियता

गरबा जीवन, संस्कृति और भक्ति का उत्सव है। यह लोगों को एक साथ लाता भी है। यह जानकर खुशी होती है कि गरबा की वैश्विक लोकप्रियता बढ़ रही है! कुछ समय पहले, गरबा को यूनेस्को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में जगह मिली।

-नरेन्द्र मोदी, पीएम

विनम्र श्रद्धांजलि

रामकृष्ण मिशन के पूज्य अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद जी महाराज का निधन अत्यंत दु:खद और आध्यात्मिक जगत की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उनके अनुयायियों और परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी

रोजगार नहीं दे सकती भाजपा

देश का हर युवा समझ चुका है कि भाजपा रोजगार नहीं दे सकती। भारत के कुल कार्यबल में जितने बेरोजगार हैं, उनमें 83 प्रतिशत युवा हैं। कुल बेरोजगारों में शिक्षित युवाओं की हिस्सेदारी 2000 में 35.2 प्रतिशत थी। 2022 में यह 65.7 प्रतिशत है।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस नेता

सभी दलों में परिवारवाद

वंशवादी राजनीति भारत की संस्कृति का हिस्सा है। यह पश्चिम की तुलना में भारत में सामान्य बात है कि एक पिता अपने बेटे से अपने पेशे का अनुसरण करने की अपेक्षा करता है और यह ऐसे ही चलता रहता है। सभी दलों में किसी न किसी स्तर का परिवारवाद, वंशवाद है, भाजपा में भी।

-शशि थरूर, कांग्रेस सांसद

करंट अफेयर

पेंटागन का इजराइल से लोगों की रक्षा का आग्रह

अमेरिका के रक्षा क्षेत्र के अधिकारियों ने इज़राइल के अपने समकक्षों से मंगलवार कोकहा कि दक्षिणी शहर रफह में कोई भी सैन्य अभियान आम नागरिकों की सुरक्षा और सहायता वितरण को ध्यान में रखते हुए चरणबद्ध तरीके से किया जाए। अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इज़राइल के रक्षा मंत्री ने इस बात को सुना लेकिन यह साफ नहीं है कि इस बैठक का गाज़ा के लिए इज़राइल की योजना और दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव पर क्या असर पड़ेगा।

अमेरिकी नेता रफह में ज़मीनी हमले के खिलाफ लगातार चेता रहे हैं और वैकल्पिक और सटीक लक्ष्य साधकर अभियान चलाने पर जोर दे रहे हैं। वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने पेंटागन में हुई 90 मिनट की बैठक को बहुत ही सार्थक और विचारपूर्ण बताया, लेकिन जब उनसे पूछा गया कि क्या रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने गाज़ा में मानवीय स्थिति में सुधार की शर्त पर इज़राइल को भविष्य में अमेरिकी सैन्य सहायता देने की बात कही है तो उन्होंने इस पर आपत्ति जताई। अधिकारी के मुताबिक, ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका सशस्त्र संघर्ष और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के अनुसार इज़राइल के अपनी रक्षा के अधिकार का समर्थन करना जारी रखेगा।

ऑफ बीट

वॉर्म मून क्या है, यह वसंत की शुरूआत का प्रतीक है

उत्तरी गोलार्ध में सर्दियों की अंतिम पूर्णिमा का चंद्रमा जिसे वॉर्म मून कहा जाता है 25 मार्च को दिखाई दिया। इसका नाम मूल अमेरिकियों के कारण पड़ा, जो जाती सर्दियों में मिट्टी पर केंचुओं के रेंगने से बने निशान से सर्दियों के अंत का जश्न मनाते थे। पूर्णिमा के सामान्य नाम आमतौर पर मौसमी जानवरों, रंगों या फसलों से आते हैं: वुल्फ मून, पिंक मून, हार्वेस्ट मून। लेकिन वॉर्म मून अपना महत्व खो रहा है, क्योंकि जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया के अधिकांश हिस्सों में गर्मियां बढ़ रही हैं और सर्दियां कम हो रही हैं। मैं तीन दशकों से अधिक समय से केंचुआ वैज्ञानिक रहा हूं, और हाल ही में, मैं उन महीनों में सतह पर कीड़ों के लक्षण देख रहा हूं जब वे निष्क्रिय हुआ करते थे। यह पता लगाने के लिए कि वॉर्म मून कैसे बदल रहा है, हम एक विशेष केंचुए की प्रजाति (लुम्ब्रिकस टेरेस्ट्रिस, उर्फ द ड्यू वॉर्म , नाइटक्रॉलर या लोब वॉर्म) को देख सकते हैं, जिसे ट्रैक करना असामान्य रूप से आसान है। कभी-कभी इसे सामान्य केंचुआ भी कहा जाता है, यदि आपको बगीचे में कोई बड़ा वॉर्म दिखाई देता है, तो संभावना है कि यह इसी प्रजाति का वॉर्म है। अधिकांश वॉर्म अपना अधिकांश जीवन भूमिगत बिताते हैं, लेकिन ओस का वॉर्म अपनी गहरी बिल को लगभग पूरी तरह से छोड़ देता है, अपने निशान अंदर छोड़ देता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

कांग्रेस हारी लड़ाई लड़ रही है: डॉ. मोहन यादव

भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे ने पर्चा दाखिल किया

जबलपुर। जबलपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे ने अपना नामांकन बुधवार को दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित भारतीय जनता पार्टी नगर और ग्रामीण का अर्श से फर्श तक का अमला मौजूद रहा। नामांकन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पूरे देश में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त माहौल है। देशवासी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ कदम से कदम मिला के चलना चाह रहे हैं। मध्यप्रदेश भी इन्हीं कदमों के साथ कदम ताल कर रहा है। इससे उलट कांग्रेस हारी हुई लड़ाई लड़ रही है। कलेक्ट्रेट परिसर में उन्होंने मीडिया से कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री श्री मोदी की मंशानुसार अब की बार चार सौ पार की रणनीति पर चल रही है। प्रदेश की सभी 29 सीटों पर हम जीतने जा रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे ने कहा जबलपुर की जनता मोदी जी के साथ है, भाजपा के साथ है, विकास के साथ है। इस बार जबलपुर में भाजपा ऐतिहासिक मतों से जीत दर्ज करेगी।

गोलबाजार से रैली

भाजपा की नामांकन रैली स्थानीय गोलबाजार से शुरू हुई और कलेक्ट्रेट पहुंची। करीब 2 किलोमीटर के मार्ग में जगह जगह रैली का स्वागत किया गया। कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर दीपक सक्सेना के सामने आशीष दुबे ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन रैली के दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, विधायक आशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, अजय विश्नोई, इंदू तिवारी, नीरज सिंह लोधी, संतोष बरकड़े, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज सहित भाजपा पार्षद, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश यादव ने रैली के साथ नामांकन दाखिल किया

भाजपा हार रही है इसलिए तानाशाही के तरीके अपना रही : विवेक तन्खा

जबलपुर। कांग्रेस ने नामांकन रैली के माध्यम से अपना दम दिखाया। कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश यादव ने बुधवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनकी नामांकन रैली पुराने केसरवासी कालेज गढ़ा फाटक से शुरु हुई। नामांकन रैली को संबोधित करते हुये सांसद विवेक तन्खा ने कहा, भाजपा जान रही है कि वो हार रही है, इसी लिये तानाशाही तरीके अपना रही है। कांग्रेस के खाते सीज कर रही है, विपक्ष के मुख्यमंत्री को जेल भेज रही है, देश के पूंजीपतियों से वसूली कर रही है। जबलपुर में भी कांग्रेस जीतेगी और देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। लोकसभा प्रत्याशी दिनेश यादव ने कहा, मुझे अपनी 40 वर्षों की मेहनत और संस्कारधानी की जनता पर भूरा भरोसा है। जबलपुर की जनता मुझे आशीर्वाद देगी। यह सिर्फ चुनाव नहीं है प्रजातंत्र बचाने की लड़ाई है। पूरा जबलपुर इस बार एकजुट होकर संविधान बचाने के लिये वोट करेगा। उन्होंने कहा संसाधनों का दुरुपयोग करके यह भ्रम बनाया गया है कि भाजपा हार नहीं सकती, भाजपा ही जीत रही है। जबकि जमीनी हकीकत यह है जनता भाजपा से तंग आ चुकी है।

गढ़ा फाटक से शुरु हुई रैली

कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश यादव की नामांकन रैली पुराने केसरवानी मेडिकल कालेज गढ़ा फाटक से शुरु हुई, जो गढ़ाफाटक मेन रोड, चरहाई, बड़ा फुहारा, अंधेरदेव, तुलाराम चौक, घंटाघर होते हुए कलेक्ट्रट पहुंची, जहां जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना के समक्ष अपना नामांकन पत्र जमा किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, विधायक लखन घनघोरिया, नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा, पूर्व मंत्री तरुण भनोत, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, संजय यादव, हाजी कदीर सोनी सहित हजारों की संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

बकाया संपत्ति कर की राशि 1 अप्रैल से होगी दोगुना

जबलपुर। 1 अप्रैल से संपत्ति कर की राशि दो गुना हो जायेगी जिसमें आने वाली लोक अदालत में भी राहत नहीं मिलेगी। यही नहीं 31 मार्च के बाद 1 अप्रैल से नगर के सभी 79 वार्डों में कुर्की की कार्रवाई होगी। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने यह बात कही। वे लगातार वसूली अभियान की समीक्षा कर रहीं हैं। इस संबंध में उपायुक्त श्री सनखेरे ने बताया कि मंगलवार को 3400 करदाताओं ने 1 करोड़ 44 लाख रूपये की राशि निगम खजाने में जमा की है। उन्होंने बताया कि टैक्स जमा करने करदाताओं के पास अब मात्र 5 दिन शेष हैं। 1 अप्रैल के पूर्व जिन करदाताओं द्वारा नई सम्पत्ति प्लाट, मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स एवं अन्य सम्पत्ति खरीदी है उसे स्वकर विवरणी भरकर रजिस्ट्री आधार कार्ड एवं मोबाईल नम्बर के आधार पर टैक्स में दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल से राशि दो गुना हो जायेगी जिसमें आने वाली लोक अदालत में भी राहत नहीं मिलेगी। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने कहा है कि 31 मार्च के बाद 1 अप्रैल से समस्त 79 वार्डों में एक साथ कुर्की की कार्यवाही की जाएगी जिसकी जबाबदारी स्वयं करदाताओं की होगी। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने करदाताओं से अपील की है कि 31 मार्च के पूर्व अपनी करों की राशि जमा कर नगर निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचें तथा निगम विकास में सहयोग प्रदान करें।

35 लाख की नकदी सहित 1.94 करोड़ की सामग्री जब्त

जबलपुर। लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद से जिले में बड़ी मात्रा में नकदी, निषिद्ध वस्तुओं एवं बहुमूल्य धातुओं के परिवहन पर रोक लगाने जिला निर्वाचन कार्यालय के एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल, पुलिस, आबकारी, आयकर एवं अन्य एनफोर्समेण्ट एजेंसियों द्वारा की जा रही कार्यवाही के तहत अभी तक 1 करोड़ 94 लाख 60 हजार रुपये की सामग्री जब्त की गई है। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार जब्त की गई सामग्री में 35 लाख रुपये की नकदी तथा 10 लाख 18 हजार रुपये कीमत की मदिरा, 4 लाख 80 हजार रुपये कीमत का ड्रग्स (गांजा) एवं 1 करोड़ 44 लाख 60 हजार रुपये की उपहार एवं अन्य वितरण सामग्री शामिल है।

धूल-धूल हो गया शहर, बढ़ रहे दमा रोगी

दो दिन से शहर में नहीं लगी झाड़ू

जबलपुर।

जिस तरह दीवाली में 125 डेसी बल से ज्यादा ध्वनी वाले पटाखों के निर्माण और उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया उसी तरह होली में धूल और मिट्टी उड़ाने पर प्रतिबंध लगाना आवश्यक हो गया है। एक तो वैसे ही जहां-तहां चल रहे निर्माण कार्यों के कारण रोज हो रही खुदाई से महीनों से धूल की होली हो रही है। होली में लाल-पीली मिट्टी का जमकर उपयोग किया गया। शहर की हर गली, सड़क में धूल-मिट्टी, धूल-मिट्टी पड़ी हैं। सरपट दौड़तें वाहनों की रफ्तार से उड़ रही धूल लोगों को रोगी बना रही हैं। सड़कों पर उड़ने वाली धूल ने वैसे ही वायु प्रदूषण बढ़ा दिया है और होली में यह वायु प्रदूषण बढ़कर चौगुना हो गया। होली पर लाल, पीली गेरू-मिट्टी सस्ते दामों पर बिकने के कारण

ज्यादा इस्तेमाल हो रही है। पिछले दो दिनों में शहर धूल-धूल हो गया, दो दिनों से सड़कों पर झाड़ू नहीं लगने से हालात और ज्यादा खराब हो गये। जिस गली जिस सड़क से निकल जाओ धूल के गुब्बार इस कदर उड़ रहे हैं कि सड़क पर पैदल और दोपहिया वाहन पर चलना दुश्वार हो गया है। संस्कारधानी पूरी तरह से धूलधानी हो गई है। धूल फांककर लोग घर पहुंच रहे हैं। दमा रोगियों की मुसीबत बढ़ गई है, धूल की एलर्जी से लोगों को सर्दी, खांसी और जुकाम हो रहा है। किसी को कन्जेक्टिव आईटिस तो किसी को श्वांस फूलने का रोग हो रहा है। दमा रोगियों के तो खांस-खांसकर हाल बुरे हैं, मुख्य मार्गों पर रहने वाले लोगों के घरों में चौपहिया वाहनें के निकलने से धूल उड़कर घरों में घुस रही है। लोग घरों में भी सुरक्षित नहीं हैं। दुकानदारों ने दुकानों में प्लास्टिक के पर्दे लगा रखे हैं। अब आवश्यकता इस बात की है कि नगर निगम सड़कों पर झाड़ू लगवाकर कर सड़की की धुलवाई करवाये, इसके अलावा कोई चारा नहीं है। जब तक सड़कों की धुलाई नहीं होगी तब तक सड़ाकों की धूल खत्म नहीं होगी। वहीं सीवर लाईन, फ्लाई ओवर और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत चल रहे कामों की खुदाई से क्षतिग्रस्त सड़कों का निर्माण भी आवश्यक हो गया है। यहां जब तक सड़कों का पुनर्निर्माण नहीं होगा तब तक धूल खतम नहीं होगी। शहर की इस गंभीर समस्या पर जनप्रतिनिधि पूरी तरह से मौन हैं। पक्ष-विपक्ष नेता भी चुप्पी साधे बैठे हैं।

मतदान कर्मियों का पहले चरण का प्रशिक्षण आज से

जबलपुर। लोकसभा चुनाव की तैयारियों के तहत मतदान दल में शामिल अधिकारियों-कर्मचारियों को पहले चरण का प्रशिक्षण आज 28 मार्च से 1 अप्रैल तक पीएसएम कॉलेज और मॉडल स्कूल में दिया जायेगा । प्रशिक्षण पाँचो दिन तीन-तीन सत्र में सुबह 8 से 10.30 बजे तक, सुबह 11.30 से दोपहर 2 बजे तक तथा दोपहर 3 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित किया जायेगा। पहले चरण में लगभग 14 हजार मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण प्रभारी उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास रवि आम्रवंशी के अनुसार पहले चरण के प्रशिक्षण के दौरान मतदान कर्मियों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं व्हीव्हीपेट मशीन की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग भी दी जायेगी । मतदान कर्मियों को पीएसएम कॉलेज के 10 तथा मॉडल स्कूल के 16 कक्षों में प्रशिक्षण दिया जायेगा । प्रत्येक कक्ष में 40-40 मतदान कार्मिकों को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान की प्रक्रिया की बारीकियां बताई जायेंगी तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया जायेगा । मतदान कार्मिकों को ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग देने प्रत्येक कक्ष में तीन-तीन ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनें भी रखी जायेगीं । इनके अलावा पीएसएम कॉलेज के दो हॉल में 20-20 और मॉडल स्कूल के एक हॉल में एक साथ 50 ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनें हैंड्स ऑन ट्रेनिंग के लिये रखी जायेंगी।

आवेदन भी भरवाये जायेंगे

प्रशिक्षण प्रभारी आम्रवंशी ने बताया कि पहले चरण के प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक मतदान कर्मी से निर्वाचन कर्त्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) जारी करने निर्धारित प्रारूप में आवेदन भी भरवाये जाएंगे । उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के पहले चरण में भरे हुये आवेदन प्राप्त करने के बाद सात अप्रैल से प्रारम्भ होने वाले दूसरे चरण के प्रशिक्षण में मतदान कर्मियों को निर्वाचन कर्त्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) जारी किये जायेंगे ताकि वे इनके माध्यम से मतदान के दिन ड्यूटी वाले मतदान केंद्र पर ही अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकें।

अनुपस्थित रहने पर होगी कार्यवाही

उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास ने बताया कि प्रशिक्षण में मतदान दलों में शामिल सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से मौजूद रहने के निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना द्वारा दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि मतदान कर्मियों को तय समय के पूर्व प्रशिक्षण के निर्धारित स्थल पर उपस्थित होना होगा। उनकी उपस्थिति दर्ज करने अलग से अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण स्थल पर तैनात किया जा रहा है। प्रशिक्षण से अनुपस्थिति को निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति गम्भीर चूक और लापरवाही माना जायेगा तथा ऐसे अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम एवं मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

अभ्यर्थी को प्रारूप-5 में देना होगा नाम वापसी का नोटिस

जबलपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक यदि कोई अभ्यर्थी अपनी उम्मीदवारी से नाम वापस लेना चाहता है तो इसके लिए उसे प्रारूप-5 में हस्ताक्षरित नोटिस रिटर्निंग अधिकारी को देना होगा। अभ्यर्थी ?द्वारा यह नोटिस उम्मीदवारी की वापसी के लिए नियत अंतिम तारीख को दोपहर 3 बजे तक हर हाल में रिटर्निंग अधिकारी को सौंपना होगा। इस समय-सीमा के बाद नाम वापसी के प्राप्त नोटिस को रिटर्निंग अधिकारी ?द्वारा मान्य नहीं किया जायेगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार अभ्यर्थी से नाम वापस लेने का नोटिस स्वयं अभ्यर्थी के या उनके प्रस्तावकों में से कोई एक प्रस्तावक अथवा उसके निर्वाचन अभिकर्त्ता ?द्वारा रिटर्निंग अधिकारी को सौंपा जाना बाहिए। यदि अभ्यर्थी स्वयं नाम वापसी का नोटिस देने रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष नहीं उपस्थित हो सकता है तो ऐसी सूरत में उसे अपने निर्वाचन अभिकच्ता या प्रस्तावक को नाम वापसी का नोटिस सौंपने के लिए लिखित में अधिकृत करना होगा।निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि उम्मीदवारी से नाम वापस लेने का नोटिस नामांकन पत्रों की संवीक्षा का काम पूरा होने के बाद उसी दिन या उसके अगले दिन भी रिटर्निंग अधिकारी को दिया जा सकता है। लेकिन एक बार नाम वापसी का नोटिस रिटर्निंग अधिकारी को सौंप दिये जाने के बाद उसे किसी भी सूरत में वापस भी नहीं लिया जा सकेगा।उम्मीदवारी से नाम वापस लेने की समय-सीमा के बाद रिटर्निंग अधिकारी नाम वापसी के प्राप्त नोटिसों को प्रारूप-6 में अपने कक्ष के बाहर नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करेगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक नाम वापसी की समय-सीमा समाप्त होने के बाद रिटर्निंग अधिकारी प्रारूप-7 ए में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची तैयार करेगा और उन्हें प्रतीक चिन्ह का आबंटन करेगा तथा पहचान पत्र जारी करेगा।

हाई कोर्ट ने बरती सख्ती तो दे दी नियुक्ति

प्रयोगशाला सहायक के रूप में देंगे सेवा

जबलपुर। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने व्यावसायिक शिक्षा केंद्र अंतर्गत अंशकालीन सेवा दे चुके आठ याचिकाकर्ताओं के हक में राहतकारी आदेश पारित किया। इसके अंतर्गत उन्हें राज्य शासन के 1998 के परिपत्र की रोशनी में प्रयोगशाला सहायक के पद पर नियुक्ति प्रदान करने के निर्देश दिए गए। जब निर्धारित अवधि निकलने के बावजूद आदेश का पालन सुनिश्चित नहीं हुआ तो अवमानना याचिका दायर हुई। जिस पर सुनवाई करते हुये कोर्ट ने तीन माह में नियुक्ति न देने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दे दी। जिसका यह असर हुआ कि बाकायदे आदेश निकालकर बालाघाट निवासी अरविंद सोनवाने सहित आठ याचिकाकर्ताओं के लिए प्रयोगशाला सहायक के पद सृजित कर नियुक्ति दे दी गई। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सुधा गौतम ने पक्ष रखा। उन्होंने अवगत कराया कि याचिकाकर्ता व्यावसायिक शिक्षा केंद्र अंतर्गत अंशकालीन सेवा दे चुके हैं। केंद्र को बंद किए जाने के साथ ही सभी की नौकरी चली गई। लिहाजा, बेरोजगार किए जाने के विरुद्ध मप्र राज्य प्रशासनिक अधिकरण के समक्ष याचिका दायर कर दी गई। मप्र राज्य प्रशासनिक अधिकरण बंद होने के बाद उनका मामला हाई कोर्ट स्थानांतरित हो गया। राज्य शासन ने 1998 में परिपत्र निकालकर व्यवस्था दी कि व्यावसायिक शिक्षा केंद्र अंतर्गत अंशकालीन सेवा दे चुके बेरोजगारों को प्रयोगशाला सहायक के पद पर नियुक्ति दी जाएगी। लेकिन याचिकाकर्ताओं को सात जुलाइ, 2007 की नई नीति का हवाला देकर वंचित रखा गया। जिसके अंतर्गत प्रयोगशाला सहायक के 260 सभी पद समाप्त कर दिए गए थे। इस पर हाई कोर्ट ने साफ किया कि इस तरह पुराने परिपत्र वाली नीति के निरस्त हुए बिना बाद की नीति के अंतर्गत प्रयोगशाला सहायक पद पर नियुक्ति से वंचित नहीं कर सकते।

प्रेक्षकों ने ली नोडल अधिकारियों की बैठक

जबलपुर।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक प्रांजल यादव, व्यय प्रेक्षक राजेश ओझा एवं पुलिस प्रेक्षक नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्वाचन कार्यों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर लोकसभा चुनाव की अभी तक की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों ने जबलपुर लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचन की चल रही तैयारियों की सराहना करते हुये आयोग की मंशा के अनुरूप स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिये नोडल अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया। प्रेक्षकों ने आदर्श आचार संहिता, सम्पत्ति विरूपण अधिनियम एवं निर्वाचन नियमों के उल्लंघन के प्रकरणों में की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती जयति सिंह, अतिरिव्त पुलिस अधीक्षक समर वर्मा एवं सूर्यकांत शर्मा उप जिला निर्वाचन अधिकारी

धीरेंद्र सिंह जबलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में शामिल आठों विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी भी मौजूद थे।

नोडल अधिकारियों से मांगी जानकारी

बैठक के प्रारम्भ में सभी नोडल अधिकारियों ने प्रेक्षकों को अपना परिचय दिया। इस अवसर पर चुनावी प्रक्रिया के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों का ब्यौरा भी दिया गया। निर्वाचन आयोग के प्रेक्षकों ने वल्नरेबल पॉकेट्स के तौर पर चिन्हित क्षेत्रों में मतदाताओं में कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास पैदा करने विशेष प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया के दौरान अशांति पैदा करने की कोशिश करने वाले तत्वों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये । बैठक में बड़ी मात्रा में नकदी, बहुमूल्य धातुओं और निषिद्ध वस्तुओं के परिवहन पर सख्ती से रोक लगाने चेक पोस्ट पर सघन जाँच करने के निर्देश भी दिये गये तथा चेक पोस्टों पर वाहनों की जाँच की कार्यवाही की वीडियोग्राफी कराने पर जोर दिया। प्रेक्षकों ने वरिष्ठ अधिकारियों से चेक पोस्टों की आकस्मिक जांच करने की अपेक्षा भी की। उन्होंने कहा कि बड़ी मात्रा में नकदी का प्रवाह रोकने रेलवे स्टेशन, हेलीपेड और हवाई अड्डे पर भी नजर रखी जाये। इसके साथ ही लीक से हटकर बैंकों का कैश कैरी करने वाले वाहनों पर निगरानी जैसे कदम उठाने पर भी जोर दिया। बैठक में बताया गया कि कानून व्यवस्था की दृष्टि से तथा निर्वाचन व्यय की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। मतदान के दिन सुरक्षा बलों की तैनाती के बारे में भी विस्तार से जानकारी बैठक में दी गई।

बडों से लेकर बच्चों तक ने खेली जमकर होली

खूब उड़ा रंग और गुलाल

हरिभूमि सिहोरा।

रंगों के महापर्व होली पर बडो से लेकर बच्चों तक ने जहां रंग और गुलाल से जमकर होली खेली वहीं अनेक लोगो ने जगह जगह पार्टी कर धुरेड़ी का पूरा लुप्त उठाया। होली की उडदंग और शराब के नशे में. नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो मेंअनेक छुटपुट घटनाएं घटित होनी की जानकारी मिली थी। होली के दुसरे दिन जहां सडको पर दुपहिया वाहन ही इक्का दुक्का चले तो दो दिनो तक लगभग नगर का पूरा बाजार बंद रहा । हालाकि प्रशासन और पुलिस की सक्रियता के चलते दो दिनो में कोई बडी वारदात नही हो पाई क्योंकि पुलिस ने होलिका दहन के दिन से ही पुलिस व्यवस्था में कसावट ला दी थी और जहाँ तहाँ फिक्स प्वाइंट बनाकर टीमे तैयार कर दी थी।

बहनों ने लगाया मंगल टीका

भाई दोज के दिन बुधवार को घर घर में भाईदूज का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया बहनो ने अपने भाइयों के माथे पर मंगल तिलक लगाकर उनसे अपनी रक्षा का बचन लिया एंव उनकी लम्बी उम्र की कामना की तो भाइयों ने भी बहन को अनेक उपहार देकर उनके चरण स्पर्श कर आशिर्वाद प्राप्त किया । दो दिनो में जहाँ नगर में अनेक होली के कार्यक्रम आयोजित किए गये तो वहीं गांवों में फागों के आयोजन संपन्न हुए। अभी रंगपंचमी तक रंग गुलाब का दौर चलता रहेगा।

युवक के हाथ में बका मारा

उधारी लौटाने को लेकर विवाद

जबलपुर। भेड़ाघाट थानांतर्गत कल उधारी के पैसे वापस मांगने पर आरोपी ने गालीगलौज करते हुए एक युवक के बायें हाथ में बका मार दिया। तभी घायल युवक के दो साथियों के बीच बचाव करने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। आरोपी पर धारा 294, 323, 324, 506 का मामला दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। भेड़ाघाट पुलिस ने बताया कि अमित सिंह राजपूत प्रकाश यादव से उधारी के पैसे वापस लेने आया था। अमित सिंह ने प्रकाश यादव से पैसे वापस मांगे तो प्रकाश गालीगलौज करने लगा। मना करने पर प्रकाश ने अमित सिंह के बायें हाथ में मुर्गा काटने वाले बका से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। तभी अमित के साथी विष्णु पटेल व प्रशांत सिंह ठाकुर बीचबचाव करने आये तो आरोपी प्रकाश जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया।

शराब पीने रुपये नहीं देने पर डंडा मार

हनुमानताल थानांतर्गत प्रेमसागर क्षेत्र में कल रात लगभग 10 बजे होली खेल रहे युवक से एक बदमाश ने शराब पीने 100 रुपये की मांग की। मना करने पर बदमाश ने उक्त युवक से हाथापाई करते हुए डंडे से पैर में हमला कर घायल कर दिया। हनुमानताल पुलिस ने बताया कि प्रेमसागर निवासी दीपक सेन कल रात लगभग 10 बजे अपने घर के पीछे होली खेल रहा था। तभी मोहल्ले के दिनेश ने उससे शराब पीने 100 रुपये मांगे। मना करने पर दिनेश ने दीपक सेन से गालीगलौज करते हुए उसके पैर में डंडा जड़ दिया। धारा 294, 323, 327, 506 का मामला दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया गया।

गाली देने पर धक्का देकर गिराया

पाटन थानांतर्गत ग्राम जमुनिया सकरा में कल शाम लगभग 4 बजे आकाश रैकवार, छोटेलाल प्रधान के घर के बाहर खड़ा होकर फूफा कहकर उसे मजाक में गालियां दे रहा था। मना करने पर आकाश रैकवार ने छोटेलाल प्रधान के साथ उसे धक्का देकर गिरा दिया। घटना में छोटेलाल के पैर में चोट आई है। तभी बीचबचाव करने आई छोटेलाल की पत्नी मल्लोबाई, भतीजी प्रियंका, लड़का जितेन्द्र प्रधान के साथ भी आरोपी आकाश ने मारपीट की।

डूबने व शराब पीने से 4 मौतें

तीन थानों में 5 अकाल मौतें

जबलपुर। पनागर, भेड़ाघाट व संजीवनी नगर थाना क्षेत्रों में कल अलग-अलग हादसों में तालाब व नदी में डूबने तथा अत्यधिक शराब पीने व फांसी लगा लेने से 5 लोगों की मौत हो गई। इसी तरह भेड़ाघाट थानांतर्गत गडरपिपरियाग्राम में खेत में ज्यादा शराब पीने से एक प्रौढ़ की मौत हो गई। इसी थानांतर्गत गवारीघाट लम्हेटाघाट में कल रात ज्यादा शराब पीने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक अन्य घटना में संजीवनी नगर थानांतर्गत शाहीनाका में कल शाम एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पांचों प्रकरणों में मर्ग कायम कर जांच में लेते हुए शवों को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया।

तालाब में डूबने से मौत

पनागर थानांतर्गत भागचंद कोल अपने लड़के लखन कोल के साथ सिंगड़हाई तलैया पनागर नहाने गया था। जहां पैर फिसलने से भागचंद कोल गहराई में चला गया। भागचंद की डूबने से मौत हो गई।

नर्मदा में डूबने से किशोर की मौत

भेड़ाघाट थानांतर्गत कल माढ़ोताल निवासी 17 वर्षीय ऋषि केशरवानी अपने दोस्तों के साथ गौबच्छा घाट खैरी ग्राम नहाने आया था। दोपहर लगभग 2.30 बजे नर्मदा नदी में नहाने के दौरान ऋषि केशरवानी पानी में डूब गया। तभी एनडीआरएफ टीम तथा गोताखोर ने पानी में डूबे ऋषि का शव खोजकर बाहर निकाला।

अत्यधिक शराब पीने से 2 लोगों की मौत

भेड़ाघाट थानांतर्गत ग्राम गडर पिपरिया में कल राम लगभग 8.30 बजे खेल गया पुन्नुलाल कुशवाहा वापस नहीं आया तो उसके लड़के दुर्गेश कुशवाहा ने खेत में जाकर देखा कि उसके पिता पुन्नुलाल बेहोशी की हालत में पड़े थे। जिनके मुंह से शराब की दुर्गन्ध आ रही थी। दुर्गेश अपने पिता को तत्काल नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गया। जहां डॉक्टर ने चेक कर उसे मृत करार दिया। इसी थानांतर्गत लम्हेटाघाट भेड़ाघाट में साधुराम यादव शराब के नशे में धुत मिला। जिसे उसका भाई रमेश यादव इलाज के लिए मेडीकल अस्पताल लाया था। जहां डॉक्टर ने चेक कर उसे मृत करार दिया।

युवक ने फांसी लगाई

संजीवनी नगर थानांतर्गत शाहीनाका संजीवनीनगर निवासी एक 40 वर्षीय युवक ने रहस्यमय परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। पुलिस के अनुसार संजीवनी नगर में अंबा टैंट हाउस के पीछे शाहीनाका में रहने वाले विनोद पटेल नामक युवक ने कल शाम 5 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

नहाने के विवाद पर युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

जबलपुर। हनुमानताल थाना अंतर्गत धुरेड़ी के दिन एक युवक झिन्ना मोहल्ला बारूद खाना के पास स्थित दूध डेयरी पानी की टंकी में नहाने को लेकर इस कदर विवाद बढ़ा की, गाली गलौच और मारपीट तक नौबत आ गई। पुलिस ने इस मामले में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। घटना में घायल को मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार झिन्ना मोहल्ला बारूद खाना के पास स्थित नितिन डेयरी में डेयरी वाले के यहां आए नितिन के साथी नहाने लगे तो पड़ोस में रहने वाले गणेश गोंटिया ने उन्हें मना किया। इस पर डेयर वाला नितिन आवाज सुनकर बाहर आया और उससे गाली गलौच करने लगा। इसी बीच नितिन पड़ोस में रहने वाले सुरेश चौधरी बीच बचाव करने आया और गाली गलौच करने से मना किया तो नितिन उसके साथ भी गाली गलौच करने लगा और चाकू से सुरेश के पेट में प्राणघातक हमला कर दिया। जिसके बाद आरोपी वहां से भाग गये मोहल्ले के लोगों ने सुरेश को तत्काल विक्टोरिया अस्पताल ले गये, जहां गंभीर हालत देखते हुये मेडिकल रेफर किया गया। आरोपियों ने बीच बचाव करने वालों को भी जान से मारने की धमकी दी। हनुमानताल पुलिस ने धारा 294, 307, 506 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

पहले दारू पिलाई फिर करदी पिटाई

जबलपुर। कोतवाली थाना अंतर्गत दीक्षितपुरा राममंदिर के पास रहने वाले एक युवक को दो युवक बाजार ले जाने के बहाने अपने साथ कबूतर खाना ले गया जहां अखाड़े के सामने बैठकर सभी मिलकर शराब पीने लगे, इसी दौरान छोटू मोदी भी वहां आ गया और शराब पीने के बाद उसने उत्तेज उर्फ आशीष शर्मा से रुपयों की मांग करने लगा। उसने मना किया तो छोटू मोदी के साथ साथ पियूष ठाकुर ने उसकी गर्दन पकड़ ली और पप्पू ठाकुर ने मारपीट शुरु कर दी। शराब की बोतल उसके हाथ में मारी दी और लहुलुहान छोड़कर भाग गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 324, 327, 506, 34 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

आदतन अपराध करने वाले 36 लोगों पर कार्यवाही

जबलपुर। जिला पुलिस बल ने पिछले 24 घंटे के दौरान आदतन अपराध करने वाले 36 आरोपियों के विरूद्ध धारा 110 के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 164 व्यक्तियों के विरूद्ध 107/116 जा.फौ. के तहत, एवं 12 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 151 जा.फौ. के तहत की गयी है, 18 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 6 बॉटल अंग्रेजी, 760 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 31 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 4 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 1 तलवार, 3 चाकू जप्त किये गये एवं 17 जुआडियों को जुआ खेलते हुये एवं 2 सटोरियों को सट्टा लिखते हुये रंगे हाथों पकडा गया जुआडियो एवं सटोरियो के कब्जे से 9220 रूपये जप्त किये गये।

घटना से आक्रोशित लोगों ने शराब दुकान फूंकी

मासूम के साथ दुष्कृत्य के बाद हत्या का संदेह

जबलपुर। पनागर थाना अंतर्गत जलगांव में आठ वर्ष की बालिका का शव तालाब में उतराता मिला, जिससे पूरे पनागर में सनसनी और आक्रोश फैल गया। संदेह जताया जा रहा है कि बच्ची से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की गई थी। बालिका का शव देखकर आक्रोशित लोगों ने तालाब के पास की शराब की दुकान को आग के हवाले कर दिया। मौके पर पहुंचे पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रण में लिया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये भेजा गया, मामले की जांच शुरु कर दी गई है।

पनागर थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जलगांव इलाके में विगत 26 मार्च की रात एक 8 वर्ष की मासूम टॉयलेट के लिए घर से बाहर निकली। इसके बाद उसका कुछ भी पता ना चला। आसपास के लोगों एवं परिजन जब मासूम की पतासाजी करते हुए क्षेत्र में बने तालाब के पास पहुंचे तो मासूम का शव तालाब में उतराता हुआ मिला। मासूम का शव तालाब में मिलने के बाद गुस्साई ग्रामीणों की भीड़ ने में पास में ही बनी एक शराब की दुकान में आग लगा दी। भीड़ को आता देख शराब दुकान में उपस्थित कर्मचारियों भाग कर अपनी जान बचाई। ग्रामीणों का आरोप है कि किसी शराबी ने मासूम के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने के बाद शव को तालाब में फेंक दिया। पनागर थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह का कहना है कि 8 वर्ष की बालिका का शव पीएम के लिए भिजवा दिया गया है। रिपोर्ट आने पर ही मामला स्पष्ट हो पाएगा।

कांग्रेस नेता आलोक मिश्रा को पुत्र शोक, अंत्येष्टि आज

अंकित के अंगदान से 6 लोगों को मिलेगा नया जीवन

जबलपुर। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता आलोक मिश्र के ज्येष्ठ पुत्र मप्र युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव और समाजसेवी अंकित मिश्रा (35 वर्ष) का आज सुबह दिल्ली के मेदांता हॉस्पिटल में इलाज के चलते दुःखद निधन हो गया। विगत दिवस अंकित मिश्र को गंभीर हालात में इलाज के लिए दिल्ली ले जाया गया था। जहां उनके जीवन का संघर्ष सफल नहीं हुआ।

ऐसी कठिन घड़ी में भी आलोक मिश्रा ने अपने पुत्र की मानवीय भावनाओं के अनुरूप पीड़ित मानवता हेतु अपने दिवंगत पुत्र अंकित के सभी उपयोगी अंगों का दान कर एक सराहनीय एवं अनुकरणीय मिसाल प्रस्तुत की। अंकित की इच्छा अनुरुप अंकित की देह के जीवत अंग, किडनी, हार्ट, लंग्स, नेत्र, दान कर दिए। उनके पार्थिव शरीर को सड़क मार्ग द्वारा जबलपुर में लाया जा रहा है।

अंतिम यात्रा आलोक मिश्रा के कटंगा कॉलोनी हवाबाग कॉलेज के पीछे स्थित निवास से आज 28 मार्च गुरुवार को दोपहर 12 बजे के लगभग नर्मदा तट गौरीघाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

यहां बता दे कि गत 25 मार्च सोमवार को अंकित किसी काम से घर की बालकनी में गए थे, जहां पैर फिसलने के कारण वे नीचे गिर पड़े और उनके सिर पर गंभीर चोटें आ गई। मस्तिष्क में रक्त का गहरा थक्का जम जाने के कारण वे गहरी बेहोशी में चले गए। उन्हें 25 मार्च की रात में ही एयर लिफ्ट करके दिल्ली के मेदांता हॉस्पिटल में ले जाया गया था। जहां चिकित्सकों के अथक प्रयासों के बाद भी उनके प्राणों की रक्षा नहीं हो सकी। बुधवार की सुबह अंकित ने अंतिम श्वांस ली। जबलपुर में यह खबर आते ही श्री मिश्रा के तमाम शुभचिंतकों और स्नेहीजनों में शोक की लहर छा गई। हर कोई इस घटना से आहत और स्तब्ध हो गया।

श्री प्रमोद तिवारी- शास्त्री नगर मेडिकल निवासी श्री प्रमोद तिवारी (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री रविशंकर कैथवास- आमनपुर गौरैया प्लाट मदनमहल निवासी श्री रविशंकर कैथवास (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री राम कुमार यादव- तिलहरी फेस 1 निवासी श्री राम कुमार यादव (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री रूपेश साहू- शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री सूरज प्रसाद साहू के पुत्र श्री रूपेश साहू (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती उमा शर्मा- उपरैनगंज निवासी श्री विश्वमोहन शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती उमा शर्मा (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री मिठाई लाल कोरी- वल्दी कोरी की दफाई निवासी श्री मिठाई लाल कोरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री गुड्डा ठाकुर- आदर्श नगर कॉलोनी ग्वारीघाट रोड निवासी श्री गन्ना ठाकुर के पुत्र श्री गुड्डा ठाकुर (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राकेश सिंह ठाकुर- घमापुर चौक के निकट निवासी श्री राकेश सिंह ठाकुर (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री सदन लाल विनोदिया- आनंद कुंज गढ़ा निवासी श्री मदनलाल विनोदिया के पुत्र श्री सदन लाल विनोदिया (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राकेश सिंह ठाकुर- घमापुर चौक के निकट निवासी श्री राकेश सिंह ठाकुर (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री गनेश कोल- धोबीघाट रोड गोराबाजार निवासी श्री गनेश कोल (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री शुभम राव खातरकर- शीतलामाई मंदिर के पीछे निवासी श्री संतोष खतरकार के पुत्र श्री शुभम राव खातरकर (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री राम कुमार प्रधान- मोदी बाड़ा सदर निवासी श्री राम कुमार प्रधान (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती रमिया बाई वाल्मीक- चांदमारी लालमाटी निवासी श्री रूप लाल वाल्मीक की धर्मपत्नी श्रीमती रमिया बाई वाल्मीक (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती निर्मला देवी शर्मा- लब्बूराम शर्मा कम्पाउंड गोरखपुर निवासी श्री वेदपाल शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला देवी शर्मा (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री मुरलीधर त्रिपाठी- नर्मदा नगर गोहलपुर निवासी श्री मुरलीधर त्रिपाठी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री चंद्रमोहन भसीन- गोरखपुर सनातन धर्म मंदिर के पास निवासी श्री चंद्रमोहन भसीन (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती शकुंतला गुप्ता- एलआईजी 202, मदर टेरेसा नगर कटंगी रोड निवासी श्री गुलाबचंद गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला गुप्ता (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती उषा अरोरा- कछपुरा मालगोदाम के पास गुरूकुंज परिसर निवासी श्री बैसाखी राम अरोरा की धर्मपत्नी श्रीमती उषा अरोरा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री विश्वनाथ चौधरी- शांतिनगर दमोहनाका रोड निवासी श्री विश्वनाथ चौधरी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री मिठाई लाल कोरी- वल्दी कोरी की दफाई निवासी श्री मिठाई लाल कोरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री रिषी केशरवानी- दीनदयाल चौक के निकट निवासी श्री आशीष केशरवारी के पुत्र श्री रिषी केशवानी (18) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सोना बाई राजपूत- फूटाताल निवासी श्री कन्हैया लाल राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती सोना बाई राजपूत (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री सुधाकर करोंठे- रामपुर निवासी श्री सुधाकर करोंठे (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री ईश्वर गुप्ता- इंद्रा बस्ती रतन नगर मदनमहल निवासी श्री ईश्वर गुप्ता (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री लखन लाल विनोदिया- सदर स्थित इंडियन काफी हाउस के पास निवासी श्री लखन लाल विनोदिया (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री हरि सांधिया- फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री हरि सोंधिया (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री गौतम पासवान- डिलाईट कम्पाउंड सिविल लाइन निवासी श्रीमती श्रद्धा पासवान के पुत्र श्री गौतम पासवान (21) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री अरूण चौधरी- बड़ी मदार टेकरी शंकर चौक निवासी श्री हीरा लाल चौधरी के पुत्र श्री अरूण चौधरी (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री पुरूषोत्तम लाल तिवारी- शांति नगर व्हीकल रोड़ रांझी निवासी श्री पुरूषोत्तम लाल तिवारी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती मंडी बाई- प्रेमनगर ईसाई मोहल्ला मदनमहल निवासी श्री कृष्ण प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती मंडी बाई (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती विमलेश झा- चुंगी चौकी द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री रवींद्र झा की धर्मपत्नी श्रीमती विमलेश झा (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री सुनील केवट- चांदमारी रोड शुक्ला होटल लालमाटी निवासी श्री रामदुलारे केवट के पुत्र श्री सुनील केवट (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री प्रभुमन सिंह- बुद्धू काछी का बाड़ा मानेगांव रांझी निवासी श्री प्रभुमन सिंह (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती दीपमाला सोलंकी- त्रिमूर्ति नगर नब्बे क्वाटर निवासी श्री विनोद सोलंकी की धर्मपत्नी श्रीमती दीपमाला सोलंकी (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

श्री कुसमाकर मिश्रा- भारत कॉलोनी एलआईसी मदनमहल निवासी श्री कुसमाकर मिश्रा (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती गणपति बाई विश्वकर्मा- महानद्दा मदनमहल निवासी श्री गोपाल प्रसाद विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती गणपति बाई विश्वकर्मा (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री अशोक तिवारी- शास्त्री नगर मेडिकल वृद्धाश्रम के पास निवासी श्री अशोक तिवारी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती नमिता साहनी- शारदा चौक शारदा मंदिर रोड मदनमहल निवासी श्री राजकुमार साहनी की धर्मपत्नी श्रीमती नमिता साहनी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री लक्ष्मी प्रसाद खटीक- गली नं. 10, सदर निवासी श्री लक्ष्मी प्रसाद खटीक (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती पूनम रैकवार- न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री दिलीप रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती पूनम रैकवार (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री विनोद श्रीवास्तव- शिवानी होम्स गुप्तेश्वर बचई मूर्तिकार के पीछे निवासी श्री विनोद श्रीवास्तव (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती गायत्री साकल्ले- कालीमठ आमनपुर मदनमहल निवासी श्री हरिहर साकल्ले की धर्मपत्नी श्रीमती गायत्री साकल्ले (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

खबर संक्षेप

सोना 150 रुपए मजबूत, चांदी में 250 रुपए की गिरावट

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 150 रुपये की तेजी के साथ 67,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर चार फीसदी चढ़ा

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर में बुधवार को जबर्दस्त लिवाली देखने को मिली। जोरदार मांग के बीच कंपनी का शेयर करीब चार प्रतिशत चढ़ गया। इससे कंपनी का बाजार मूल्यांकन एक बार फिर 20 लाख करोड़ रुपये के स्तर को पार कर गया। बीएसई पर कंपनी का शेयर 3.60 प्रतिशत उछलकर 2,987.85 रुपये पर बंद हुआ।

रुपया सात पैसे गिरावट के साथ 83.36 प्रति डॉलर

मुंबई। विदेशी बाजारों में अपनी प्रमुख प्रतिद्वन्द्वियों मुद्राओं की तुलना में डॉलर में मजबूती के रुख के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ 83.36 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कच्चे तेल कीमतों में गिरावट के कारण रुपये की गिरावट पर कुछ अंकुश लग गया।

आरईसी ने 1.6 लाख करोड़ की उधारी सीमा की मंजूर

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लि. के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 1,60,000 करोड़ रुपये की उधारी सीमा तय की है। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी आरईसी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि निदेशक मंडल की आज हुई बैठक में 1.6 लाख करोड़ रुपये की कर्ज सीमा को मंजूरी दी गयी है।

इंट्रेपिड ट्रैवल की भारत में विस्तार की योजनाएं

नई दिल्ली। यात्रा कंपनी इंट्रेपिड ट्रैवल ने भारत में विस्तार की योजनाएं तैयार की हैं। इसका लक्ष्य 2030 तक देश में 30,000 ग्राहकों को जोड़ना है। इंट्रेपिड ट्रैवल के सह-संस्थापक एवं चेयरमैन डेरेल वेड ने दिए साक्षात्कार में नए क्षेत्रों में प्रवेश करने की कंपनी की योजना को साझा किया और इसे अपने व्यवसाय का 'स्वाभाविक विस्तार' बताया।

कोका-कोला ने मैन्ड्रेया को किया सीईओ नियुक्त

नई दिल्ली। पेय पदार्थ बनाने वाली कंपनी कोका-कोला की भारत और दक्षिण-पश्चिम एशिया में सबसे बड़ी 'बॉटलर' एसएलएमजी ग्रुप ने अपने कोका-कोला परिचालन के लिए कॉस्टिन मैन्ड्रेया को सीईओ नियुक्त किया है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि मैन्ड्रेया ने पश्चिमी और मध्य यूरोप, रूस और जापान में कोका-कोला 'बॉटलिंग' व्यवस्था में प्रमुख पदों पर काम किया है। मैन्ड्रेया को पेय पदार्थ उद्योग में काम करने का 25 साल से ज्यादा का अनुभव है।

आज से बदल रहा ट्रेडिंग का तरीका, सूची में टाटा से लेकर बजाज तक 25 शेयर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अगर आप शेयर बाजार में ट्रेडिंग करते हैं तो ये खबर आपके काम की है। दरअसल, 28 मार्च यानी गुरुवार से T+0 सेटलमेंट की शुरुआत होने वाली है। इसके पहले चरण में 25 शेयर उपलब्ध होंगे।

T+0 सेटलमेंट का मतलब है कि निवेशक द्वारा शेयर बेचने वाले दिन ही उसके बैंक खाते में पैसे आ जाएंगे। इसी तरह, शेयर खरीदने की प्रक्रिया भी उसी कारोबारी दिन पूरी हो जाएगी। आसान भाषा में समझें तो एक ही कारोबारी दिन में आप शेयर खरीद या बेच सकेंगे। इसके पैसे भी आपके बैंक अकाउंट में आ जाएंगे।

बेचने वाले दिन ही खाते में पैसे आ जाएंगे, सेबी तीन माह बाद इसकी समीक्षा करेगी

सेबी ने किया था ऐलान

हाल ही में सेबी ने T+0 रोलिंग सेटलमेंट के बीटा एडिशन की शुरुआत की घोषणा की थी। सेबी तीन महीने और छह महीने के अंत में प्रगति की समीक्षा करेगा और इसके बाद आगे फैसला लिया जाएगा। T+0 सेटलमेंट मौजूदा T+1 सेटलमेंट के समानांतर चलेगा। T+1 सेटलमेंट के तहत निवेशक द्वारा शेयर की ट्रेडिंग के अगले कारोबारी दिन उसके पैसे बैंक अकाउंट में आते हैं।

क्रिप्टोकरेंसी जैसे विकल्प बढ़ना एक कारण

इस महीने एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के कार्यक्रम के मौके पर सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने कहा था कि बाजार नियामक का तेजी से सेटलमेंट का कदम क्रिप्टोकरेंसी जैसे विकल्पों के बढ़ने के कारण है। उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारा विनियमित बाजार प्रतिस्पर्धी हो और निवेशकों को एक समान लाभ दे।

सूची में शामिल शेयर

बीएसई की ओर से T+0 सेटलमेंट के लिए एक सूची जारी की गई है। इस सूची में बजाज ऑटो, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, जेएसडब्ल्यू स्टील, एलटीआईमाइंडट्री, एमआरएफ, भारतीय स्टेट बैंक, वेदांता, अंबुजा सीमेंट, अशोक लीलैंड, बैंक ऑफ बड़ौदा, बीपीसीएल, बिड़लासॉफ्ट, सिप्ला, कोफोर्ज, डिवीज लैबोरेटरीज, इंडियन होटल्स, एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस शामिल हैं।

शेयर बीटा एडिशन का हिस्सा होंगे

इसके अलावा नेस्ले इंडिया, एनएमडीसी, ओएनजीसी, पेट्रोनेट एलएनजी, संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल, टाटा कम्युनिकेशंस, ट्रेंट, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भी T+0 सेटलमेंट के बीटा एडिशन का हिस्सा होंगे।

मकसद प्रतिस्पर्धा को प्रभावित तो नहीं कर रहे

कुछ वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों की जांच कर रहा है प्रतिस्पर्धा आयोग : चेयरपर्सन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की प्रमुख रवनीत कौर ने कहा है कि सीसीआई कुछ वित्तीय प्रौद्योगिकी इकाइयों के खिलाफ जांच कर रहा है। इसका मकसद यह पता लगाना है कि प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने के उनके तरीके प्रतिस्पर्धा को प्रभावित तो नहीं कर रहे हैं।

चेयरपर्सन ने यह भी कहा कि नियामक प्रतिस्पर्धी डिजिटल बाजार सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है। आयोग विभिन्न संशोधित नियमों, डिजिटल बाजार में प्रतिस्पर्धा-रोधी गतिविधियों के खिलाफ व्यवस्था के साथ अनुचित व्यापार के तौर-तरीकों पर अंकुश लगाने के अपने प्रयासों को मजबूत कर रहा है।

- नियामक डिजिटल बाजार सुनिश्चित करने उठा रहा कदम
- अनुचित व्यापार के तौर-तरीकों पर अंकुश लगाने प्रयास
- प्रतिस्पर्धा कानून से विभिन्न इकाइयों में जागरूकता बढ़ी

प्रतिस्पर्धा कानून को लेकर बढ़ी जागरूकता

प्रतिस्पर्धा आयोग की चेयरपर्सन रवनीत कौर ने बातचीत में कहा कि प्रतिस्पर्धा कानून को लेकर विभिन्न इकाइयों के बीच जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि हमारा ध्यान 'विनियमन और स्वतंत्रता के बीच सही संतुलन बनाने' पर है।

आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी

इस बारे में और जानकारी दिये बिना, उन्होंने यह भी कहा कि नियामक फिल्म उद्योग खासकर फिल्म वितरकों से संबंधित कुछ मामलों को देख रहा है। कौर के अनुसार, बाजार खराब करने की गतिविधियों को दूर कर और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने से अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इससे कुल मिलाकर नवोन्मेष और समग्र आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी।

डिजिटल बाजार से संबंधित मामलों में तेजी

चेयरपर्सन ने कहा, 'यह सब विनियमन और स्वतंत्रता के बीच सही संतुलन बनाने को लेकर है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि बाजार प्रतिस्पर्धी बना रहे और यह सभी संबद्ध पक्षों के लिए निष्पक्ष रूप से काम करे।' कौर ने कहा कि आयोग डिजिटल बाजार से संबंधित मामलों में तेजी ला रहा है। कंपनियां प्रतिस्पर्धा कानूनों का पालन करने के महत्व को अब समझने लगी हैं।

फिनटेक क्षेत्र की कुछ कंपनियों की जांच

कौर ने कहा नियामक का ध्यान बड़ी तकनीकी कंपनियों के साथ-साथ वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) और ऑनलाइन मध्यस्थ सेवा प्रदाताओं सहित विभिन्न क्षेत्रों पर है। कौर ने कहा, 'सीसीआई फिनटेक क्षेत्र की कुछ इकाइयों की जांच कर रहा है। हम देख रहे हैं कि फिनटेक कंपनियां कैसे प्रौद्योगिकी का लाभ उठा रही हैं और क्या इसके जरिये वे बाजार में प्रतिस्पर्धा को प्रभावित कर रही हैं? मामले में जांच जारी है।'

गूगल पर फैसले के बाद बाजार पर प्रभाव

गूगल के खिलाफ सीसीआई के एक महत्वपूर्ण फैसले के बाद बाजार पर पड़े प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर कौर ने कहा, 'बहुत बदलाव आया है और कंपनियों को यह एहसास हो रहा है कि वे प्रतिस्पर्धा रोधी गतिविधियों में शामिल होकर बच नहीं सकती हैं। हम नियमों के क्रियान्वयन के साथ-साथ अनुकूल परिवेश बनाने पर भी ध्यान दे रहे हैं। कुल मिलाकर, इन सबका एक सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।'

अमेजन, जोमैटो जैसी कंपनियां

कॉरपोरेट मामलों के राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने राज्यसभा में अगस्त, 2023 में प्रश्नों के लिखित उत्तर में कहा था कि अमेजन, फ्लिपकार्ट, जोमैटो, स्विगी, व्हाट्सएप और फेसबुक, एप्पल तथा गूगल जैसी कंपनियों के खिलाफ जांच वर्तमान में सीसीआई के समक्ष लंबित है।

इंडिगो करेगा गंतव्यों का आकार दोगुना

- इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बस ने दी जानकारी
- एयरलाइन 2030 तक नए मार्गों पर उड़ान बढ़ाएगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने कहा कि एयरलाइन का लक्ष्य 2030 तक नए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों के साथ-साथ गंतव्यों का आकार दोगुना करना है।

इंडिगो 60 प्रतिशत से कुछ अधिक की घरेलू बाजार हिस्सेदारी के साथ देश की सबसे बड़ी एयरलाइन है। यह ए321 एक्सएलआर विमान पर भी बड़ा दांव लगा रही है, जिसके '2025 में' उसके बेड़े का हिस्सा बनने की उम्मीद है। इसको शामिल करके एयरलाइन का मकसद विदेशी उपस्थिति को और बढ़ाना है।

बेड़े में 360 से अधिक विमान

वर्तमान में वाहक 88 घरेलू और 33 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों तक उड़ान भरता है। इसके बेड़े में 360 से अधिक विमान हैं। एल्बर्स ने कहा, " वर्ष 2030 तक आज के आकार से दोगुना होना, वैश्विक पहुंच वाली एक एयरलाइन बनना महत्वाकांक्षी लक्ष्य है... अधिक कोडशेयर साझेदारी की उम्मीद की जा सकती है।"

एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा कि वैश्विक स्तर पर अपनी स्थिति मजबूत करने के साथ-साथ उसका विस्तार करने का प्रयास कर रही इंडिगो का अगला बड़ा लक्ष्य दशक के अंत तक अपना आकार दोगुना करना होगा।

इंडिगो का कई एयरलाइन से कोडशेयर

इंडिगो के पास वर्तमान में टर्किश एयरवेज, ब्रिटिश एयरवेज, कतर एयरवेज, अमेरिकन एयरलाइंस, केएलएम-एयर फ्रांस, क्वांटास, जेटस्टार और वर्जिन अटलांटिक के साथ कोडशेयर है। कोडशेयरिंग एक एयरलाइन को अपने यात्रियों को अपने साझेदार वाहक पर बुक करने और विभिन्न गंतव्यों के लिए निर्बाध यात्रा प्रदान करने की अनुमति देती है।

मारुति के कई अधिकारियों की भूमिका में आया बदलाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के निदेशक मंडल ने एक अप्रैल, 2024 से विपणन और बिक्री कार्य के नए प्रमुख के रूप में पार्थो बनर्जी की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। देश की सबसे बड़ी कार प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बनर्जी फिलहाल सेवा खंड के प्रमुख हैं।

मारुति सुजुकी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, 'बनर्जी ने शशांक श्रीवास्तव का स्थान लिया है, जिन्हें विपणन एवं बिक्री प्रमुख के पद से सदस्य कार्यकारी समिति में स्थानांतरित किया गया है।'कंपनी ने तरुण अग्रवाल को एक अप्रैल, 2024 से इंजीनियरिंग प्रमुख के रूप में नामित किया गया है। बनर्जी ने सी वी रमन की जगह ली है, जिन्हें सदस्य कार्यकारी समिति में भेजा गया है। मारुति सुजुकी ने कहा कि अग्रवाल वर्तमान में पावरट्रेन खंड के कार्यकारी अधिकारी और प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। कंपनी ने संदीप रैना को उत्पाद योजना प्रमुख और राम सुरेश अकेला को सेवा प्रमुख नियुक्त किया है।

- एक अप्रैल 2024 से बनर्जी की नियुक्ति को मंजूरी

एमएसआई ने वर्तमान में मानव संसाधन एवं आईटी प्रमुख राजेश उप्पल को भी सदस्य कार्यकारी समिति में स्थानांतरित कर दिया है। प्रमुख वाहन विनिर्माता ने एक अप्रैल, 2024 से मनोज गौतम को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के प्रमुख और सलिल बी लाल को मानव संसाधन (एचआर) प्रमुख नियुक्त किया है। कंपनी ने सुनील कक्कड़ को आपूर्ति श्रृंखला के प्रमुख के पद से कॉरपोरेट योजना प्रमुख के पद पर स्थानांतरित कर दिया है।

जीडीपी के दो प्रतिशत निवेश से 11 लाख नौकरियों का सृजन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के लिए सकल घरेलू उत्पाद के दो प्रतिशत के बराबर प्रत्यक्ष सार्वजनिक निवेश संभावित रूप से 1.1 लाख नौकरियों का सृजन कर सकता है। इसमें से करीब 70 प्रतिशत अवसर महिलाओं को मिलेंगे। फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) ने बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही।

एफएलओ ने भारत की देखभाल (केयर) अर्थव्यवस्था को बदलने के लिए एक खाका भी पेश किया। इसमें पांच प्रमुख क्षेत्र, छुट्टी नीतियां, देखभाल सेवा सब्सिडी, देखभाल बुनियादी ढांचे में निवेश, देखभाल श्रमिकों के लिए कौशल प्रशिक्षण तथा गुणवत्ता आश्वासन तंत्र शामिल हैं। फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन ने कहा, ' भारत में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय मातृत्व अवकाश के लिए एमएसएमई और स्टार्टअप को वित्तीय रूप से समर्थन देने, माता-पिता की छुट्टी नीतियों को संशोधित करने और देखभाल कार्य अवकाश तथा लचीले कार्य विकल्पों को बढ़ावा देने पर विचार कर सकता है। इसमें छुट्टियों के लिए बाजार-आधारित वित्तपोषण शुरू करना शामिल हो सकता है, जैसे कि माता-पिता की छुट्टी बीमा।

- फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन ने जारी की रिपोर्ट
- करीब 70 फीसदी अवसर महिलाओं को मिलेगी

सेवा क्षेत्र में बढ़ते निवेश से बढ़ेगा रोजगार: रिपोर्ट में कहा गया, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के साक्ष्य से पता चलता है कि देखभाल सेवा क्षेत्र में बढ़ते निवेश से 2030 तक वैश्विक स्तर पर 47.5 करोड़ नौकरियों का सृजन करने की क्षमता है। विशेष रूप से भारत के लिए सकल घरेलू उत्पाद के दो प्रतिशत के बराबर प्रत्यक्ष सार्वजनिक निवेश संभावित रूप से 1.1 लाख नौकरियों का सृजन कर सकता है।

सरकार बाजार से पहली छमाही 7.5 लाख करोड़ का कर्ज लेगी

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि केंद्र वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल-सितंबर के दौरान बाजार से 7.5 लाख करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रहा है। इसका मकसद आर्थिक वृद्धि को गति देने के साथ राजस्व अंतर को पाटना है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बाजार से 14.13 लाख करोड़ रुपये की उधारी का अनुमान है। इसमें 7.5 लाख करोड़ रुपये यानी 53 प्रतिशत राशि पहली छमाही में जुटायी जाएगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट में राजस्व अंतर को पूरा करने के लिए प्रतिभूतियों के जरिये 14.13 लाख करोड़ रुपये जुटाने का प्रस्ताव किया है। यह 2023-24 के लिए सकल उधारी अनुमान 15.43 लाख करोड़ रुपये से कम है।

बैंक शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 526 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 526 अंक की अच्छी बढ़त में रहा। एनएसई निफ्टी भी 22,100 अंक के ऊपर पहुंच गया। मुख्य रूप से बैंक, वाहन और पेट्रोलियम शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 526.01 अंक की बढ़त के साथ 72,996.31 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 668.43 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 18 लाभ में जबकि 12 नुकसान में रहे। निफ्टी भी 118.95 अंक की तेजी के साथ 22,123.65 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 22 शेयर लाभ में जबकि 27 नुकसान में रहे।

- निफ्टी 22,100 अंक के पार, निफ्टी के 22 शेयर रहे लाभ में
- रिलायंस और पेट्रोलियम कंपनियों में रही खरीदी

शेयर बाजार में तेजी को वाहन, बैंक तथा ऊर्जा शेयरों से समर्थन मिला। वहीं दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) तथा आईटी शेयरों में मुनाफावसूली हुई। सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज में सबसे ज्यादा 3.6 प्रतिशत की बढ़त रही।

अदाणी ग्रीन का राजस्थान में सौर ऊर्जा संयंत्र शुरू

नई दिल्ली। अदाणी ग्रीन एनर्जी ने राजस्थान के जैसलमेर के देवीकोट में 180 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र शुरू करने की बुधवार को जानकारी दी। बयान के अनुसार, संयंत्र का भारत की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई), अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) के साथ 25 साल का बिजली खरीद समझौता (पीपीए) है। इस संयंत्र की सफल शुरुआती के साथ एजीईएल का परिचालन सौर खंड बढ़कर 6,243 मेगावाट हो गया है। कुल परिचालन नवीकरणीय उत्पादन क्षमता 9,784 मेगावाट हो गई है, जो भारत में सबसे अधिक है। राजस्थान में 180 मेगावाट का सौर संयंत्र सालाना करीब 54 करोड़ बिजली यूनिट का उत्पादन करेगा, 1.1 लाख से अधिक मकानों को बिजली देगा और करीब 3.9 लाख टन सीओ2 उत्सर्जन को कम करेगा।

एलआईसी ने बड़े-बड़े दिग्गजों को दी पटखनी

दुनिया का सबसे मजबूत इंश्योरेंस ब्रांड बनी एलआईसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम का परचम पूरी दुनिया में फहरा गया है। लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी) को पूरी दुनिया का सबसे मजबूत इंश्योरेंस ब्रांड चुना गया है। एलआईसी ने दुनिया की सभी दिग्गज बीमा कंपनियों को पीछे छोड़कर लिस्ट में पहला स्थान हासिल किया है।

- एलआईसी की ब्रांड वैल्यू 9 .8 अरब डॉलर आंकी गई

ब्रांड फाइनेंस इंश्योरेंस 100 रिपोर्ट के अनुसार, एलआईसी टॉप इंश्योरेंस ब्रांड बना है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एलआईसी की ब्रांड वैल्यू 9.8 अरब डॉलर आंकी गई है। एलआईसी को ब्रांड स्ट्रेंथ इंडेक्स पर 88.3 का स्कोर मिला है और एएए रेटिंग भी। इस रिपोर्ट में में दूसरे नंबर पर कैथी लाइफ इंश्योरेंस रही है। एनआरएमए इंश्योरेंस ने तीसरे नंबर पर कब्जा जमाया है।

39,090 करोड़ का न्यू बिजनेस प्रीमियम मिला

एलआईसी इंडिया ने वित्त वर्ष 2023 में 39,090 करोड़ रुपए पहले साल के प्रीमियम के तौर पर हासिल किए थे। इसके अलावा एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस को 15,197 करोड़ रुपए और एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस को 10,970 करोड़ रुपए का न्यू बिजनेस प्रीमियम हासिल हुआ था। भारत सरकार ने हाल ही में एलआईसी के कर्मचारियों की वेतन 17 फीसदी बढ़ाई थी। 9 फरवरी, 2024 को एलआईसी के शेयरों ने अपना ऑल टाइम हाई आंकड़ा 1175 रुपए छुआ था।

देश की सबसे बड़ी सरकारी कंपनी

सरकार ने अगस्त, 2022 से प्रभावी एलआईसी कर्मचारियों के वेतन संशोधन को मंजूरी दी थी जिससे 1,10,000 से अधिक कर्मचारियों को लाभ हुआ। एलआईसी के शेयर भी सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया, जिससे यह भारत की सबसे मूल्यवान सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम बन गई और बाजार मूल्यांकन में एसबीआई को पछाड़कर पांचवीं सबसे मूल्यवान भारतीय सूचीबद्ध कंपनी के रूप में अपनी स्थिति फिर से हासिल कर ली।

एनआरएमए की ब्रांड वैल्यू में 82 फीसदी का उछाल

रिपोर्ट के अनुसार, ताइवान की कैथी लाइफ इंश्योरेंस की ब्रांड वैल्यू में 9 फीसदी का इजाफा हुआ है। कंपनी की ब्रांड वैल्यू 4.9 अरब डॉलर आंकी गई है। उधर, ऑस्ट्रेलिया की एनआरएमए इंश्योरेंस की ब्रांड वैल्यू में 82 फीसदी का जबरदस्त उछाल आया और यह 1.3 अरब डॉलर की ब्रांड वैल्यू पर पहुंची है। रिपोर्ट का दावा है कि ग्लोबल रैंकिंग में चीन के इंश्योरेंस ब्रांड आगे रहे हैं। डेनमार्क की बीमा कंपनी ट्रिग की ब्रांड वैल्यू में भी 66 फीसदी का जबरदस्त उछाल आया है और इसने 1.6 अरब डॉलर का आंकड़ा छू लिया है।

गाडगिल ज्वेलर्स का आईपीओ लाने के लिए दस्तावेज दाखिल

नई दिल्ली। खुदरा आभूषण श्रृंखला पीएन गाडगिल ज्वेलर्स लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से 1,100 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास शुरुआती दस्तावेज दाखिल कराए हैं। दस्तावेजों के अनुसार, महाराष्ट्र की कंपनी के प्रस्तावित आईपीओ में 850 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसमें प्रवर्तक एसवीजी बिजनेस ट्रस्ट द्वारा 250 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी शामिल है।

खबर संक्षेप

अपस्टॉक्स का किट किट दूर करें अभियान शुरू

मुंबई। उच्चतम रेटिंग वाले ट्रेडिंग और निवेश प्लेटफॉर्म अपस्टॉक्स ने अपने नवोन्मेषी ब्रांड अभियान, 'किट किट दूर करें, बाजार में उतरें' का अनावरण किया। इस अभियान के साथ, अपस्टॉक्स का लक्ष्य है, खुदरा निवेशकों को भ्रामक जानकारियों, बहुत सी सूचनाओं के शोर और जानकारी की अधिकता से बचकर सही तरीके से निवेश करने में मदद करना। अपस्टॉक्स के अनुसार वित्तीय उत्पादों की गुमराह करने वाली जानकारी के आधार पर बिक्री , सूचना की अधिकता और जटिल शब्दजाल जैसी चुनौतियों से भरी होती है।

केप्री और गुजरात टाइटंस के बीच साझेदारी

मुंबई। केप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड ने गुजरात टाइटंस के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ते हुए, लगातार तीसरे साल भी इसे जारी रखने की घोषणा की। इस गठबंधन के तहत, गुजरात टाइटंस की आधिकारिक टीम जर्सी के सीने पर दाईं ओर केप्री का लोगो प्रमुखता से दिखाई देगा, जो दोनों संस्थाओं के बीच मजबूत नाते को दर्शाता है।

पिज्जा हट का बैस्टसेलर मैल्ट्स हुआ लांच

नई दिल्ली। पिज्जा ब्रांड ने अपने बैस्टसैलर 'मैल्ट्स' को अब भारत में लांच किया है, इसके साथ ही भारतीय बाजार में इस ब्रांड ने एक नई श्रेणी में कदम रख दिया है। तेज रफ्तार ज़िंदगी जीने वालों के लिए मैल्ट्स उचित पेशकश है, इसे किसी भी समय कहीं भी खाया जा सकता है। क्रिस्पी, चीज़ी और लोडेड यह नया मैल्ट्स थिन एन' क्रिस्पी क्रस्ट से बना है जो स्वादिष्ट फिलिंग और सॉस से भरपूर है, इसमें पिघला हुआ 100 प्रतिशत मॉज़रेला चीज शामिल है।

के2 इंफ्राजेन का आईपीओ आज खुलेगा

मुंबई। के2 इंफ्राजेन लिमिटेड ने 28 मार्च 2024 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है। कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत अप्पर प्राइस बैंड पर 40.54 करोड़ रुपए एकत्र करना है। कंपनी के शेयर्स सेट एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे.इश्यू साइज 10 रुपए प्रत्येक सम भाव पर 34,06,800 इक्विटी शेयर्स तक हैं। एंकर पोर्शन की बिडिंग 27 मार्च को खुली और इश्यू बुधवार 3 अप्रैल, 2024 को बंद होगा।

पेक्सपो ने आरसीबी से हाथ मिलाया

नई दिल्ली। स्टेनलेस स्टील की वॉटर बॉटल और वैक्यूम फ्लास्क का निर्माण करने वाली भारत की सबसे बड़ी एवं प्रमुख कंपनी पेक्सपो ने, टी20 लीग के बहुप्रतीक्षित 17वें संस्करण की ऑफिशियल वॉटर बोतल पार्टनर के रूप में, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ अपनी सहभागिता होने की घोषणा बड़े गर्व से की है। ये मुकाबले इसी मार्च से शुरू होने जा रहे हैं।

एक्सिस बैंक ने की डिजिटल ओपनिंग की शुरुआत

मुंबई। एक्सिस बैंक ने एक्सिस बैंक आईबीयू-गिफ्ट सिटी में एनआरआई ग्राहकों के लिए डिजिटल यूएस डॉलर फिक्स्ड डिपॉजिट की शुरुआत करने की घोषणा की। इस शुरूआत के साथ, एक्सिस बैंक गिफ्ट सिटी डिपॉजिट के लिए डिजिटल प्रक्रिया की पेशकश करने वाला पहला बैंक बन गया है।

माय11 सर्किल ने लांच किए कैंपेन

नई दिल्ली। प्लेटफॉर्म गेम्स24x7 अपने फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म माय11सर्किल के नए रोमांचक कैंपेन के माध्यम से आईपीएल 2024 के उत्साह को बढ़ाने के लिए तैयार है। माय11सर्किल पर एक करोड़ तो बस शुरुआत है, सोचो... कितनी बड़ी बात है! यह कैंपेन न केवल उत्सुकता बढ़ाएगा, बल्कि यूजर्स का रोमांच भी बढ़ेगा।। यह क्रिकेट टूर्नामेंट उनके लिए ज्यादा एंगेजिंग बनकर सामने आएगा। यह कैंपेन इस बात का संकेत देता है ।

सरकार बफर स्टॉक के लिए 5 लाख टन प्याज खरीदेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्याज एक्सपोर्ट बैन की वजह से मिल रहे कम दाम से परेशान किसानों को राहत देने के लिए केंद्र ने 1 अप्रैल से सीधे किसानों से 5 लाख टन प्याज खरीदने का फैसला किया है, ताकि निर्यात पर लगे प्रतिबंध के कारण किसान परेशान न हों। यह खरीद बफर स्टॉक के लिए होगी। इस फैसले की घोषणा उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित सिंह और विशेष सचिव निधि खरे ने की है।

सरकार ने 2023-24 (अप्रैल-मार्च) सीजन में बफर स्टॉक के लिए 7 लाख टन प्याज खरीदा था। उन्होंने कहा कि पहले खरीद की घोषणा किश्तों में की गई थी। इसके विपरीत, इस वर्ष बफर स्टॉक के लिए एक बार में ही घोषणा की जा रही है। यही नहीं जरूरत पड़ने पर अधिक प्याज खरीदा जाएगा, ताकि किसानों को परेशानी न हो।

ताकि निर्यात पर लगे प्रतिबंध के कारण किसान परेशान न हों

केवल 25,000 टन प्याज का ही स्टॉक

सिंह ने कहाकि इस साल खरीद की अवधि भी आगे बढ़ा दी गई है। पिछले साल खरीदे गए 7 लाख टन प्याज में से केवल 25,000 टन ही बफर स्टॉक में है, जबकि बाकी मात्रा बेची जा चुकी है। बिक्री मूल्य के बारे में पूछे जाने पर कि क्या सरकार 25 रुपए प्रति किलोग्राम की खुदरा बिक्री की पिछली नीति को बरकरार रखेगी, अधिकारियों ने कहा कि इसे थोक बाजार में प्रचलित दरों पर बेचा जाएगा और खुदरा बिक्री पर अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है।

सरकार ने हस्तक्षेप करने का फैसला किया

दोनों अधिकारियों ने कहा कि देश में प्याज के सबसे बड़े व्यापारिक केंद्र, महाराष्ट्र के लासलगांव में किसानों को अब 14 रुपए प्रति किलो का दाम मिल रहा है, जो एक साल पहले लगभग 8 रुपए किलो ही था. फिर भी, सरकार ने हस्तक्षेप करने का फैसला किया। क्योंकि किसानों को यह महसूस नहीं होना चाहिए कि वे घाटे में प्याज बेच रहे हैं। रोहित सिंह ने कहा कि सरकार ने कभी प्याज लागत से कम दाम पर नहीं खरीदा। पिछले रबी सीजन में प्याज औसतन 17 रुपए प्रति किलोग्राम पर खरीदा गया था।

मप्र में खरीफ फसल ऋण की देय की तिथि 30 अप्रैल हुई

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्य शासन मध्यप्रदेश द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों द्वारा खरीफ 2023 सीजन में किसानों को वितरित अल्प कालीन फसल ऋण की देय तिथि को बढ़ाकर अब 30 अप्रैल 2024 कर दिया गया है। सहकारिता विभाग मंत्रालय, भोपाल के उप सचिव द्वारा जारी पत्र में आयुक्त, सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं, मध्यप्रदेश, भोपाल को इस आशय के निर्देश दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों द्वारा खरीफ 2023 सीजन में किसानों को वितरित अल्प कालीन फसल ऋण की देय तिथि पूर्व में 28 मार्च 2024

निर्धारित की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 30 अप्रैल 2024 कर दिया गया है। उप सचिव, सहकारिता विभाग मंत्रालय, भोपाल द्वारा जारी पत्र में इस योजना की शेष शर्तें यथावत रहने के साथ ही अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि में परिवर्तन का किसानों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

कई बड़ी कंपनियों में पाई गईं खामियां

आरबीआई कसेगा गोल्ड लोन देने वाली कंपनियों पर शिकंजा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गोल्ड लोन देने के मामले में कई खामियां सामने आने के बाद आरबीआई और सतर्क हो गए हैं। हालिया कार्रवाई में आरबीआई ने आईआईएफएल फाइनेंस के गोल्ड लोन के कारोबार पर रोक लगा दी। माना जा रहा है कि अन्य गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों पर भी आरबीआई की कार्रवाई देखने को मिल सकती है और वे जांच के दायरे में आ सकती हैं।

बताया जा रहा है कि आरबीआई ने न केवल आईआईएफएल बल्कि अन्य एनबीएफसी को भी 20 हजार रुपये से अधिक का नकद कर्ज देते हुए पाया है। कुछ मामलों में यह राशि एक लाख रुपये से भी अधिक भी रही है। नियमों के मुताबिक ऐसी कंपनियों को 20 हजार रुपये से अधिक का कर्ज नकद में देने की अनुमति नहीं है। इसका उल्लंघन करने पर आयकर विभाग और आरबीआई आवश्यक कार्रवाई कर सकते हैं।

कई बड़ी कंपनियों ने नियमों का ताक पर रखा

बताया जा रहा है कि कई एनबीएफसी और गोल्ड लोन देने वाली कंपनियां अब भी नकद में लाखों रुपये दे रही हैं। इसमें कई बड़ी कंपनियां शामिल हैं, जिन्होंने जरूरी नियमों को ताक पर रख कर लोगों को गोल्ड लोन उपलब्ध कराए हैं। इसके लिए नकली दस्तावेजों का भी इस्तेमाल किया गया है।

ब्याज दरों में भारी अंतर

आरबीआई ने यह भी पाया है कि बैंक और एनबीएफसी के गोल्ड लोन की ब्याज दरों और प्रोसेसिंग फीस में भारी अंतर है। सरकारी बैंक 8.65 से 11 फीसदी तक ब्याज पर पर कर्ज दे रहे हैं, वहीं कुछ निजी बैंक सालाना 17 फीसदी तक का ब्याज वसूल रहे हैं। वहीं, एनबीएफसी कंपनियों के लोन की ब्याज दरें 36 फीसदी तक जा रही हैं। प्रोसेसिंग फीस में भारी अंतर है।

दो कंपनियों का विशेष ऑडिट होगा

आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड और जेएम फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जेएमएफपीएल) को नियामकीय उल्लंघन के मामले में एक विशेष ऑडिट का सामना करना पड़ेगा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ऑडिटर की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की है। रिजर्व बैंक ने इन दोनों गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के विशेष ऑडिट के लिए ऑडिटर की नियुक्ति के लिए दो अलग-अलग निविदाएं जारी की हैं। इस महीने की शुरुआत में केंद्रीय बैंक ने नियामकीय दिशानिर्देशों का अनुपालन नहीं करने पर इन दोनों इकाइयों पर अंकुश लगाया था। जेएम फाइनेंशियल के मामले में आरबीआई ने पाया था कि कंपनी विभिन्न प्रकार की हेरफेरी में शामिल थी।

अवैध परिवहन करते मंडी उडऩदस्ते ने पकड़ा

500 बोरा मक्का और 60 क्विंटल धनिया बतौर मंडी शुल्क 45270 रु. जमा कराए

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पं.लक्ष्मीनारायण कृषि उपज मंडी समिति करोंद के सचिव आरपी गुप्ता निर्देश पर मंडी उडऩदस्ता प्रभारी जीवन सिंह राजपूत ने क्षेत्रीय निरीक्षण के दौरान विदिशा रोड पर सूखी सेवनिया के पास आकस्मिक निरीक्षण किया गया और वाहन क्रमांक एमपी 06 एचसी 0594 में भंडारित अधिसूचित कृषि उपज मक्का 500 बोरी वजन 250 क्विंटल और 60 क्विंटल धनिया बिना मंडी शुल्क भुगतान के और बिना अनुज्ञा पत्र व सौदा पत्रक के अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा। सचिव के नियंत्रण में उडऩदस्ता प्रभारी जीवन सिंह राजपूत ने मक्का व्यापारी 37250 और धनिया व्यापारी से 8020 रुपए की राशि बतौर मंडी शुल्क के रूप में मंडी कार्यालय में जमा कराई।

गौरतलब है कि मंडी समिति सचिव आरपी गुप्ता ने उड़नदस्ता प्रभारी जीवन राजपूत के साथ विदिशा रोड, सूखी सेवनिया के पास आकस्मिक निरीक्षण किया गया,निरीक्षक के दौरान वाहन क्रमांक एमपी 06 एचसी 0594 में भंडारित अधिसूचित कृषि उपज मक्का 500 बोरी भजन 250 क्विंटल बिना मंडी शुल्क भुगतान के और बिना अनुज्ञा पत्र व सौदा पत्रक के अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा। तो वहीं गुप्त सूचना के आधार पर वाहन क्रमांक एमपी 04 जीए 8823 का आकस्मिक निरीक्षण किया और उक्त वाहन में धनिया बीनागंज से भरकर बिना मंडी शुल्क भुगतान और बिना कागजात के अवैध परिवहन हो रहा था अतः भोपाल में मंडी की निरीक्षण टीम ने पकड़ा गया।

व्यापारियों के अनुरोध आवेदन पर छोड़े वाहन

प्रभारी राजपूत ने बताया कि उक्त वाहन चालक के कथन दर्ज कर ,पंचनामा तैयार कर वाहन को मध्य प्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19(4) का उल्लंघन करने पर धारा 23 के तहत जप्त कर मंडी शुल्क वसूली के लिए मंडी कार्यालय में खड़ा किया गया तत्पश्चात कृषि उपज के परिवहनकर्ता के वकील ने सचिव को आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया परिवहन की जा रही मक्का मुक्त करने का अनुरोध किया। सचिव आरपी गुप्ता द्वारा वाहन पर धारा 19(4) के तहत 5 गुना मंडी शुल्क 26875.00रुपए निराश्रित शुल्क 5375.00 रुपए एवं धारा 53 के अंतर्गत प्रशमन राशि 5000.00 कुल योग वसूली राशि 37250.00 रूपए मंडी कार्यालय में जमा कराकर वाहन को छोड़ा। जबकि भोपाल की अनुज्ञप्ति धारी फर्म भोपाल गोल्डन ट्रेडिंग कंपनी के अनुरोध पर मंडी शुल्क 5 गुना 7020 एवं प्रशमन शुल्क 1000 कुल राशि 8020 रुपए जमा कराया गया। इस प्रकार दो दिन में मंडी उड़नदस्ते ने कुल 45270 रुपए बतौर शुल्क मंडी कार्यालय में जमा कराए।

बिजनेस न्यूज

विक्रमादित्य की छात्रा का एसएससी डब्ल्यू (टेक) में चयन

भोपाल। विक्रमादित्य इंस्टीट्यूट ऑफ एण्ड मैनेजमेंट की छात्रा कु. आशिता गुप्ता जो कि एमबीए की विद्यार्थी थी। इनका चयन आर्मी के एसएससी डब्ल्यू (टेक) में चयन हुआ। इन्होंने ऑल इण्डिया में 6वीं रैंक हासिल किया। छात्रा का भारतीय सेना में चयन से महाविद्यालय परिवार उत्साहित है। छात्रा की ज्वाइनिंग मार्च में हो जाएगी। महाविद्यालय के चैयरमेन आदित्य नारोलिया एवं डायरेक्टर डॉ.दीपिका सिंह ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

मप्र नागर ब्राह्मण महिला परिषद का गठन, अर्चना अशोक व्यास बनीं महासचिव

भोपाल। मध्यप्रदेश नागर ब्राह्मण परिषद के प्रदेश स्तरीय चुनाव में समाज के सक्रिय कार्यकर्ता केदार रावल निर्वाचित हुए। रावल ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए प्रदेश स्तरीय महिला परिषद के लिए श्रीमती सोनिया मंडलोई को अध्यक्ष मनोनीत किया। मंडलोई ने अपनी प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी मे भोपाल से अर्चना अशोक व्यास एवं प्रतिभा पवन मेहता को महासचिव का दायित्व दिया। उल्लेखनीय है कि अर्चना व्यास एक वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता हैं एवं वे नागर महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष रहने के साथ ही वर्तमान मे गुजराती समाज महिला मण्डल भोपाल की उपाध्यक्ष भी हैं। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को श्रीमती प्रेरणा मेहता, प्रियंका नागर, पल्लवी व्यास, दिव्या शर्मा, मीना त्रिवेदी, संगीता नागर, चेतना नागर, भावना नागर, डा. स्मृति मेहता, मोनिका नागर, भावना मेहता, रेखा नागर, वीणा नागर आदि सदस्यों ने हार्दिक बधाई देते हुए सभी सामाजिक कार्यों मे अपना भरपूर योगदान देने का आश्वासन दिया। अर्चना व्यास ने प्रांताध्यक्ष केदार रावल एवं सोनिया मंडलोई को धन्यवाद देते हुए आश्वस्त किया की उनके हर सामाजिक रचनात्मक कार्य में भरपूर सहयोग प्रदान किया जाएगा।

विप्रो जीई हेल्थकेयर करेगा 8000 करोड़ से अधिक का निवेश

भोपाल। चिकित्सा प्रौद्योगिकी फार्मास्युटिकल डायग्नोस्टिक्स और डिजिटल समाधान नवप्रवर्तक के रूप में विप्रो जीई हेल्थकेयर ने अगले 5 वर्षों में विनिर्माण उत्पादन और स्थानीय अनुसंधान एवं विकास में 8000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश की घोषणा की तेजी से विकास के लिए तैयार, मेडटेक, सनराइज सेक्टर भारत में अस्पताल उद्योग के साथ तेजी से बढ़ रहा है जो कुल स्वास्थ्य सेवा बाजार का 80 प्रतिशत हिस्सा है और इसमें स्थानीय और वैश्विक स्तर पर मजबूत निवेशक मांग दिख रही है। यह रणनीतिक निवेश बढ़ते घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार को संबोधित करने के लिए विप्रो जीई हेल्थकेयर के स्थानीय विनिर्माण पदचिह्न को मजबूत करेगा और संगठन के लिए आपूर्ति श्रृंखला लचीलेपन का निर्माण करेगा।

सोनालीका ने लांच किया 'सिकंदर डीएलएक्स डीआई 60' ट्रैक्टर

नई दिल्ली। सोनालीका ट्रैक्टर्स कृषि मशीनीकरण की दिशा में एक परिवर्तनकारी रास्ता अपनाने के लिए उत्साहित है और अपनी नवीनतम पहल ' एक देश, एक ट्रैक्टर कीमत' पेश कर दी है। भारत में अपने हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर रेंज का विस्तार करते हुए, सोनालीका ने अपना नवीनतम 'सिकंदर डीएलएक्स डीआई 60 टॉर्क प्लस मल्टी-स्पीड ट्रैक्टर' एक विशेष कीमत 8,49,999 रुपए (एक्स-शोरूम) पर पेश किया है। कठोर मिट्टी में भी शानदार प्रदर्शन के लिए बेहतरीन टॉर्क देने के साथ डिजाइन किया गया, यह श्रेणी में सबसे बड़े इंजन और हर तरह के अनुप्रयोगों के दौरान ज़बरदस्त प्रदर्शन के लिए 10 डीलक्स खूबियों से लैस है। सोनालीका की हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर रेंज में जुड़ा ये नवीनतम ट्रैक्टर भी पंजाब के होशियारपुर में स्तिथ कंपनी के विश्व नंबर 1 ट्रैक्टर प्लांट से तैयार किया जाएगा।

उद्यमों के लिए डिजिटल सशक्तिकरण का ब्लू डार्ट ने पेश किया समाधान

नई दिल्ली। एकीकृत परिवहन एवं वितरण कंपनी ब्लू डार्ट को एक अभूतपूर्व यूनिफाइड शिपिंग एपीआई सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म के लांच की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस प्लेटफॉर्म को विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के साथ-साथ पूरे भारत में बड़े उद्यमों को सशक्त बनाने और लॉजिस्टिक्स से जुड़ी उनकी तमाम जरूरतें पूरी करने के हिसाब से तैयार किया गया है। ब्लू डार्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर, बॅलफर मैनुअल का कहना है कि इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से हमारा लक्ष्य यह है कि एमएसएमई और बड़े उद्यमों की क्षमताएं बढ़ाई जाएं, जिससे उन्हें अपनी आपूर्ति श्रृंखला की प्रक्रियाओं को अनुकूलित करने तथा अपने.अपने उद्योगों में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल करने के काबिल बनाया जा सके।

रेडियोवाला नेटवक का आईपीओ 2 अप्रैल को बंद होगा

नई दिल्ली। रेडियोवाला रेडियोवाला नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 14.25 करोड़ रुपए का बुक बिल्ट इश्यू है, जो 18.7 लाख शेयरों का फ्रेश इश्यू है। आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए आज 27 मार्च 2024 को खुलेगा और 2 अप्रैल 2024 को बंद होगा। आरंभिक सार्वजनिक निर्गम एनएसई एसएमईपर सूचीबद्ध होगा। आईपीओ के शेयरों का प्राइस बैंड 72.76 रुपए प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। किसी भी आवेदन के लिए न्यूनतम लॉट आकार 1600 शेयरों का है। खुदरा निवेशकों के लिए न्यूनतम निवेश की राशि 121,600 रुपए है। वहीं एचएनआई के लिए न्यूनतम लॉट साइज निवेश 2 लॉट (3,200 शेयर) है, जिसकी कीमत 243,200 रुपए है।

बीओसीआई ने की प्रवास 4.0 के चौथे संस्करण की घोषणा

बेंगलुरु। बस एंड कार ऑपरेटर्स कांफेडरेशन ऑफ इंडिया (बीओसीआई) ने प्रवास 4.0 के चौथे संस्करण की घोषणा की। भारत का यह बेहद अपेक्षित प्रमुख मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट शो बैंगलोर इंटरनेशनल एग्जिबिशन सेंटर (बीआईईसी) में 29 अगस्त से 31 अगस्त तक होने जा रहा है। सेफ, स्मार्ट, ऐंड सस्टेनेबल पैसेंजर मोबिलिटी की बेहद महत्वपूर्ण थीम के साथ प्रवास 4.0 मल्टीमोडल ट्रांसपोर्ट से जुड़े हितधारकों के सम्पूर्ण क्षेत्र को एकजुट करने के प्रति समर्पित है।

अल्यूविंड का आईपीओ आज खुलेगा

मुंबई। अल्यूविंड आर्किटेक्चरल लिमिटेड, जो फैस्ड और फनेस्ट्रेशन उद्योग की एक विख्यात खिलाड़ी ने 28 मार्च, 2024 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है. कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत 29.70 करोड़ रुपए एकत्र करने का है. कंपनी के शेयर्स सेट एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे. इश्यू साइज 10 रुपए प्रत्येक सम भाव पर 66,00,000 इक्विटी शेयर्स तक हैं.।

कीटनाशक व्यापारियों को राहत, 30 जून तक कर सकेंगे कोर्स

व्यापारियों से अपील, जो कोर्स करने के लिए बचे हैं वह जल्द कर लें, कोर्स ऑनलाइन उपलब्ध

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कीटनाशक लाइसेंसधारी व्यापारियों को 12 सप्ताह के सर्टिफिकेट कोर्स को करने की अवधि जो की 31 दिसंबर 2023 को समाप्त हो चुकी है, उसे केंद्र सरकार ने ऑल इंडिया संगठन की मांग पर 30 जून 2024 तक बढ़ा दिया है और इस बारे में एक गजट जारी कर दिया गया है। ऑल इंडिया संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय रघुवंशी ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनमोहन कलंत्री के नेतृत्व में ऑल इंडिया संघ को यह सफलता प्राप्त हुई है।

रघुवंशी ने बताया कि जीएसआर 228 (ई) 22 मार्च 2024 के माध्यम से गजट जारी किया गया है, जिसमें शैक्षणिक अर्हता प्राप्त करने की अवधि 30 जून 2024 तक बढ़ा दी गई है। इसके लिए ऑल इंडिया संगठन की ओर से राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, रायडा संरक्षक मोहनलाल गुप्ता एवं ज्वाइंट सेक्रेटरी अर्चना सिन्हा के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। रघुवंशी ने मध्यप्रदेश और देशभर कीटनाशक व्यापारियों से अपील की है जो कोर्स करने के लिए बचे हैं वह इस कोर्स को जल्द से जल्द कर ले, यह कोर्स अब ऑनलाइन भी उपलब्ध है । इसके लिए संगठन से संपर्क करें 30 जून के बाद इस तारीख को अब कभी भी नहीं बढ़ाया जाएगा।

सेल्सफोर्स और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में साझेदारी

मुंबई। सीआरएम समाधानों में ग्लोबल लीडरए सेल्सफोर्स ने भारत के अग्रणी एसएफबीए एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ गठबंधन की घोषणा की। इस गठबंधन का उद्देश्य बैंक के वाहन लोन के ग्राहकों के लिए एडवांस्ड डिजिटल कस्टमर ऑनबोर्डिंग सॉल्यूशन का क्रियान्वयन करना है। इस साझेदारी से टेक्नोलॉजी अपनाने की एयू एसएफबी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है।

आज से 25 शेयरों में होगा टी प्लस 0 ट्रेड सेटलमेंट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बीएसई ने गुरुवार से शुरू होने वाले टी+0 सेटलमेंट साइकल के लिए एलिजिबल 25 स्टॉक की सूची जारी की है। यह कदम पूंजी बाजार नियामक (सेबी) द्वारा इस महीने की शुरुआत में वैकल्पिक आधार पर टी+0 ट्रेड सेटलमेंट साइकल के बीटा वर्जन के लिए एक रूपरेखा पेश करने के बाद उठाया गया है। टी+0 सेटलमेंट साइकल के लिए एलिजिबल शेयरों में अंबुजा सीमेंट्स, अशोक लीलैंड, बजाज ऑटो, बैंक ऑफ बड़ौदा और बीपीसीएल शामिल हैं। शुरुआत में, यह विकल्प 25 शेयरों के चुनिंदा सेट और सीमित संख्या में ब्रोकरों के लिए उपलब्ध होगा। इस पहल का उद्देश्य इक्विटी कैश मार्केट में मौजूदा टी+1 के साथ एक एडिशनल सेटलमेंट साइकल विकल्प प्रदान करना है।भारत का 'टी+2' से 'टी+1' में परिवर्तन तीन चरणों में मार्च 2023 में पूरा हुआ।

ढांचे में बदलाव की आवश्यकता

छोटे सेटलमेंट साइकल के लिए ब्रोकर्स के लिए ट्रेडिंग ऑपरेशन के बुनियादी ढांचे में बदलाव की आवश्यकता होती है। विदेशी संस्थागत निवेशकों के लिए कुछ अप्रूवल की भी आवश्यकता होती है। अब, 'टी+1' में परिवर्तन के एक वर्ष के अंदर, बाजार ट्रेडों के लिए उसी दिन सेटलमेंट साइकल की ओर बढ़ रहा है।

राधारमण पूल कैंपस में 18 विद्यार्थी चयनित

भोपाल। राधारमण समूह द्वारा हाल ही में आयोजित पूल कैंपस में 18 विद्यार्थियों का चयन मेक्सोप इंजीनियरिंग में हुआ है। यह कैम्पस बीटेक व डिप्लोमा की मेकेनिकल व इलेक्ट्रिकल ब्रांच के 2024 बैच के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था। कंपनी से आये अधिकारियों ने योग्य उम्मीदवार के चुनाव के लिए ग्रुप डिस्कशन, इंग्लिश टेस्ट, टेक्निकल टेस्ट, एप्टीट्यूड टेस्ट, टेक्निकल इंटरव्यू तथा एच आर इंटरव्यू की प्रक्रिया को अपनाया। इस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले 18 विद्यार्थियों को नियुक्ति के लिए चुना गया। राधारमण समूह के चेयरमैन आर आर सक्सेना ने सभी चयनित विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी है।

सस्ता हुआ जीरा, जीरे का अप्रैल अनुबंध 23,415 रुपए प्रति क्विंटल हुआ

भोपाल

पिछले साल जीरे की महंगाई से परेशान उपभोक्ताओं को इस साल राहत मिल रही है। कमोडिटी एक्सचेंज नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज जीरे का अप्रैल अनुबंध 26,540 रुपए क्विंटल के भाव पर छुआ था। इसके बाद यह अनुबंध गिरकर 23,415 रुपए प्रति क्विंटल पर दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया। इस तरह बीते 15 दिन में जीरे के वायदा भाव 10 फीसदी से ज्यादा घट चुके हैं। इस दौरान जीरा की अहम मंडी ऊंझा में जीरे के थोक भाव 26,500 रुपए से घटकर 24,500 रुपए प्रति क्विंटल रह गए हैं। बाजार जानकारों के अनुसार मार्च महीने में जीरे के भाव 10 फीसदी से ज्यादा गिर चुके हैं। आगे भी इसकी कीमतों में सुस्ती रह सकती है। पिछले साल जीरे के भाव रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच कर 65 हजार रुपए प्रति क्विंटल पार कर गए थे। कारोबारी अनिल कुकरेजा ने बताया कि इस साल जीरे के उत्पादन में काफी वृद्धि होने का अनुमान है। कारोबारी अनुमान के मुताबिक इस साल देश में 90 से 95 लाख बोरी जीरे का उत्पादन हो सकता है। पिछले साल 55 से 60 लाख बोरी (55 किलो)उत्पादन हुआ था। इस तरह इस साल जीरे के उत्पादन में 60 फीसदी से ज्यादा इजाफा हुआ है। जीरा सस्ता होने की वजह उत्पादन बढ़ने के कारण जीरे की आवक बढ़ना है।

खबर संक्षेप

10 हजार से अधिक का नगद भुगतान नहीं कर सकेंगे उम्मीदवार

कटनी। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार निर्वाचन व्यय के किसी भी मद में किसी भी व्यक्ति या इकाई को दस हजार रूपये से अधिक का भुगतान नगद में नहीं कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक उम्मीदवार को अपने निर्वाचन व्यय के किसी मद पर दस हजार से अधिक की राशि का भुगतान रेखांकित या एकाउंट पेई चेक, ड्राफ्ट अथवा आरटीजीएस या एनईएफटी के माध्यम से ही करना होगा। आयोग ने ये निर्देश आयकर अधिनियम की धारा 40 ए (3) में एक अप्रैल 2017 को हुए संशोधन के मद्देनजर जारी किया है। इसमें कहा गया है कि उम्मीदवारों अथवा राजनैतिक दलों द्वारा दस हजार रूपये से अधिक की राशि नगद के रूप में न तो खर्च की जा सकती है और न ही किसी से चंदे के रूप में ली जा सकती है । निर्वाचन आयोग के मुताबिक निर्वाचन व्यय के रूप में दस हजार रूपये तक राशि का भुगतान भी उम्मीदवारों द्वारा निर्वाचन व्यय के प्रयोजन से पृथक से खोले गये बैंक खाते से आहरित कर ही किया जा सकेगा।

पोटली में बंद नाले में मिला शिशु का शव

कटनी। ढीमरखेड़ा ब्लॉक में नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने पोटली में बंद मिले नवजात के शव को जप्त करते हुए अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। ढीमरखेड़ा ब्लॉक के दसरमन गांव में मंगलवार को पोटली में बंद नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने बताया कि सचिन नामदेव के घर के पास नाली में पोटली के अंदर से दुर्गंध आ रही थी, जिसकी जानकारी सिलौंडी चौकी पुलिस को दी गई। मामले की जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी सीताराम बागरी अपने टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पोटली को खुलवाया, जिसमें नवजात बच्ची का शव मिला। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमरियापान भिजवाया। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है। प्रारंभिक तौर पर पुलिस ने इस मामले में किसी भी तरह का खुलासा नहीं किया है प्रकरण दर्ज करते हुए मामले की जांच की जा रही है। इसके पूर्व भी जिले में कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गाटरघाट के समीप एक नवजात बच्चे का शव पाया गया था। उक्त मामले में पुलिस की जांच जहां की तहां अटकी हुई है।

मोबाइल चोरी को लेकर हुए विवाद में दो अधिवक्ता हुए घायल

कटनी। होली पार्टी के दौरान मोबाइल चोरी की आशंका को लेकर हुए विवाद के कारण एक दर्जन से भी अधिक युवकों ने नई बस्ती क्षेत्र में कुछ अधिवक्ताओं पर हमला कर दिया। मारपीट में दो अधिवक्ताओं सहित एक अन्य युवक को गंभीर चोटें आई हैं उन्हें इलाज के लिए शासकीय जिला अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के मुताबिक होली पर राघव रीजेंसी में होली पार्टी का आयोजन किया गया था। जहां पर अधिवक्ता मयंक नगरिया, अधिवक्ता सत्येंद्र निषाद भी मौजूद थे। इस दौरान मोबाइल चोरी की बात को लेकर मयंक और सत्येंद्र का विवाद नई बस्ती निवासी कुछ युवकों से हो गया। बताया जाता है कि जब मयंक और सत्येंद्र अपने साथी रोहित निषाद के साथ नई बस्ती से होकर गुजर रहे थे इसी दौरान उन लोगों ने उन लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। एक दर्जन युवकों ने दोनों अधिवक्ताओं सहित युवक की बेरहिनी से पिटाई कर दी। मारपीट में एक अधिवक्ता के सिर में गहरी चोट आने के कारण 6 टांके लगे जबकि रोहित को भी सिर पर गहरी चोट है उसे भी 8 टांके लगाए गए हैं। अधिवक्ताओं की शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच कार्यवाही शुरू कर दी है।

रंग गुलाल से सराबोर दिखाई दिये युवा और बच्चे, सुरक्षा को लेकर सख्त रहा पुलिस का पहरा

रंगों के पर्व होली में दिखा उत्साह, जमकर की मौज मस्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रंग, उमंग और खुशियों का महापर्व होलिकोत्सव जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। होली के त्यौहार की मस्ती के आगे क्या बच्चे क्या बड़े सब होलियाना पर्व में दिखे। शहर से लेकर दूरस्थ गांव तक स्थानीय परंपरानुसार विविध आयोजनों के मध्य महापर्व होली धूमधाम से मनाया गया। होलिका दहन के साथ ही शुरू हुआ बुरा न मानो होली है का शोर भाई दूज की देर शाम जाकर थमा। इस बीच कही सामूहिक रूप से रंग, गुलाल से एक दूसरे को सराबोर कर होली मनाई गई तो कही पारंपरिक होली गीत गुंजायमान रहे। होली के अवसर पर लोगो ने स्नेहीजनों के घरों में भी पहुंचकर एक दूसरे पर रंग व टीका लगाकर होली की शुभकामनायें दी।

नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जगह जगह होलिका दहन किया गया। होलिका की प्रतिमाओं को कंडे, लकड़ियों के ढेर में रखकर दहन किया गया। विधि विधान के साथ पूजन कर होलिका का दहन कर एक दूसरे के माथे पर टीका लगाकर होली की शुभकामनाओ और गले मिलकर बधाई देने का जो सिलसिला प्रांरभ हुआ वह धुरेड़ी के दिन रंगोत्सव में तब्दील हो गया जबकि भाई दूज के दिन में ग्रामीण अंचलो में गोबर वाली होली के रूप में मनाई गई।

उत्साह से सराबोर रहे बच्चे

होली पर्व को लेकर खासकर युवाओं व बच्चों में बहुत उत्साह देखा गया। बड़ो की होली में पहले जैसी रंगत नजर नही आई। बावजूद इसके महापर्व होली धूम निराली रही। परिजनों ने बच्चों के मनपंसद वाली पिचकारियां, रंग के साथ ही बाजार में उपलब्ध मनोरंजन की कई सामग्री खरीदी। बच्चे कही मुखौटो के साथ होली का लुत्फ उठाते रहे तो कही साधु संतो की वेशभूषा वाले जटा लगाकर भी हुल्लड़ करते रहे। बाजार में सजी होली की दुकानों में भीड़ रही। मिठाई की दुकानों में भी भीड़भाड़ रही। दो दिनी अवकाश के बाद बुधवार को भी बाजार भी पूरा नहीं खुला। वाहनों की धमाचौकड़ी भी कम ही रही।

दूसरे दिन हुई जमकर होली

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी धुरेड़ी से कहीं ज्यादा होली दूसरे दिन हुई। धुरेड़ी के दूसरे दिन ज्यादा होली खेली गई। सड़कों

पर सन्नाटे के रंगों से सराबोर युवाओं की टोली भी निकली, हालांकि जान पहचान वालों को ही रंग गुलाल लगाया। विवादित स्थिति से बचने जबरन किसी पर रंग नहीं डाला गया। युवाओं में कहीं-कहीं मामूली विवाद की स्थिति भी निर्मित हुई, लेकिन बुरा ना मानो होली है, के उद्घोष के बीच सब कुछ चलता रहा।

बच्चों ने चलाई पिचकारियां

रंगों के पर्व होली पर कलेक्टर अवि प्रसाद बच्चों के साथ बच्चे बने नजर आए। उन्होंने आसरा बाल गृह के बच्चों की नटखट टोली के साथ रंग और गुलाल की जमकर होली खेली और बच्चों की खुशियों में शामिल हुए। बच्चों ने यहां गुझिया, कचौड़ी, आलू -मटर चाट सहित भांति-भांति के लजीज व्यंजनों और मिठाईयों का ज़ायका लिया।इस दौरान जिले के कई प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

कलेक्टर अवि प्रसाद के साथ नटखट अंदाज में होली खेल रहे बच्चों की खुशी देखते ही बनती थी। कलेक्टर ने भी बच्चों के साथ बच्चा बन खेलीं रंगों की होली। कलेक्टर श्री प्रसाद के साथ होली खेलकर बच्चे बेहद खुश हुए।बच्चों की इसी खुशी ने रंगोत्सव के उल्लास और उत्साह को दोगुना कर दिया। कलेक्टर श्री प्रसाद के साथ -साथ जिले के मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने भी बच्चों के साथ होली खेली।

व्यंजनों का उठाया लुत्फ

बच्चों के साथ बच्चा बनकर होली का आनंद उठाते अधिकारियों की खुशी भी देखते ही बनती थी। होली खेलने के साथ -साथ बच्चों ने होली के पारंपरिक व्यंजनों सहित चटपटे स्वाद का आनंद उठाया। इस दौरान आसरा बाल गृह के संचालक सहित कलेक्ट्रेट और अन्य विभागीय अधिकारी- कर्मचारी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री प्रसाद से आसरा बाल गृह के बच्चों का आत्मीय लगाव किसी से छिपा नहीं है। बीते साल कलेक्टर के बाल आसरा गृह भ्रमण के दौरान यहां के बच्चों ने कलेक्टर श्री प्रसाद के साथ होली खेलने की इच्छा जताते हुए उन्हें बाल गृह आने का निमंत्रण दिया था। जिस पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने बच्चों से उनके साथ होली खेलने का वादा किया था। इसी वादे को पूरा करते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद ने अपने निवास पर बीते साल आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में बाल गृह के बच्चों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया था। जहां कलेक्टर श्री प्रसाद ने बच्चों के साथ करीब 3 घंटे तक जमकर होली खेली थी।

चाक चौबंद रहे पुलिस के इंतजाम, वाहनों की चेकिंग

होली पर्व के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिले भर में पुलिस सख्त नजर आई। नगर भ्रमण कर हुल्लड़बाजों को समझाइश दी गई। नशा कर वाहन चलाने वालों की चेकिंग भी की गई। पुलिस की सक्रियता के चलते होली का त्यौहार पूरे जिले में शांतिपूर्ण ढंग से मना। पर्व में कोई अप्रिय घटना न हो इसके मद्देनजर इस बार पुलिस ने भी खास तैयारी की थी। होलिका दहन के दिन से लेकर धुरेड़ी और इसके दूसरे दिन तक शहर के चप्पे-चप्पे में पुलिस बल पूरे समय तैनात रहा। प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी शहर में गश्त करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।

आपराधिक गतिविधियों में लिप्त तत्वों पर शिकंजा कसने पुलिस ने किया भ्रमण

अलग अलग स्थानों से शराब, चाकू सहित आदि किया गया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डां सन्तोष डेहेरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के द्वारा होली त्योहार एवं लोक सभा चुनाव पर अबैध शराब, अबैध शस्त्र रखने वाले तथा उत्पाच मचाने वालों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके पालन मे क्षेत्र मे लगातार भ्रमण किया गया।

थाना प्रभारी कोतवाली आशीष शर्मा के निर्देशानुसार चौकी प्रभारी बस स्टेण्ड थाना कोतवाली से उप.निरी. अंकित मिश्रा द्वारा हमराह स्टाफ सउनि.दीपेन्द्र शर्मा, प्र.आर. मनोज पटेल, प्रआर नीरज पाण्डेय, प्र आर सुशील पाण्डेय, आर मनु

त्रिपाठी, आर सौरभ तिवारी, सैनिक जय कुमार, सैनिक भरत मिश्रा के द्वारा भ्रमण के दौरान अर्जुन कोल पिता नत्थू लाल कोल 24 निवासी गल्ला मण्डी पहरुआ थाना कुठला कटनी के कब्जे से 100 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 10,000 रुपये की जप्त कर धारा 34 आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई।

इसी तरह आरोपी इमरान खान पिता शहीद खान उम्र 37 वर्ष निवासी आजाद चौक थाना कोतवाली कटनी के द्वारा अबैध रुप से एक लोहे का चाकू रखे पाये जाने से चाकू जप्त कर धारा 25 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की गई। इमरान खान द्वारा कैलवारा फाटक मे आम रोड़ पर उत्पात मचाने पर धारा 151, 107, 116(3) जाफौ की कार्यवाही की गई। 25 मार्च की रात्रि मे मुकेश चौधरी पिता स्व रामचरण चौधरी उम्र 36 वर्ष निवासी कोल मोहल्ला थाना कोतवाली द्वारा कोल मोहल्ला आम रोड़ मे उत्पात मचाने पर धारा 151, 107, 116(3) जाफौ तैयार किया गया। एक अन्य मामले में आरोपी बोटे लाल कोल पिता डोमल कोल उम्र 32 वर्ष निवासी सिंगल दीप थाना पनागर जिला जबलपुर हाल जमोड़ी थाना कोतवाली कटनी के कब्जे मे अबैध रुप से 20 पाव देशी प्लेन शराब कीमती करीबन 2,000 रुपये का पाये जाने से आरोपी के खिलाफ धारा 34 ए आबकारी एक्ट कायम किया गया।

सुखमय जीवन के लिए श्रद्धा भक्ति व समर्पण जरूरी

संत शिरोमणी आचार्य विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य प्रखर वक्ता, गुणायतन प्रणेता, भावना योग प्रवर्तक, शंखा समाधान के जनक मुनिश्री 108 प्रमाण सागर महाराज का संघ सहित नगर आगमन हुआ। इस अवसर जैन धर्मालम्बियों द्वारा आरती उतारकर, पाद प्राक्षल कर एवं रंगोली सजाकर मुनि संघ की भव्य आगवानी कि गई। धर्मयात्रा माई नदी से प्रारंभ होकर खिरहनी फाटक, हीरागंज,गोलबाजार,मेन रोड़ सुभाष चौक, कपड़ा बाजार से होते हुये श्री 1008 पार्श्वनाथ दिग .जैन बड़े मंदिर में पहुंची जहां मुनिश्री के मुखाग्र बिन्दु से शांतिधारा होने के पश्चात यात्रा जैन बोर्डिंग हाउस में पहुंचकर धर्मसभा के रूप में परिवर्तित हो गई मंगलाचरण रूची दीदी द्वारा आचार्य श्रीजी के चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्जवलन समाजसेवी दादा संतोष कुमार मालगुजार के द्वारा किया गया। मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि देव शास्त्र गुरू के प्रति पूर्ण समर्पण करने से आपके जीवन में कल्याण हो सकता हैं उन्होने ने आगे कहा कि जीवन को सुखमय बनाने के लिए श्रद्धाभक्ति,समर्पण,बुद्धि का होना आवश्यक है ।

12 जुआरी पकड़ाये, 6 बाइक एवं 42 हजार रूपए नकदी किये जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

माधव नगर पुलिस ने लगभग एक दर्जन जुआडियो को दांव लगाते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। जुआडियों के पास से पुलिस ने आधा दर्जन बाइक सहित साढ़े 4 लाख का माल बरामद किया। नगर थाना प्रभारी अनूप सिंह ठाकुर ने बताया कि अभिजीत रंजन पुलिस अधीक्षक कटनी के निर्देशन एवं डॉ संतोष डेहरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, श्रीमति ख्याति मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक कटनी के मार्ग दर्शन में दुर्गेश तिवारी उप निरीक्षक के नेतृत्व में जुआ खेलने 'वाले 12 आरोपियों को पकडने में सफलता मिली है।

थाना माधवनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि लखापतेरी 'के पास 'कुछ लोग तास

के पत्तो पर रूपये पैसो का दाव लगाकर हार जीत की बाजी लगाते दिख रहे हैं। सूचना पर तत्काल टीम का गठन किया गया और जुआ खेलने वाले स्थान लखापतेरी मुर्गी फार्म के पास पुलिस ने घेराबंदी कर कुछ लोगों को जुआ मन्ना खेलते हुऐ पकड़ा। आरोपियों ने पुलिस फोर्स को देखते ही भागने का असफल प्रयास किया, लेकिन माधवनगर पुलिस की टीम ने मुस्तैदी से सभी आरोपियों को जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ा। आरोपियों के पास से तास के पते एव 42,400 रूपये नगद 06 टू व्हीलर कीमती 4 लाख कुल जप्त मशरूका 4,42,400/ रूपये जप्त कर सभी आरोपियों के विरूद्द धारा 13 जुआ एक्ट एवम् मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

कार्रवाई में थाना प्रभारी अनूप सिंह ठाकुर, दुर्गेश तिवारी उप निरीक्षक चौकी प्रभारी निवार, सउनि. कमलेश्वर शुक्ला, रमाकान्त दुबे, मनोज कुडापे, प्रधान आर. गौरव सेन, मनीष असैया, लाल जी यादव, प्रशान्त, विवेश कुमार, आर. अरविन्द कुशवाहा, शिवकुमार पटेल, अभय यादव, रविन्द दुबे, राजेन्द्र उईके, वकील यादव की सराहनीय भूमिका रही।

कलेक्टर ने दिये पेयजल एवं प्रसाधन के इंतजाम करने निर्देश

10 केन्द्रों में होगा समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों का उपार्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रबी विपणन वर्ष 2024-25 हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले में चना, मसूर, एवं सरसों के उपार्जन हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत पात्र किसानों से खरीदी हेतु 10 उपार्जन केन्द्र स्थापित किए गए हैं। कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों में किसानों के लिए पेयजल और प्रसाधन आदि के इंतजामों के निर्देश दिये हैं।

इन दरों में होगी खरीदी

किसानो से समर्थन मूल्य पर क्रय हेतु चना के लिए 5 हजार 440 रूपए प्रति क्विंटल, मसूर 6 हजार 425 रूपए प्रति क्विंटल और सरसों 5 हजार 650 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जायेगा। इन फसलों का उपार्जन कार्य 31 मई तक किया जाएगा।

ये हैं उपार्जन केन्द्र

चना, मसूर और सरसों के उपार्जन हेतु जिले में स्थापित 10 उपार्जन केन्द्रों में कटनी तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति चाका कैलवाराकला, कटनी नगर तहसील में विपणन सहकारी संस्था कटनी, स्लीमनाबाद में प्राथमिक कृषि साख समिति स्लीमनाबाद, ढीमरखेड़ा में प्राथमिक कृषि साख समिति झिन्ना पिपरिया,बडवारा में किसान सहकारी विपणन समिति बडवारा, और बरही तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति पिपरियाकला, बहोरीबंद में प्राथमिक कृषि साख समिति बहोरीबंद एवं प्राथमिक कृषि साख समिति बनाकर तथा विजयराघवगढ़ में प्राथमिक कृषि साख समिति विजयराघवगढ़ और रीठी तहसील में कृषि विपणन सहकारी समिति रीठी को उपार्जन केन्द्र बनाया गया है।

किसानो के लिए व्यवस्था

कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र में किसानों के लिए पीने के पानी एवं शौचालय व्यवस्था सहित उपज की छनाई एवं साफ करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

ये हैं जरूरी दस्तावेज

.कृषकों को अपने उपज विक्रय के समय उपार्जन केन्द्र पर दस्तावेज जमा करना होगा, जिनका मिलान केन्द्र प्रभारी द्वारा किया जायेगा एवं मिलान होने के उपरांत कृषक तौल पर्ची जारी करने की कार्यवाही की जायेगी। इसमें आधार कार्ड की प्रति,बैंक पासबुक से बैंक खाता नंबर, आई एफ एस सी कोड एवं शाखा का मिलान ,समग्र सदस्य आई.डी की प्रति (न होने के दशा में पेनकार्ड की प्रति),वनाधिकार पट्टाधारी को पट्टे की प्रति,सिकमी किसानों को सिकमी अनुबंध की प्रति ,किसानों पंजीयन पर्ची का हस्ताक्षरित प्रिंटआउट, खसरे, ऋण पुस्तिका (मोबाईल एप से पंजीयन कराने वाले किसानों हेतु) प्रस्तुत करनी होगी।

लेकिन जिन कृषकों द्वारा पंजीयन के समय उक्त दस्तावेज दिये गये है, उनकों पुनः दस्तावेज उपलब्ध कराने की आवश्यकता नही है।किसानों द्वारा विक्रय की गई उपज की कम्प्यूटराइज्ड प्रिंटैड रसीद (डबल कॉपी) केन्द्र प्रभारी द्वारा ऑनलाईन जारी कर अपने हस्ताक्षर किये जायेंगें, जिसकी एक प्रति संस्था द्वारा रखी जायेगी तथा दूसरी कृषक को दी जावेगी।

उम्मीदवार को नामांकन पत्र के साथ जमा करना होगा शपथ पत्र

प्रत्येक उम्मीदवार को देना होगा अपराधिक रिकार्ड का विवरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन के घोषित कार्यक्रमानुसार चुनाव की अधिसूचना 28 मार्च को जारी की जाएगी। इसी दिन से नामांकन पत्र दाखिल करने प्रक्रिया आरंभ होगी। आयोग के निर्देशानुसार नामांकन पत्र के साथ प्रत्येक उम्मीदवार को आपराधिक रिकार्ड का विवरण भी देना होगा।

इस संबंध में सभी उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल करते समय निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करना आवश्यक होगा। नामांकन पत्र के साथ उम्मीदवार को निर्धारित प्रपत्र 26 में आपराधिक प्रकरण के संबंध में शपथ पत्र देना होगा। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार उम्मीदवार को अपने पूर्व के प्रचलित आपराधिक प्रकरण एवं दोषसिद्ध प्रकरण के संबंध में घोषणा पत्र देना होगा। उम्मीदवार निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप में सभी विवरण दर्ज करके नामांकन पत्र के साथ प्रस्तुत करेंगे। यदि उम्मीदवार किसी राजनैतिक दल कि ओर से चुनाव लड़ रहा है तो उसे आपराधिक प्रकरण के संबंध में उस राजनैतिक दल को भी सूचना देनी होगी। राजनैतिक दल उम्मीदवार के लंबित आपराधिक प्रकरण कि जानकारी दल की वेबसाइट पर दिखाएंगे। साथ ही राजनैतिक दल इस संबंध में एक घोषणा जारी करेंगे जिसे समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया में प्रसारित प्रकाशित करना आवश्यक होगा। नामांकन पत्र भरने के बाद कम से कम तीन बार लंबित आपराधिक प्रकरण के संबंध में घोषणा स्थानीय समाचार पत्रों एवं टीव्ही चौनलों में प्रसारित करना अनिवार्य होगा। इनका प्रसारण नाम वापसी कि समय सीमा समाप्त होने से मतदान के 48 घण्टे पहले तक कि अवधि में किया जाना है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आपराधिक प्रकरणों की जानकारी देने के लिए आयोग द्वारा प्रपत्र सी -1 निर्धारित किया गया है। जिसे संचार माध्यमों में प्रकाशित एवं प्रसारित किया जायेगा। उम्मीदवार प्रपत्र सी -2 में अपने राजनैतिक दल को लंबित प्रकरणों की जानकारी देंगे। जिसे दल वेबसाइट में प्रदर्शित किया जाएगा। उम्मीदवार प्रपत्र सी -3 में रिटर्निंग आफीसर को लिखित में जानकारी देंगे तथा प्रपत्र 26 में शपथ प्रस्तुत देंगे। प्रपत्र 26 के कालम 5 एवं 6 में आपराधिक प्रकरणों कि जानकारी दी जायेगी। सभी उम्मीदवारों को इन निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए है।

उम्मीदवार ऑनलाइन जमा कर सकते हैं जमानत राशि

चुनाव लड़ने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निक्षेप राशि (जमानत राशि) निर्धारित की गई है। अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को 25 हजार रूपये और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी को 12 हजार 500 रुपये की निक्षेप राशि जमा करानी होगी। उम्मीदवार नामांकन पत्र के साथ इसे नकद जमा कर सकते हैं। उम्मीदवारों को ऑनलाइन जमानत राशि जमा करने की भी सुविधा दी गई है। उम्मीदवार ई-चालान अथवा साइबर ट्रेजरी पोर्टल से जमानत राशि ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।

मतदान दिवस पर संवैतनिक अवकाश

लोकसभा निर्वाचन- 2024 के मद्देनजर कारोबार, न्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य संस्थान में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान दिवस पर मतदान करने के लिए सवैतनिक अवकाश प्रदान करने के निर्देश दिये गये हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद द्वारा जारी परिपत्र के तहत बुधवार को आदेश जारी कर अनुसार बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ख) के प्रावधान के अनुसार निर्वाचन के दौरान मतदान दिवसों को किसी भी कारोबार, व्यवसाय,औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य संस्थाओं में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करने के लिए सवैतनिक अवकाश प्रदान किये जाने के निर्देश दिए हैं। यह निर्देश ऐसे निर्वाचकों पर लागू नहीं होंगे, जिनकी अनुपस्थिति से उस नियोजन में कोई खतरा या सारवान हानि स्वेद्ध हो सकती है। इस प्रावधान के अंतर्गत दैनिक वेतन , आकस्मिक श्रमिक भी मतदान दिवस पर मजदूरी सहित अवकाश के हकदार होंगे। इस प्रावधान का उल्लंघन करने वाले नियोजकों के विरूद्ध दंड का प्रावधान है।

आदतन अपराधी के विरुद्ध की जिलाबदर की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला मजिस्ट्रेट अवि प्रसाद ने लोक सभा निर्वाचन के मद्देनजर भारत चौक , झर्रा टिकुरिया थाना रंगनाथ नगर निवासी रवि कोल पिता राजू कोल 28 वर्ष के विरुद्ध जिलाबदर की कार्यवाही करते हुए जिले की राजस्व सीमा सहित समीपवर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से 6 माह की अवधि के लिए निष्कासित कर दिया है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर की है

रवि एक असामाजिक तत्व एवं आदतन अपराधी है। इसके विरुद्ध थाना रंगनाथ नगर, कोतवाली, जीआरपी कटनी क्षेत्र में आमजन के साथ गाली गलौज , मारपीट करना गंभीर घटना कारित करना, अवैध शस्त्र कब्जे में रखना, शराब पीने के लिये अवैध रुपये की मांग करना न देने पर मारपीट कर चोट पहुंचाना , चोरी की योजना बनाना, गांजा जैसा मादक पदार्थ कब्जे में रखना जैसे 10 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किये जाकर विवेचना उपरांत आरोप पत्र न्यायालय पेश किये गए है जो वर्तमान में विचाराधीन है।

रवि के विरूद्ध उसकी आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिये समय-समय पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां की गई है परन्तु इसके आचरण में कोई सुधार परिलक्षित नहीं हुआ है। रवि की आपराधिक गतिविधियों के कारण एवं उसका आपराधिक कृत्यों से आमजनो का स्वच्छंद विचरण करना मुश्किल हो गया है तथा आम जनता के लिये आतंक का पर्याय बन चुका है। रवि के उपनगरीय क्षेत्र रंगनाथ नगर जिला कटनी में मौजूद रहने से आमजनों के लिये भय एवं आतंक का वातावरण निर्मित होने के कारण रवि के विरुद्ध मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिला बदर कार्यवाही की गई है।

होली के रंगों और गुलाल से सराबोर रहा शहर

परम्परागत तरीके से मनाया गया रंगों का त्यौहार

जबलपुर।

बुराई पर अच्छाई का प्रतीक रंगों का अलमस्त त्यौहार होलिकोत्सव परम्परागत तरीके से मनाया गया। पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था होने के कारण इस बार होली में मारपीट, लड़ाई झगड़े की वारदातें गत वर्ष की तुलना में कम हुईं। लोग रंगों में सराबोर रहे, अपने-अपने में मस्त रहे। शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस ने वो लगाम कसी कि हुड़दंग तो हुई लेकिन शालीन। शहर के प्रमुख चौराहों पर पुलिस ने स्टापेज लगा रखे थे, जिससे शराबियों के वाहनों की रफ्तार और अलमस्ती दोनों नियंत्रित रही। होलिका दहन की रात्रि से ही पुलिस सख्त हो गई थी। रात 12 बजे सारी होलिका प्रतिमाओं का दहन हो चुका था। सुबह से ही रंग और अबीर उड़ने लगा। हुरियारे रंगों में डूबने लगे। सुबह से शाम तक शहर में रंग गुलाल होता रहा। कालोनियों में होली का माहौल ही कुछ अलग था। लोग टोलियां बनाकर एक-दूसरे को रंग गुलाल लगा रहे थे। जबकि हुड़दंगियों को अपना अंदाज ही अलग था। कोई काला, कोई पीला, कोई नीले रंग में लिपटा झूम रहा था। डीजे साउण्ड सिस्टम पर सख्ती से पाबंदी के बाद भी देर रात तक कहीं-कहीं नाच गाना होता रहा। जबकि दूसरे दिन लाउड स्पीकर पूरी तरह बंद रहे, लेकिन साउण्ड बॉक्स और ढोल ढमाकों के साथ खासकर नवयुवकों की टोलियां हुड़दंग मचाती रही। ये बात अच्छी रही कि लोग आपस में ही होली खेलते रहे। किसी अपरिचित व्यक्ति पर न रंग डाला, न गुलाल फेंकी। इसलिए भी लड़ाई झगड़े की वारदातें कम हुईं। पुरानी रंजिशों को लेकर भी कुछ छुटपुट वारदातें जरूर हुईं।

रंगों की बौछार

होलिका दहन के पश्चात युवाओं ने रंग भी खूब खेला, लेकिन रंग बौछारों का यह सिलसिला काफी देर नहीं चला। मस्ती का यह दौर रात्रि के दूसरे पहर तक ही चला। रात दो बजे करीब मोहल्लों की सड़कें, गलियां सूनी पड़ गईं।

मस्तों की टोलियां निकलीं

सोमवार को सुबह से ही युवाओं की टोलियां नगाढ़ियों की थाप पर झूमती हुईं निकली और गुलाल उड़ते हुए अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर बुजुर्गों का आर्शीवाद और युवाओं को परस्पर बधाईयां देने का यह क्रम दोपहर तक चलता रहा।

बच्चों की पिचकारियां

बच्चों की अठखेलियां निराला समा बांध रही थीं। पिचाकारियों में भरे रंगों की बौछारें अधिकांशत उन्हीं के बीच चली। यदाकदा उनकी पिचकारियों की दिशा भटकी जरूर, लेकिन उनकी मासूम बौछारों में लोग घुल मिल गये, हंसते हुये बच्चों को प्यार करते अपने रास्ते निकल गये।

गांवों का निरालापन

गांवों में होली की अलग ही मस्ती रही। देर रात तक फागों के स्वर गूंजते रहे। नगढ़ियों की दिलकश लहरियां युवाओं को थिरकने मजबूर करती रहीं। यहां का पर्वीय परिवेश स्नेह की फुहारों और गुलाल में रंगा नजर आया।

आत्मीयता की झलक

शहरों का माहौल रहा हो अथवा गांवों का, सभी जगह भाईचारे की बयार बही। ऐसी कोई घटना नहीं हुई, जिससे स्नेह का दामन बदरंग हो पाता।

सांस्कृतिक आयोजनों की कमी खली

कभी होली में सांस्कृतिक आयोजनों की भरमार रहा करती थी। लेकिन इस वर्ष होली में सांस्कृतिक आयोजनों की कमी जमकर खली। ले-देकर गुंजन कला सदन द्वारा होलिका दहन की पूर्व संध्या पर रासरंग महोत्सव शहीद स्मारक में आयोजित किया गया, जो होलिका दहन के दिन एकमात्र सांस्कृतिक आयोजन रहा।

मंहगाई और चुनाव का असर

होली के त्यौहार में इस बार बेतहाशा मंहगाई और परीक्षाओं का प्रभाव भी स्पष्ट दिखा। बेरोजगार नौजवान जरूर होली की हुड़दंग में शामिल रहे, जबकि समस्याओं से बेजार नागरिक किसी तरह त्यौहार मनाने की औपचारिकता पूरी करने में ही परेशान रहा। स्कूल स्तर से लेकर कॉलेज स्तर तक की परीक्षाओं का दौर चलने के कारण विद्यार्थी वर्ग उत्साह से रंगों का यह पर्व मनाने की बजाय अध्ययन-अध्यापन में जुटा रहा।

हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में वृंदावन सा नजारा

चैतन्य महाप्रभु का 11 फलों के रस से अभिषेक

जबलपुर। हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में होली के महोत्सव पर चैतन्य महाप्रभु का 11 फलों के रस से स्वामी रामचंद्रदास महाराज ने पूजा अर्चन कर भक्तों द्वारा बारी-बारी से अभिषेक किया गया। स्वामी जी ने उद्बोधन में कहा चैतन्य महाप्रभु जी ने आज से 400 वर्ष से पहले हरे कृष्ण महामंत्र से संकीर्तन कर पूरे विश्व में क्रांति लाई सभी वर्गों को एक माला में जोड़ा। सनातन धर्म का प्रचार किया। भगवान राधा कृष्ण के साथ भक्तों ने फूलों की होली खेली पूरा वातावरण मैं वृंदावन सा नाजारा लग रहा था भगवान की आरती के साथ भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन शरद अग्रवाल, आभार डॉ सुधीर अग्रवाल ने किया।

बलदाऊ मंदिर में फूलों की होली

जबलपुर। जबलपुर कोतवाली क्षेत्र में स्थित मध्य प्रदेश के एकमात्र बलदाऊ मंदिर में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। वृंदावन की तर्ज पर यहां के बलदाऊ मंदिर में फूलों और गुलाल की होली खेली गई और रंगोत्सव की खुशियां मनाई गई। यहां दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा। अंत में बलदाऊ जी की आरती की गई और प्रसाद वितरण कर सभी को होली की शुभकामनाएं दी।

लक्ष्मी फार्म के पहले ग्राहक ने पौधा रोपकर मनाया जन्मदिन

जबलपुर। कैलाशधाम वर्धाघाट, खमरिया लक्ष्मी फार्म स्टे एण्ड रेस्टारेंट के पहले ग्राहक शुभांकर देव ने कैलाशधाम के नीचे पौधा रोपकर अपना जन्मदिन मनाया। देव ने कहा कि यहां आकर प्रकृति और आध्यात्म का एहसास हो रहा है। उन्होंने यहां पर आकर कैलाशधाम में भगवान शिव के दर्शन किए एवं भगवान परशुराम कुंड में जाकर भगवान परशुराम के दर्शन किए यहां पर चारों तरफ फैली हरियाली ने मन मोह लिया। इसके साथ ही लक्ष्मी फार्म में एक से एक व्यंजनों का लुत्फ उठाया। लक्ष्मी फार्म ने एक बेहतरीन मेहमाननवाजी का उदाहरण प्रस्तुत किया। उनकी इच्छा है कि वे यहां पर बार-बार आयें। इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी वंदना देव, अजय बैनर्जी और शांता बैनर्जी ने कहा कि पर्यटन के दौरान पौधा रोपकर जन्मदिन मनाना एक सुखद अनुभूति है। हर व्यक्ति को पौधा रोपकर अपना जन्मदिन मनाना चाहिए। इससे हर क्षेत्र में आक्सीजन जोन विकसित होगा। कोरोना के दौरान लोगों को आक्सीजन का महत्व समझ में आ गया है। लक्ष्मी फार्म एवं स्टे के संचालक पंकज डे और अनिमेष ढाली ने बताया कि उनकी कोशिश है कि यहां आने वाले ग्राहक एक नया अनुभव लेकर जाएं। जिन ग्राहकों का जन्मदिन है उनसे पौधा रोपण कराया जाए। इसके साथ ही ग्राहकों को उपहार स्वरूप पौधे भी भेंट किए जाएंगे।

ईदगाह में उर्स व अफ्तार संपन्न

जबलपुर। मुफ़्ती ए आज़म मध्यप्रदेश हजरत मौलाना डॉक्टर मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी के अनुसार रमजान मुबारक के सोलहवें रोजे पर बुधवार को ईदगाह कला रानीताल में हजरत मौलाना शाह अब्दुल करीम नक्शबंदी अलेहीरहमत के 127वें सालाना उर्स शरीफ का एहतेमाम किया गया। इस मौके पर अपरान्ह बाद नमाज जुहर क़ुरान ख्वानी की गई। तदोपरांत मजार शरीफ पर चादर पोशी की गई। सांय मगरिब के वक़्त विशाल अफ्तार ए आम का एहतेमाम किया गया। आस्तानए आलिया करीमिया सलामिया बुरहानिया के सज्जादानशीन सूफी जियाऊल हक़ कादरी बुरहानी ने उर्स व अफ्तार में शामिल सदस्यों का शुक्रिया अदा किया।

जनेकृविवि में होली मिलन समारोह, कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने गुलाल लगाकर दी बधाई

जबलपुर।

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर स्थित कुलपति बंगले के पास बैडमिंटन कोर्ट ग्राउंड में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन हुआ। इस दौरान कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा एवं विश्वविद्यालय के अधिकारी, प्राध्यापक, वैज्ञानिक और कर्मचारियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने कहा कि असत्य व अधर्म पर सत्य और धर्म की विजय का प्रतीक रंगों के पर्व होली की विश्वविद्यालय परिवार को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। आपके जीवन में सुख-समृद्धि और शुभता आये, ऐसी ईश्वर से कामना करता हूं। होली मिलन समारोह के अवसर पर अधिष्ठाता, अधिष्ठाता अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतु, संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा, उपलेखा नियंत्रक डॉ. अजय खरे, उपकुलसचिव डॉ. टी.आर. शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, कार्यपालन यंत्री डॉ. ए.के. राय सहित अधिकारी, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, वैज्ञानिक एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

समता पार्टी और इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी मिलकर कार्य करेंगे

जबलपुर। समता पार्टी जिसका गठन वर्ष 1994 में पूर्व रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस के द्वारा किया गया था समता पार्टी ने पहली बार नीतीश कुमार को बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में मौका दिया था यह समाजवादी विचारधारा को मानती है और उत्तर भारत में विशेष रूप से बिहार में इसका काफी राजनीतिक और सामाजिक प्रभाव है, वर्तमान में इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय मंडल के नेतृत्व में पार्टी कार्य कर रही है समता पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष व हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष संजीव भारद्वाज का आज जबलपुर आगमन हुआ आपने इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित पुरुषोत्तम तिवारी से राष्ट्रीय कार्यालय में भेंटकर दोनों पार्टियों के राजनीतिक रूप से एक साथ कार्य करने और नई राजनीतिक शक्ति बनाने के संबंध में चर्चा की, उन्होंने बताया शीघ्र ही दोनों दल संयुक्त रूप से संपूर्ण भारत में कार्य करेंगे, आपके साथ इस अवसर पर समता पार्टी के महावीर सिंह भी उपस्थित थे।

सर्वधर्म सद्भावना समिति ने अफ्तार ए आम का एहतेमाम किया

जबलपुर। रमजान शरीफ के पन्द्रहवें रोजे पर मंगलवार को मुफ़्ती ए आज़म मध्यप्रदेश हजरत मौलाना डॉक्टर मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी की सरपरस्ती व ईदगाह कला रानीताल के सज्जादानशीन सूफी जियाऊल हक़ कादरी बुरहानी की कयादत में सर्वधर्म सद्भावना समिति द्वारा अफ्तार ए आम का एहतेमाम सिटी कोतवाली के सामने मौलाना साहब की गली में किया गया। अफ्तार ए आम में मुस्लिम धर्मालंबियों के साथ बड़ी तादाद मे हिंदू धर्मालंबी भी शरीक हुए और संस्कारधानी के संस्कारों की मिशाल पेश की। अफ्तार ए आम में पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, मतीन अंसारी, रफीक पहलवान, सुबोध आचार्य, कुंजी जोड़ी, छोटे ताम्रकार, मुख्तार अली सहित सैकड़ों हिन्दू मुस्लिम धर्मालंबी मौजूद रहे। अफ्तारोपरान्त मगरिब की सामूहिक नमाज अदा की गई और जबलपुर अमन शांति के लिए दुआएं मांगी गई। समिति के संयोजक पूनम आशीष उसरेठे, सह संयोजक मोहम्मद ताहिर खान, नीलेश पसारी ने अफ्तार ए आम में शरीक हुए लोगों का शुक्रिया अदा किया।

आध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में मनाया राजयोगिनी तपस्वनी दादी जानकी का स्मृति दिवस

जबलपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शिव स्मृति भवन नेपियर टाउन जबलपुर संस्था की वरिष्ठ दादी जानकी का पुण्य स्मृति दिवस 27 मार्च कों आध्यात्मिक जाग्रति दिवस के रूप में मनाया गया। सारे विश्व में लगभग 104 वर्ष की आयु तक 140 देशों में यात्रा कर लाखों आत्माओं के जीवन में आध्यात्मिकता का प्रकाश फैलाने वाली संसार की सबसे स्थितप्रज्ञ राजयोगिनी रही। दादी जी पुण्य स्मृति दिवस पर दादी जी के निमित्त भोग लगाया गया और ब्रह्माकुमारी भावना दीदी समेत ब्रह्माकुमारी बहनों एवं सभी भाई-बहनों ने दादी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। साथ ही होली पर्व के अंतर्गत राजयोगिनी भावना दीदी ने सभी भाई-बहनों कों भाईदोज का तिलक लगाया।

चुनाव ड्यूटी पति-पत्नी में से किसी एक सदस्य की लगाई जाए : मांग

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रश्मि यादव ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की चुनावी दौर प्रारंभ हो चुका है ऐसे में जिसके घर में पति पत्नी दोनों ही शासकीय कर्मचारी हैं और दोनों की चुनाव में ड्यूटी लग जाती है तो उन्हें अपने बच्चे या बूढ़े माता पिता की चिंता सताने लगती है की चुनाव ड्यूटी दोनों की लगती है तो बच्चे हो या बूढ़े माता पिता किसके पास या किसके सहारे छोड़ कर जायेंगे। अतः संघ इस परेशानी की तरफ चुनाव आयोग का ध्यान आकर्षित करना चाहता है और पति पत्नी में से किसी एक सदस्य की ड्यूटी लगाई जाने की मांग करता है ताकि चुनाव ड्यूटी बिना किसी मानसिक तनाव के चुनाव संपन्न करा सकें। संघ की महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. रश्मि यादव, शबाना परवीन खान, स्वाती गड़ेंवाल, अनीता जैन, संजना स्वर्णकार, ऊषा किरण, संजू राय, सविता खरे आदि ने चुनाव आयोग से मांग की है की पति पत्नी में से किसी एक सदस्य की ड्यूटी लगाई जाए।

रोजदारों ने देश, शहर में अमन चैन की दुआ मांगी

जबलपुर। KGN की जानिब से 15वें रमजान मुबारक का रोजा इफ्तार का एहतमाम किया गया जिसमें शामिल हुए अल्पसंख्यक विकास कमेटी के जिला अध्यक्ष बबलू कुरैशी और हाफिज शाहरुख ने नमाजे मगरिब अदा करवाई और तमाम लोगों ने अदा की जिसमें गुलाब अली, गोगा पहलवान, तौहीद भाई, कारी जुनैद अख्तर, उवैश अख्तर, मुजाहिद खान, करीम खां और हमारे तमाम रोज़दार भाई ने शिरकत की और रोजा खोला और शहर के अमन चैन के लिए दुआएं मांगी।

गंभीर बीमारी से ग्रस्त कर्मचारी की न लगे चुनाव में ड्यूटी, मांग

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की गंभीर बीमारी से ग्रसित कर्मचारी की चुनाव में ड्यूटी ना लगाई जाए क्योंकि यदि उनकी ड्यूटी लगाई जाती है तो उनके कारण से उनकी पूरी टीम को चुनाव संपन्न कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है जो उचित नहीं होगा और संबंधित कर्मचारियों को भी बीमारी के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। संघ के रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम ,मीनुकांत शर्मा,राकेश श्रीवास,आदि चुनाव आयोग से मांग करते है की गंभीर बीमारी से ग्रस्त कर्मचारियों की चुनाव में ड्यूटी न लगाई जाए।

सुखीदास पाटनीया आज होंगे सेवानिवृत्त

जबलपुर। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के मुख्य अभियंता नवीनीकरण व आधुनिकीकरण कार्यालय में कार्यरत सुखीदास पाटनीया 36 वर्षों की सेवा के उपरांत आज 28 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

होली के रंग में डूबी पुलिस, आईजी-एसपी ने किया डांस

जबलपुर।

होली में दिन भर ड्यूटी करने के बाद अगले दिन पुलिस विभाग ने परम्परा अनुसर होली खेली। क्योंकि आज से फिर भाईदूज और चुनाव ड्यूटी में पुलिस व्यस्त हो जाएगी। पुलिस लाईन में आयोजित होली मिलन समारोह में आईजी अनिल कुशवाह, डीआईजी तुषारकांत विद्यार्थी, कलेक्टर दीपक सक्सेना, एसपी आदित्य प्रताप सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारियों और कर्मचाररियों ने जमकर होली का जश्न मनाया और डांस किया। हर साल पुलिस लाईन में यह आयोजन होता है। जहां इस दिन सभी पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एक साथ होली खेलते है, और एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाते है। जबलपुर पुलिस लाइन में भी आज पुलिस की होली हुई, जहां आईजी, डीआईजी, कलेक्टर, एसपी से लेकर सभी पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए हैं, इस दौरान सभी ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दे रहे हैं और डीजे पर झूमे।

CHANGE OF NAME

I, J SASI KALA (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of ARMY NO. JC-383913W RANK NB/SUB NAME SUNDARAMOORTHY A presently residing at VILL-PUDUPATTINAM, PO- CHITRA NAGAR, TEH- THANJAVUR, DIST-THANJAVUR (TAMIL NADU)- 613006 I have change of my name from J SASI KALA (name as per my Husband, army service record) to J SASIKALA (name as per my AADHAR CARD vide affidavit dated 27/03/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR place of Court).

CORRECT NAME J SASIKALA
INCORRECT NAME J SASI KALA

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 03 रामपुर (शक्ति भवन रोड), नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक./ सं.अ./03/एम 2023-24/209
दिनांक:- 06/03/2024

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सत्येन्द्र सिंह चौहान पिता एस. बी. चौहान ने भवन क्रमांक 1436/2 वार्ड शहीद गुलाब सिंह वार्ड भूतल 2323 व.फु. मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयत नामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक 1436/2 वार्ड शहीद गुलाब सिंह गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) एस.बी.एस. चौहान/ स्व. एन. सिंह चौहान के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। प्रस्तुत नामातंरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड रामपुर नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं. -03 रामपुर
नगर निगम, जबलपुर

नाम परिवर्तन सूचना

मैं RABIA BEGUM W/O AHFAZURRAHAMAN यह सूचित करती हूँ कि मेरी कक्षा 10वीं की अंकसूची में मेरा नाम RABIA BEGUM PATHAN D/O GULAB KHAN PATHAN लिखा हुआ हं जिसे विवाह के बाद बदलकर मैंने अपना नाम RABIA BEGUM W/O AHFAZURRAHAMAN रख लिया है, जो कि मेरे आधार कार्ड, बैंक पासबुक आदि मे लिखा हुआ है।

अतः मेरे नाम को RABIA BEGUM W/O AHFAZURRAHAMAN ही पढ़ा लिखा एवं समझा जावें।

विवाह पूर्व नाम- RABIA BEGUM PATHAN
वर्तमान नाम- RABIA BEGUM
पता: 2393/B, SHARFABAD, RAVINDRANATH TEGOR WARD, GOHALPUR JABALPUR (M.P.) PIN-482001

न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर
रा.प्र.क्रं./1284/अ-6/2023-24

आम इश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मारी डिसूजा/थेयोडोर डिसूजा, नि.- आरती डायस अपार्टमेन्ट में स्थित, फ्लैट नं. 101, डायस कम्पाउण्ड, साउथ सिविल लाईन्स ने नजूल ब्लाक नं. 22, प्लाट नं. 9/2, निर्मित रकवा/रकवा 450 व.फु.,/अवि. हिस्सा/ ग्राम सिविल स्टेशन, प.ह.नं./ खसरा नं./ रकवा 450 व.फु./ हे. विक्रय पत्र/हक त्याग/वसीयतनामा/ वारसान हक/ दिनांक 24/05/2016 मृत्यु दिनांक ..... को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/ पटवारी/ डावर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 22, प्लाट नं. 9/2, निर्मित रकवा/ रकवा 450 व.फु./ अवि. हिस्सा/ ग्राम सिविल स्टेशन, प.ह.नं. खसरा नं. रकवा 450 व.फु./ हे. के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 04/04/2024 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 06/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 06/03/2024
पेशी दिनांक- 04/04/2024
मुहर तहसीलदार रांझी, जबलपुर

लोकसभा क्षेत्र
बैतूल

1 भाजपा प्रत्याशी
दुर्गादास उईके

2 कांग्रेस प्रत्याशी
रामू टेकाम

पिछली बार कौन जीता
दुर्गादास उईके

जीत का अंतर
3 लाख 60 हजार 241

लोकसभा चुनाव के लिए बाकी पार्टियों ने अभी घोषित नहीं किए हैं अपने प्रत्याशी

बैतूल सीट पर भाजपा और कांग्रेस में सीधा मुकाबला

बैतूल में 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा व गोंडवाना गणतंत्र पार्टी समेत अन्य पार्टियों व निर्दलियों ने भाग्य आजमाया था, किंतु भाजपा करीब 60 फीसदी वोट लेकर चुनाव जीत गई। निकटतम कांग्रेस प्रत्याशी को महज 33 फीसदी वोट मिले थे। इस बार के चुनाव में भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशियों के बीच मुख्य मुकाबला संभावित है। भाजपा ने सांसद दुर्गादास उईके पर भरोसा जताते हुए फिर से टिकट दिया है, तो कांग्रेस ने भी पिछली बार के प्रत्याशी रामू टेकाम पर भरोसा जताते हुए मैदान में उतारा है।

ग्राउंड रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैतूल लोकसभा सीट लंबे समय से भाजपा की पारंपरिक सीट बनती जा रही है। इस सीट से भाजपा व कांग्रेस के अलावा बसपा ने भी अपना प्रत्याशी मैदान में उतारा है। हालांकि बसपा का वोट प्रतिशत इस क्षेत्र में लगातार कम होता गया। 2019 के लोकसभा चुनाव में करीब पौने तीन फीसदी वोट बसपा को मिले थे। जबकि गोगपा व अन्य कोई खास वोट हासिल नहीं कर पाए थे।

इस सीट से 2014 के लोकसभा चुनाव में ज्योति धुर्वे जीती थी। बाद में उनका जाति प्रमाणपत्र का मुद्दा सुर्खियों में बना। उनके बारे में कहा गया था कि वे ओबीसी जाति की है। हालांकि बाद में अदालतों ने उनके पक्ष में फैसला दे दिया था। किंतु भाजपा ने दोबारा उन्हें टिकट नहीं दिया। हालांकि 2019 के चुनाव में भाजपा फिर से चुनाव जीत गई। यहां से भाजपा ने पेशे से शिक्षक दुर्गादास उईके को मैदान में उतारा। शिक्षक होने के साथ ही उईके की पैठ आरएसएस में थी। वे मुलताई क्षेत्र के निवासी थे, किंतु उनका शैक्षकीय जीवन करीब 26 सालों तक कोयलांचल क्षेत्र में बीता। इसी दौरान वे आरएसएस के नजदीक आए और आरएसएस की शाखाओं में जाने लगे। उनकी लगन व मेहनत को देखते हुए भाजपा

दुर्गादास उईके

रामू टेकाम

ने बैतूल क्षेत्र से टिकट दे दिया। साफ-स्वच्छ छवि व मिलनसार व्यक्तित्व होने से वे 2019 का चुनाव जीत गए। इस बार पार्टी ने फिर से उन्हीं पर भरोसा जताते हुए मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने बैतूल लोकसभा सीट से रामू टेकाम को ही मैदान में उतारा है। पिछली बार भी कांग्रेस ने उन्हें टिकट दिया था। उन्हें दूसरी बार टिकट मिल जाने से कांग्रेस के ही दूसरे गुट में बड़े पैमाने पर नाराजगी है। यह गुट नहीं चाहता था कि रामू टेकाम को फिर से टिकट मिले। टिकट की घोषणा के बाद घोड़ाडोंगरी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके राहुल चौहान, ब्रह्मा भलावी, धर्मू सिंह सिरसाम, निलय डागा समेत अन्य नेताओं ने टिकट बदलने की मांग रखी है। बताते हैं कि एक गुट ने दिल्ली तक जाकर टिकट बदलने को कहा, किंतु उन्हें समझा-बुझा कर वापस कर दिया गया। अब हालांकि सभी ने कांग्रेस प्रत्याशी टेकाम को जिताने के लिए काम तो शुरू कर दिया है, किंतु अंदरखाने में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। टेकाम को लेकर विरोध के स्वर भी उठने लगे हैं। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो आने वाले दिनों में पार्टी को नुकसान हो सकता है। उधर, इस क्षेत्र में दूसरे चरण में चुनाव होना है। इसलिए अभी सब कुछ साफ नहीं हो पाया है। होली के बाद स्थिति पूरी तरह से साफ हो जाएगी।

तीन जिले आते हैं बैतूल लोस में

बैतूल लोकसभा सीट में तीन जिले बैतूल, हरदा व खंडवा आते हैं। यहां की आठ विधानसभा क्षेत्रों में 5 बैतूल की है। इसमें बैतूल, मुलताई, आमला, घोड़ाडोंगरी व भैंसदेही तथा हरदा जिले की दो विधानसभा सीट हरदा व टिमरनी आते हैं। जबकि एक विधानसभा क्षेत्र खंडवा जिले की हरसूद आती है। यहां तीन जिलों बैतूल, हरदा और खंडवा का समावेश लोकसभा सीट में है।

विस चुनाव में कांग्रेस हुई पूरी तरह साफ

यह भी रोचक है कि पिछले लोकसभा चुनाव 2019 से पहले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को काफी अच्छी बढ़त मिली हुई थी। मुलताई क्षेत्र से सुखदेव पांस कैबिनेट मंत्री थे। बैतूल जिले की पांच में से चार विधानसभा सीटों मुलताई, बैतूल, भैंसदेही व घोड़ाडोंगरी में कांग्रेस के विधायक थे। महज आमला क्षेत्र में ही भाजपा जीत पाई थी। पांच में से चार क्षेत्रों में कांग्रेस का विधायक होने के बाद भी लोकसभा चुनाव में भाजपा बंपर वोट से चुनाव जीती थी। उस वक्त कांग्रेस के विधायक अपने क्षेत्र में ही पार्टी को वोट नहीं दिलवा पाए थे। पार्टी में भी इसे लेकर आवाज उठी, किंतु बाद में सरकार गिर जाने के बाद रही सही कसर खत्म हो गई। बाद में 2023 के चुनाव में कांग्रेस पूरी तरह से साफ हो गई।

बैतूल क्षेत्र में सबसे ज्यादा जनजातियों की संख्या

अभी तक का रिकार्ड है कि बैतूल लोकसभा क्षेत्र में जाति का कोई खास फैक्टर नहीं चला। इस पर तो वैसे भी मोदी फैक्टर ज्यादा प्रभावी है। इसके बावजूद बैतूल लोकसभा क्षेत्र के सभी आठों विधानसभा में से बैतूल, मुलताई, आमला व हरदा को छोड़कर बाकी चार विधानसभा क्षेत्रों में जनजातियों की संख्या सर्वाधिक है। इसीलिए आठ में से तीन विधानसभा बैतूल, मुलताई व हरदा क्षेत्र सामान्य श्रेणी के हैं, जबकि आमला क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। बाकी सभी 4 विधानसभा क्षेत्र अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। लोकसभा क्षेत्र भी अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित है। इसी वजह से यहां कोई अन्य जातिगत समीकरण काम नहीं करता। जिसकी पैठ जनजातीय समाज में होती है, वही यहां से चुनाव जीतता है। इस बार भी यही समीकरण बनने की पूरी संभावना है। बैतूल लोकसभा सीट में हरदा में जाट, गुर्जर व राजपूतों की संख्या सर्वाधिक है तो बैतूल में कुंबी, कुर्मी, पंवार व गोड़ की संख्या है। टिमरनी में गोंड़ व कोरकू की आबादी अधिक है। घोड़ाडोंगरी में गोंड सर्वाधिक हैं। मुलताई में कुंबी, पंवार बराबर की संख्या में हैं।

जैसा मैंने देखा था

चुनाव...

ग्वालियर के लोगों को हमेशा याद रहेगा 1998 और 2009 का लोकसभा चुनाव

लोकसभा चुनाव हर बार किसी न किसी वजह से रोचक होते हैं। 1998 और 2009 के लोकसभा चुनाव ग्वालियर के लोगों को हमेशा याद रहे, क्योंकि इन दोनों चुनावों में सिंधिया परिवार के सदस्य जीते जरूर, लेकिन दोनों चुनावों में सिंधिया परिवार को दिन में तारे नजर आ गए थे। इन दोनों चुनावों को सिंधिया परिवार ने अलार्मिंग विक्ट्री के रूप में लिया। खतरे की घंटियां बजने के बाद से सिंधिया परिवार ने अपनी पुस्तैनी सीट हमेशा के लिए छोड़ दी। साल 1998 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस के माधव राव सिंधिया के खिलाफ बजरंग दल के नेता जयभान सिंह पवैया को प्रत्याशी बनाया था। पवैया के पक्ष में ऐसा माहौल बना कि सिंधिया पराजय के कगार पर पहुंच गए। बड़ी मुश्किल से सिंधिया 25 हजार वोटों के अंतर से जीते। माधव राव सिंधिया ने बाद में ग्वालियर को अलविदा कह दिया। वे गुना से चुनाव लड़ने लगे। ग्वालियर सीट से 2007 में पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ी भाजपा की यशोधरा राजे सिंधिया चुनाव तो जीतीं किंतु उन्हें अपने भाई माधवराव सिंधिया जैसी कामयाबी नहीं मिली। यशोधरा राजे ने 2009 में ग्वालियर से फिर चुनाव लड़ा, लेकिन उनकी जीत बहुत कम अंतर से हुई। यशोधरा राजे सिंधिया इस जीत से इतनी आहत हुई कि उन्होंने भी ग्वालियर सीट से तौबा कर ली। उन्होंने भी अपनी जीत को अलार्मिंग विक्ट्री कहा था। 2014 और 2019 के चुनाव में ग्वालियर से सिंधिया परिवार का कोई सदस्य चुनाव नहीं लड़ा। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा ने सिंधिया को ग्वालियर से टिकट नहीं दिया। सिंधिया परिवार के सदस्य ज्योतिरादित्य गुना से 2019 में चुनाव हार चुके हैं। उनकी दादी राजमाता विजया राजे सिंधिया भी हार का स्वाद चख चुकी हैं। केवल माधव राव सिंधिया अजेय रहे।

राकेश अचल
वरिष्ठ पत्रकार

फर्स्ट टाइम वोटर

जो रोजगार व उज्जवल भविष्य की बात करेगा, वोट उसी को

मैं लोकसभा चुनाव में पहली बार वोटिंग करुंगी। वोटिंग करने का बेसब्री से इंतजार था। मुझे राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं है, लेकिन वोट तो किसी ने किसी को देना होगा। मैं ही नहीं, मेरी कुछ सहेलियां भी पहली बार वोटिंग करेंगी। हम लोग आपस में अक्सर चर्चा करते हैं कि किसे वोट देना है। सभी सहेलियां कहती है कि हम तो उसी पार्टी को वोट देंगे, जो हमें बेहतर रोजगार दें। मेरा भी यहीं मानना है कि वोट उस पार्टी को जाए जो उज्जवल भविष्य के लिए काम कर रही है। हम लोग शासकीय नौकरी की तैयारी नहीं कर रहे हैं, लेकिन यदि कोई पार्टी पहल करती है तो हमारा पहला वोट उसी पार्टी के खाते में जाएगा।

श्वेता नागले, युवा मतदाता

लोगों को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए

चुनाव में लोगों की भागीदारी पिछले कुछ सालों से बढ़ रही है, लेकिन अभी शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य पूरा नहीं हो सका है। क्योंकि बहुत से लोग आज भी चुनाव में मतदान करने नही आते हैं। इस कारण अयोग्य व्यक्ति भी चुनाव जीत लेते हैं। ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करके मतदान प्रतिशत को बढ़ाना चाहिए। मैं खुद भी मतदान करने जाऊंगा, दूसरों को भी ले जाऊंगा। इसके अलावा कौन सी पार्टी युवाओं के लिए रोजगार, शिक्षा पर ध्यान देती है। यह भी कारगर रहेगा। विकास के साथ राष्ट्रीय मुद्दे भी युवाओं को प्रभावित करेंगे।

- **अक्षत श्रीवास्तव**, युवा मतदाता

जो हो न सका...

स्टार्टअप के लिए बिना ब्याज के 50 लाख मिलना थे, पांच साल से इंतजार, 10 हजार से ज्यादा युवाओं ने किया था आवेदन

भोपाल संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए संकल्प पत्र जारी करते हुए वर्ष 2019 में युवाओं में उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को 50 लाख रुपए तक का कर्ज बिना किसी सिक्योरिटी के देने का वादा किया और इसके प्रयास भी शुरू कर दिए थे। भोपाल के करीब 10 हजार युवाओं ने इसके लिए आवेदन करना शुरू किया, जो दिल्ली तक पहुंचाए गए, लेकिन उस पर अमल आज तक नहीं हो पाया। उसी दौरान देश में 50000 नए स्टार्टअप स्थापित करने की भी प्लानिंग बनी और भोपाल को प्रमुखता से प्रोत्साहन के लिए संगठित प्रयास का वादा किया गया। इसमें सिर्फ 5 प्रतिशत युवाओं ने स्वयं के प्रयास से स्टार्टअप स्थापित किए। अन्य युवा इसके इंतजार में रहे कि सांसद के माध्यम से स्टार्टअप स्थापित किया जाए, लेकिन उनकी फाइल दिल्ली में अटक गईं। अगर भोपाल के सभी आवेदन करने वाले युवाओं के स्टार्टअप स्थापित हो जाते तो दो लाख लोगों को रोजगार मिल जाता और एक नई फील्ड उद्योग जगत के लिए बन जाती।

बैंक मांग रहे प्रॉपर्टी के दस्तावेज

सबसे बड़ी समस्या स्टार्टअप स्थापित करने में यह है कि बिना मार्डगेज के लोन नहीं मिल रहा। बैंक पहले जमीन आदि अन्य कागजात मांगते हैं, जबकि केंद्र सरकार ने बिना किसी शर्त और बिना किसी कागजात और बिना ब्याज के पैसे देने की बात कही है। इस कारण कई युवा स्टार्टअप स्थापित करने के लिए इंतजार कर रहे हैं।

जानिए आदर्श आचार संहिता ...

आदर्श आचार का पालन करना अनिवार्य है। यदि मंत्री संस्था या पार्टी की ओर से आम सभा आयोजित करते हैं, तो सभा की व्यवस्था नहीं की जाए। केवल कानून एवं व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित किया जाएगा। यदि कोई मंत्री चुनाव के कार्य से कहीं जाते हैं, तो शासकीय कर्मचारी तथा अधिकारी उनके साथ नहीं जाएंगे। मंत्रियों के आगमन के संदर्भ में निर्वाचन आयोग के उल्लेखित निर्देशों को ध्यान में रखकर उनका परिपालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। चुनाव आयोग का निर्देश भी उसी स्थिति के लिए हैं, जब भारत निर्वाचन आयोग के उपरोक्त परिपत्र में उल्लेखित अपवादिक स्थितियों में भ्रमण शासकीय भ्रमण हो। उन अधिकारियों को छोड़कर, जिन्हें ऐसी सभा या आयोजन में कानून एवं व्यवस्था के लिए, सुरक्षा के लिए, या कार्यवाही नोट करने के लिए तैनात किया गया हो, दूसरे अधिकारियों को ऐसी सभा या आयोजन में शामिल नहीं होना चाहिए। जब कभी किसी मंत्री को निजी मकान पर खाने-पीने के लिए आमंत्रित किया जाता है तो

राशिफल

मेष — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

वृष — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मिथुन — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की

कर्क — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

सिंह — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

तुला — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृश्चिक — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

धनु — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

मकर — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

कुंभ — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

मीन — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

कार और बाइक की टक्कर में तीन युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरगुजा

उदयपुर थाना इलाके में सूरजपुर मुख्य मार्ग पर गांव पलका टावर के पास सोमवार को होली की रात हादसा हो गया। घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, होली पर रात करीब 8 बजे पलका में अर्टिगा कार और बाइक सवारों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। बाइक के परखच्चे उड़ गए। कार सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। इस दौरान पैदल चल रहे एक व्यक्ति को दुर्घटनाग्रस्त बाइक ने अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में एक व्यक्ति रवि की मौके पर ही मौत हो गई। बाकी गंभीर रूप से घायल सचिन, विजय, संदीप और एक अन्य को उदयपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। घायलों में से दो लोग सचिन और संदीप को जिला अस्पताल अंबिकापुर के लिए रेफर किया। यहां से रायपुर रेफर किया गया। रायपुर पहुंचने से पहले ही सचिन और संदीप ने एंबुलेंस में दम तोड़ दिया। 108 की सुविधा नहीं मिलने से घायलों को जिला भेजने में देरी होने पर लोगों ने काफी आक्रोश जताया। लोगों को भड़कता देख बीएमओ द्वारा उदयपुर अस्पताल की एंबुलेंस से दो गंभीर घायलों को जिला चिकित्सालय भेजा गया। शवों के पोस्टमार्टम सीएचसी उदयपुर के चिकित्सकों द्वारा किए गए।

गजानन महाराज जन्मोत्सव में शामिल हुए सीएम डॉ. यादव

भोपाल। मनावर के समीप श्री अंबिका आश्रम बालीपुर धाम में ब्रह्मलीन संत 1008 गजानंद महाराज के जन्मोत्सव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सम्मिलित हुए। बड़वानी से मनावर पहुंचने पर जगह-जगह मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जनता ने स्वागत किया। इस बीच उन्होंने एक दुकान पर जाकर स्वयं चाय भी बनाई। मनावर से बालीपुर आश्रम पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री ने ब्रह्मलीन संत 1008 गजानंद महाराज के जन्मोत्सव पर प्रतिमा के दर्शन किए एवं संत योगेश महाराज एवं संत सुधाकर महाराज के साथ भगवान का दर्शन व अभिषेक किया।

बेचना

मकान बेचना है - मैं श्रीमती पुष्पा गुप्ता साई भवन वार्ड नंबर 9 बिहारी कालोनी तहसील के पीछे अनूपपुर स्थित अपने स्वामित्व के कुआं सहित 27 गुणा 80 फुट यानि 2160 स्कवायर फुट मे बने एक मंजिला मकान को शीघ्र बेचना है। इच्छुक खरीददार संपर्क करें, ब्रोकर नही। मो. 7999897256 (अनूपपुर/02/अप्रैल/24)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

शब्द पहेली - 5464



बाएँ से दाएँ
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना,धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

ऊपर से नीचे
2.उद्देश्य,गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र,बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान,जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह,जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

शब्द पहेली- 5463 का हल

■	त	था	क	धि	त	■	क	या	म	त
ना	प	■	ह	■	र	का	बी	■	त	र
मु	■	त	वा	य	फ	■	ला	वा	■	खा
ना	पा	क	■	■	दा	नी	■	दा	म	न
सि	■	दी	■	प	र	■	सा	■	हि	■
ब	ह	र	हा	ल	■	नि	रा	ला	प	न
■	र	■	नि	■	आ	शा	■	ज	■	ज
अ	म	र	■	अ	तं	■	■	वा	न	र
मा	■	मा	न	■	क	र	त	ब	■	बं
न	या	■	ज	ल	वा	■	ना	■	क	द
त	क	दी	र	■	द	शा	व	ता	र	■

सूडोकु नवताल- 5475

★☆☆☆☆ सरल

7	8				2	6		3
			4					
1	3	5		8				
	2			1			7	8
6	7			9			2	
				6		5	9	2
					3			
2		8	5				6	1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 5474 का हल

4	3	2	9	5	6	1	7	8
6	8	5	7	1	4	9	2	3
9	1	7	3	8	2	4	5	6
3	4	8	6	2	7	5	1	9
5	6	1	8	4	9	2	3	7
2	7	9	5	3	1	6	8	4
1	9	3	4	7	5	8	6	2
8	2	4	1	6	3	7	9	5
7	5	6	2	9	8	3	4	1

डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

डाइट में बदलाव करने से पेट दर्द में मिलेगा आराम

मेरी उम्र 46 वर्ष है। कुछ दिनों से पेट में ऐंठन होती रहती है। कुछ खाने का मन नहीं होता है। ऐसा क्यों हो रहा है, प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?

-अभिजीत, डोंगरगढ़

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित हो गई है। सबसे पहले काम यह करें कि आप तला-भुना खाना बंद कर दें और बाजार के खाने से परहेज करें। इसके साथ ही लंच में दही या छाछ शामिल करें और सलाद जरूर खाएं। रात में कोशिश करें कि खाना हल्का खाएं और सोने से 3 घंटे पहले खाना खा लें। इस तरह खान-पान में बदलाव करने से आपको आराम मिलेगा।

मेरी उम्र 64 वर्ष है। मुझे बार-बार यूरिन इंफेक्शन हो जाता है। ऐसा क्यों होता है? इससे बचाव के लिए क्या करना चाहिए?

-जगदीप, करनाल

आपको सबसे पहले कोशिश यह करनी चाहिए कि किसी भी जगह यूरिन पास नहीं करना चाहिए। कई बार गंदी जगह यूरिन पास करने से भी इंफेक्शन हो जाता है। इसके साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विटामिन-सी यानी खट्टे फल खाएं। इसके बाद भी आराम न मिले तो जरूर आपको एक बार नेफ्रोलॉजिस्ट से संपर्क करना चाहिए।

मेरी उम्र 57 वर्ष है। हर साल बदलते मौसम में मुझे खांसी, जुकाम जैसी समस्या हो जाती है। इसका क्या उपचार है और इससे बचाव के लिए क्या सावधानियां बरतनी चाहिए?

-नरेश, भोपाल

इस तरह की समस्या काफी लोगों में देखी जाती है, उनको मौसम बदलते ही सर्दी, जुकाम या खांसी शुरू हो जाती है। वास्तव में यह एलर्जी होती है। इससे बचने के लिए आप अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी बढ़ाएं। साथ ही इस मौसम में जितना संभव हो सुबह- शाम की ठंड में एक्स्पोजर कम से कम करें। कूलर, एसी से दूर रहें। अधिक परेशानी होने पर आप डॉक्टर से संपर्क कर एंटी एलर्जिक दवा खा सकते हैं।

मेरे पिता की उम्र 81 वर्ष है। उनकी डाइट तो नॉर्मल है लेकिन कुछ दिनों से बहुत गुमसुम रहते हैं। पहले वॉकिंग पर जाते थे, अब नहीं जाते। कृपया बताएं हमें क्या करना चाहिए?

- दीपचंद, भिलाई

आप यह जानने की कोशिश करें कि पिछले कुछ समय में ऐसा क्या हुआ है, जिसकी वजह से वो गुमसुम रहने लगे हैं? इसका कारण जानने की कोशिश करें और उसका

समाधान निकालें। अगर बातचीत से कारण पता ना चल रहा हो तो जरूर आपको एक बार मनोरोग चिकित्सक से संपर्क कर लेना चाहिए। वह समस्या का कारण जानकर सही ट्रीटमेंट शुरू करेंगे।

मेरी उम्र 39 वर्ष है। कुछ दिनों से रात के समय मेरे सीने में हल्का दर्द और जलन महसूस होती है। इसकी क्या वजह हो सकती है? प्लीज बताएं।

-नीतेश, जबलपुर

आप दो तरह की समस्या बता रहे हैं, सीने में दर्द होने का अलग कारण हो सकता है और जलन होने का अलग कारण हो सकता है। कई बार पाचन क्रिया ठीक न होने से जलन संबंधी समस्या होती है लेकिन आप बता रहे हैं कि सीने में दर्द है, इसलिए आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए और कुछ शुरुआती जांच करा कर दर्द का कारण पता लगाना चाहिए। अगर कोई परेशानी है तो उसका तुरंत उपचार करना चाहिए।

मेरी उम्र 28 वर्ष है। मेरी डाइट बहुत कम है, वीकनेस लगती है। हालांकि वेट 60 केजी है। क्या मुझे ज्यादा खाना चाहिए? हेल्दी रहने के लिए डाइट में क्या चीजें शामिल करूं?

-अविरल, जींद

सबसे पहले आप यह देखें कि आपको काम के दौरान थकान तो नहीं लगती, सुस्ती तो नहीं आती? अगर ऐसा नहीं है तो आपको चिंता की कोई बात नहीं है। अगर ऐसी समस्या आ रही है तो जरूर आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वे कुछ जांच कराकर भूख कम लगने का कारण पता लगाएंगे, इसके साथ ही आप डायटिशियन से संपर्क कर अपने खाने का चार्ट बनवा लें, उसके अनुसार ही नियमित रूप में खाना खाएं। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**

डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. इमरान नूरानी

कंसल्टेंट चीफ साइकोलॉजिस्ट-सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली

स्पेशलः 2 अप्रैल-वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे

डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनिया के कुल बच्चों में से एक प्रतिशत ऑटिज्म से ग्रस्त होते हैं, लेकिन इनकी संख्या करोड़ों में है। ऐसे में जरूरी है कि पैरेंट्स और सोसाइटी ऐसे बच्चे की उनकी जरूरत के अनुसार प्रॉपर केयर करें। इस बारे में बचपन में ही कुछ लक्षणों को पहचानना बहुत जरूरी है। यहां जानिए, इससे जुड़ी बहुत महत्वपूर्ण बातें।

ऑटिस्टिक बच्चे स्मार्ट केयर की है जरूरत

ऑटिज्म बचपन से ही पाया जाने वाला न्यूरो-बिहेवियरल डेवलपमेंट स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर है, जो बच्चे में मस्तिष्क के विकास में विकार होने की वजह से होता है और जिंदगी भर बना रहता है। यह विकार बच्चे के मानसिक विकास को अवरुद्ध कर देता है, उसके व्यवहार और रोजमर्रा की गतिविधियों को प्रभावित करता है। इसकी वजह से इन बच्चों के लिए जिंदगी जीना बहुत चुनौतीपूर्ण हो जाता है। नॉर्मल बच्चों की अपेक्षा इनका व्यवहार अलग होता है, जिसकी वजह से दूसरों के साथ ये तालमेल नहीं बिठा पाते। ऑटिज्म के बारे में जानकर अकसर पैरेंट्स परेशान होने लगते हैं। लेकिन अगर वे उनके अलग व्यवहार को पहचान लेते हैं और यथाशीघ्र उपचार शुरू करवाते हैं तो समुचित कदम उठाने पर ऑटिस्टिक बच्चे को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।

पैरेंट्स रहें अवेयर

ऐसे विशिष्ट बच्चों और उनकी समस्याओं के प्रति माता-पिता को ही नहीं, समाज को भी जागरूक करने की जरूरत है, ताकि ऑटिस्टिक बच्चे उनके साथ सामंजस्य बिठा पाएं और अच्छा जीवन जी सकें। इसी उद्देश्य से प्रतिवर्ष 2 अप्रैल को वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे मनाया जाता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, बच्चों में पाई जाने वाली विकासात्मक विकलांगता के प्रमुख कारणों में ऑटिज्म डिसऑर्डर तीसरे स्थान पर आता है। 2018 के आंकड़ों के हिसाब से दुनिया भर में 59 बच्चों में से एक बच्चा ऑटिज्म से पीड़ित है। हमारे देश में करीब एक करोड़ बच्चों में यह विकार मौजूद है। इस बारे में कुछ बातों को समझना जरूरी है।

इन लक्षणों पर करें गौर

आमतौर पर 2-3 साल की उम्र के बच्चों में ऑटिज्म का पता चलने लगता है, जब वे दूसरों के साथ बोलना और इंटरैक्ट होना शुरू करते हैं। लेकिन इनमें बचपन से ही कुछ विशिष्ट व्यवहार देखने को मिलने लगते हैं, जिन्हें पैरेंट्स को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

डेवलपमेंट माइलस्टोंस न दिखनाः पैरेंट्स को अपने 1-2 साल के बच्चे के डेवलपमेंट माइलस्टोंस के बारे में जानकारी होना जरूरी है। अगर बच्चा इन माइलस्टोंस पर खरा न उतर रहा हो, तो उन्हें डेवलपमेंट इंटरवेंशन के लिए जल्द ले जाना चाहिए। जैसे- उम्र के हिसाब से बच्चा बोलना, उठना-बैठना-चलना जैसी एक्टिविटीज को नहीं कर पा रहा हो या ग्रोथ के हिसाब से अपनी समझ, बोलने या भाषाई विकास और दूसरों के साथ कम्यूनिकेशन न कर पा रहा हो।

सोशल कम्यूनिकेशन रेस्पॉन्सः सोशल कम्यूनिकेशन में अगर 3-5 महीने का बच्चा आई कॉन्टेक्ट नहीं करता या उन्हें देख नहीं रहा या पैरेंट्स के पुचकारने के बावजूद स्माइल नहीं देता। या फिर जब बच्चा पैरेंट्स के साथ ठीक तरह से ट्रैकिंग नहीं करता यानी, बच्चे के साथ खेलने पर वह मूवमेंट पर ध्यान नहीं देता, दूसरी तरफ देखता रहता है। इसी तरह 12-16 महीने का होने पर जब बच्चा कोई नई चीज या खिलौना देने पर कोई रेस्पॉन्स नहीं देता, खुशी जाहिर नहीं करता या स्माइल तक नहीं करता।

कम्यूनिकेशन प्रॉब्लमः पैदा होने के साथ ही बच्चा भूख लगने पर चिल्लाने या रोने के रूप में पैरेंट्स के साथ कम्यूनिकेशन करता है। 6 महीने का होते-होते कुछ आवाजें (म या ब) निकालना या बड़बड़ाना शुरू करता है। लेकिन ऐसा न करने के साथ ही 12-16 महीने तक अगर अपने पैरेंट्स को पहचानकर मम्मा-पापा जैसे 20-30 मीनिंगफुल शब्द बोलना शुरू नहीं करता है। अपनी दुनिया में ही खोया रहता है। अगर बच्चा आपको देखकर या आपके बुलाने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देता, किसी तरह की आवाज नहीं निकालता या बड़बड़ाता नहीं है या कोई मीनिंगफुल शब्द नहीं बोल पाता तो यह ऑटिज्म होने का संकेत हो सकता है।

रिपीटिटिव बिहेवियर या रिस्ट्रिक्टिव पैटर्नः आमतौर पर बच्चे

किसी भी खिलौने से खेलते वक्त पूरे खिलौने के साथ खेलते हैं। जबकि ऑटिस्टिक बच्चे पूरे खिलौने के साथ न खेलकर उसके किसी हिस्से के साथ खेलते रहते हैं जैसे खिलौने में बनी आंख या कान के साथ। या फिर खिलौने के साथ एक पैटर्न में ही खेलता रहता है। कुछ बच्चे अपनी अंगुलियों के साथ ही खेलते रहते हैं। सबसे बड़ी बात कि वो इतना ध्यानमग्न होकर खेलता है कि उसे आस-पास होने वाली एक्टिविटीज या हमारे बुलाने का भी पता नहीं चलता।

लिमिटेड इंटरेस्टः ऑटिस्टिक बच्चे किसी एक खिलौने के साथ ही खेलना पसंद करते हैं या फादर-मदर में से किसी एक के पास रहना पसंद करते हैं। अगर पैरेंट उससे वो खिलौना बदल देते हैं या बहला-फुसला कर दूसरे पैरेंट के पास जाने के लिए कहते हैं, तो वह उसका प्रतिरोध करता है। किसी भी तरह के बदलाव को स्वीकार नहीं करता, रोने-चिल्लाने लगता है।

एबनॉर्मल सेंसिटिविटीः ऑटिस्टिक बच्चे या तो हाइपो-सेंसिटिव होते हैं या हाइपर सेंसिटिव। उनके सेंस ऑर्गन इतने सेंसिटिव होते हैं कि वो तेज आवाज या तेज रोशनी को बर्दाश्त नहीं कर पाते। डरने या रोने लगते हैं।

क्या हैं कारण

हालांकि अभी तक ऑटिज्म होने के पीछे कोई मेडिकल मार्कर नहीं हैं, जिससे सामान्य जांच से इसका पता चल सके। फिर भी अध्ययनों से पता चला है कि ऑटिज्म के पीछे जेनेटिक या जींस में क्रोमोसोम की गड़बड़ी की वजह से होता है। न्यूरोइमेजिंग अध्ययनों से पता चला है कि ऑटिज्म, बच्चों में ब्रेन वॉल्यूम में गड़बड़ी की वजह से होता है। बच्चे की बिहेवियरल-डेवलपमेंटल मूल्यांकन करके ही ऑटिज्म की स्थिति का पता चलता है।

कैसे होता है डायगनोज

मेडिकल प्रोटोकॉल के हिसाब से बच्चों में ऑटिज्म सिंड्रोम डायगनोज करने के लिए डॉक्टरों की मल्टीडिस्पलिनरी टीम होनी जरूरी है, जिसमें डेवलपमेंटल पीडियाट्रिशियन, साइकोलॉजिस्ट, स्पेशल एजुकेटर, ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट, स्पीच थेरेपिस्ट और काउंसलर को शामिल करना जरूरी है। सबसे पहले ऑटिज्म की आशंका वाले बच्चे की स्क्रीनिंग की जाती है। उसके बाद बच्चे के विकासात्मक विलंब और अलग व्यवहार को विभिन्न तरीकों से परखा जाता है। डॉक्टरों की टीम के मूल्यांकन के बाद यह पता चलता है कि ऑटिज्म किस स्टेज (माइल्ड, मॉडरेट या सीवियर) पर है। ये विशेषज्ञ विभिन्न थेरेपी के जरिए बच्चे के व्यवहार, सीखने-बोलने की क्षमता में सुधार लाकर उसे समाज के साथ सामंजस्य स्थापित करने योग्य बनाते हैं। *

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

प्यार से रखें बच्चे का ध्यान

चूंकि ऑटिज्म एक सिंड्रोम है। अर्ली डायगनोज होने पर मल्टी-डिसिप्लिनरी इंटरवेंशन थेरेपी की मदद से उपचार शुरू किया जाता है, तो ये बच्चे आत्मनिर्भर हो सकते हैं। खासकर जिन बच्चों में 0-3 साल की उम्र में ऑटिज्म डायगनोज हो जाता है, और जल्दी उपचार शुरू हो जाता है, तो बहुत अच्छे परिणाम मिल सकते हैं, क्योंकि इस उम्र में बच्चे के मस्तिष्क का विकास हो रहा होता है, उनमें बड़े बच्चों की तुलना में सुधार की गुंजाइश ज्यादा होती है। बच्चे का डेवलपमेंट लेवल और ऑटिज्म की गंभीरता के आधार पर टारगेट तय किया जाता है। मल्टी-डिसिप्लिनरी एप्रोच अपनाई जाती है। बच्चे की उम्र, स्थिति और जरूरत के हिसाब से लक्ष्य निर्धारित किए जाते हैं। उनके हिसाब से वैज्ञानिक तरीके से अलग-अलग पैटर्न अपनाए जाते हैं। बच्चे के एक-एक बिहेवियर में सुधार लाकर अगली स्किल सिखाई जाती है। धीरे-धीरे डेवलपमेंट-माइलस्टोन प्राप्त करने में मदद की जाती है। इसके लिए ऑक्यूपेशनल, स्पीच थेरेपी, बिहेवियरल, एजुकेशनल थेरेपी की मदद ली जाती है।

बच्चे को ऑटिज्म की स्थिति से निकालने के लिए स्मार्ट केयर जरूरी है। हालांकि ऑटिस्टिक बच्चे का लालन-पालन करना पैरेंट्स के लिए चुनौतीपूर्ण होता है। भावनात्मक रूप से कमजोर पड़ने के बजाय उनके लिए पहले अपना ध्यान रखना और मानसिक रूप से मजबूत होना जरूरी है। सकारात्मक रवैया अपनाते हुए पैरेंट्स को बच्चे की देखभाल के लिए समुचित कदम उठाने चाहिए। पूरे धैर्य के साथ बच्चे के साथ समय बिताना चाहिए और छोटी-छोटी चीजें सिखानी चाहिए ताकि वह आत्मनिर्भर हो सके और समाज में सामंजस्य स्थापित करने योग्य बन सके।

औषधीय फल

खीरा एक लाभ अनेक

खीरा किसी परिचय का मोहताज नहीं है। आमतौर पर सलाद में तो खीरा शामिल होता ही है। ठंडी तासीर वाले खीरे का गर्मियों में सेवन भरपूर किया जाता है। ऐसा करना बहुत लाभकारी है। दरअसल, गर्मियों में आमतौर पर शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जो कई बार गंभीर समस्या का रूप भी ले सकता है। लेकिन खीरा का सेवन शरीर में पानी की कमी नहीं होने देता यानी डिहाइड्रेशन से हमें बचाता है। इसका सेवन दोपहर के भोजन के साथ करना हितकर है। क्षेत्रीय भाषाओं में यह भिन्न-भिन्न नामों से जाना जाता है, जैसे काकड़ी, काकरी, ककनाई, संतेक, वैलारीकायी, डोसाकायी, वेल्लारी, सासा और अंग्रेजी में ककुंबर आदि। खीरे में मिलने वाले प्रमुख तत्व हैं-विटामिन ए, बी1,बी6, सी, डी, पोटेशियम, फास्फोरस और आयरन।

जब गर्मियों में लू चलती है, तब इसका सेवन बहुत लाभकारी होता है। इसे कच्चा ही खाया जाता है। यह शीतल, मधुर, और गर्मी को शांत करने में सक्षम है। कुछ लोग इसको छिलके सहित खाना लाभकारी मानते हैं। 90% पानी का भंडार वाला खीरा पाचनतंत्र को मजबूत करता है। अब

जानिए खीरे के औषधीय गुणों के बारे में-

- शीतलता का भंडार होने के कारण शरीर को डिहाइड्रेशन (पानी की कमी) से बचाता है।
- मोटापे से परेशान लोग इसका सेवन करें तो लाभ मिलेगा।
- डायबिटीज (मधुमेह) के रोगियों के लिए इसका सेवन हितकर है।
- इसमें पानी की मात्रा अधिक और कैलोरी कम होने के कारण लंबे समय तक भूख नहीं लगती, इस कारण शरीर का बढ़ता वजन नियंत्रित होता है।
- स्वस्थ त्वचा के लिए और चमकते चेहरे के लिए इसको खाना और चेहरे पर लगाना लाभकारी है।
- इसका नियमित सेवन (डिप्रेशन) अवसाद और कैंसर जैसी घातक बीमारी में रोकथाम करता है।
- खीरे के जूस का सेवन शरीर को अंदर और बाहर से मजबूत बनाता है। पुरानी कब्ज से छुटकारा दिलाने में सक्षम है। एसिडिटी, गैस और छाती पेट की जलन में भी इसका सेवन हितकर है।
- इसका सेवन (ब्लड प्रेशर) रक्तचाप को नियंत्रण करने में मददगार है।
- नियमित रूप से मुंह से आने वाली बदबू को समाप्त करने के लिए इसका एक टुकड़ा मुंह में रखना फायदेमंद है। *

-वैद्य हरिकृष्ण पांडे 'हरीश'

घरेलू उपचार

शिखर चंद जैन

आमतौर पर कोई भी दर्द होने पर लोग तुरंत पेन किलर खा लेते हैं। लेकिन इससे कई अन्य समस्याएं जन्म ले सकती हैं। ऐसे में आप कुछ औषधियों का सेवन कर सकते हैं। यहां बता रहे हैं कुछ उपयोगी औषधियों के गुणों के बारे में।

हर्ब मिटाए कई तरह के दर्द

अकसर रिसर्च में दावा किया जाता है कि दर्द निवारक एलोपैथिक दवाओं के कई साइड इफेक्ट होते हैं। इनका किडनी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए अकसर इनका सेवन न करने या बहुत कम करने की सलाह दी जाती है। आयुर्वेद शास्त्र में गठिया, जोड़ों के दर्द, पेट दर्द से लेकर तरह-तरह के अन्य दर्द के निवारण के लिए विभिन्न हर्ब्स का सेवन करने को प्रभावी बताया गया है।

सोंठः सूखी हुई अदरक को ही सोंठ कहा जाता है। अपने एंटीइन्फ्लेमेटरी गुणों के कारण यह दुनिया भर के आयुर्वेद विशेषज्ञों की प्रिय हर्ब है। लोग इसको मसाले और औषधि के रूप में तो इस्तेमाल करते ही हैं, चाय में डालकर भी पीते हैं ताकि सर्दी-जुकाम की रोकथाम की जा सके। दर्द निवारक और एंटीइन्फ्लेमेशन के रूप में आयुर्वेद विशेषज्ञ इसका इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं। इसमें कई विटामिन और मिनरल भी होते हैं। इसके सेवन से जोड़ों और मसल्स के दर्द में राहत मिलती है।

अश्वगंधाः अश्वगंधा का प्रयोग भारतीय ही नहीं पारंपरिक चीनी चिकित्सा में भी बहुतायत से किया जाता है। मेडिकल साइंस के एक्सपर्ट भी नपुंसकता के मामलों में इसके चमत्कारिक असर की बात मानते हैं। साथ ही इसका उपयोग स्ट्रेस, कब्ज, रुमेटिज्म जैसी अन्य कई क्रॉनिक बीमारियों के इलाज में भी किया जाता है। जोड़ों के दर्द में होने वाली परेशानी से इसके सेवन से इन्फ्लेमेटरी तत्व काफी कम हो जाते हैं। इतना ही नहीं इसके सेवन से थकान, स्ट्रेस और कमजोरी जैसी समस्याओं में भी काफी फायदा मिलता है।

गिलोयः अमृता, गिलोय, गुडुची आदि कई नाम हैं इस औषधीय जड़ी के। अपने नाम के मुताबिक ही यह अमृत सरीखे गुणों से भरी होती है। कोरोना कल में इम्यूनिटी बूस्टर के रूप में इसकी पहचान दुनिया भर में स्थापित हो गई। जाने-माने आयुर्वेद विशेषज्ञ गठिया और आर्थराइटिस जैसे ऑटोइम्यून डिसऑर्डर के इलाज के लिए इसका उपयोग करने की सलाह देते हैं। जोड़ों के दर्द में गिलोय के तने के चूर्ण को दूध में उबालकर पीने से तुरंत राहत मिल जाती है। रूमेटाइड अर्थराइटिस के इलाज के लिए इसका सेवन अदरक के साथ करने की सलाह दी जाती है।

शल्लकीः शल्लकी के नियमित सेवन से हार्ट डिजीज, कोलेस्ट्रॉल और आर्थराइटिस के दर्द में काफी आराम मिलता है। इसमें एंटी स्क्लेरोटिक गुण होते हैं यानी, इसके सेवन से धमनियों में कड़ापन नहीं आता। मांसपेशियों में तीव्र दर्द या रूमेटाइड अर्थराइटिस, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, ओस्टियोआर्थराइटिस आदि में इसके सेवन से आराम मिलता है।

अरंडीः मूत्राशय, स्नायुतंत्र, स्त्रियों के प्रजनन और पाचन तंत्र में किसी प्रकार की इन्फ्लेमेशन या दर्द के लिए अरंडी यानी कैस्टर का प्रयोग करना फायदेमंद बताया जाता है। इसमें दर्द निवारक, ठंडक देने वाले गुण होते हैं। अरंडी का तेल लगाने से बढ़े हुए वात, दर्द और सूजन से आराम मिलता है। साइटिका और आर्थराइटिस के दर्द में भी इसके तेल की मालिश की जाती है। इसे वात विकारों का राजा कहते हैं। यह ज्यादातर वात रोगों के इलाज में असरकारक है।

यहां बताई गई औषधियों का सेवन निश्चित ही कई तरह के दर्द में लाभकारी है। लेकिन किसी औषधि का सेवन करने से पहले आयुर्वेद विशेषज्ञ या अनुभवी वैद्य से सलाह जरूर कर लें। *

(वैद्य प्रमोद शर्मा से बातचीत पर आधारित)

फ्रेंडली मैच

पिछले मैच में इंग्लैंड को ब्राजील से मिली थी हार

बेलिंगहम ने दागा सत्र का 22वां गोल, इंग्लैंड ने बेल्जियम को 2-2 की बराबरी पर रोका

एजेंसी ▶▶| लंदन

ज्यूड बेलिंगहम के इंजरी टाइम में दागे सत्र के 22वें गोल की मदद से इंग्लैंड ने मंगलवार को यहां मैत्री फुटबॉल मैच में बेल्जियम को 2-2 से बराबरी पर रोक दिया। रियल मैड्रिड के मिडफील्डर बेलिंगहम ने वेम्बले स्टेडियम में दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के पांचवें मिनट में गोल दागकर इंग्लैंड को लगातार दूसरी हार से बचाया।

शनिवार को इंग्लैंड को ब्राजील के खिलाफ 0-1 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था। योरी टिलेमेंस ने 11वें मिनट में बेल्जियम को बढ़त दिलाई थी लेकिन इवान टोनी ने 17वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया। टिलेमेंस ने 36वें मिनट में एक और गोल करके बेल्जियम को 2-1 से आगे किया। टीम ने अंतिम लम्हों तक बढ़कर बरकरार रखी लेकिन बेलिंगहम ने इंग्लैंड को बराबरी दिला दी।

जर्मनी ने नीदरलैंड का 2-1 से हराया

फ्रैंकफर्ट। स्थानापन्न खिलाड़ी निकलास फल्कबर्ग के गोल से जर्मनी ने यहां मैत्री फुटबॉल मैच में नीदरलैंड को 2-1 से हरा दिया जिससे यूरोपीय चैंपियनशिप से पहले टीम का मनोबल बढ़ेगा। नीदरलैंड के गोलकीपर बार्ट वरबुगेन ने 85वें मिनट में फल्कबर्ग के शॉट को रोकने का प्रयास किया लेकिन रीप्ले देखने पर पुष्टि हुई की गेंद गोल रेखा को पार कर चुकी थी। जर्मनी की दो मैच में यह दूसरी जीत है। टीम ने शनिवार को फ्रांस को 2-0 से हराया था। इस हार के साथ नीदरलैंड का लगातार चार जीत का क्रम भी टूट गया। नीदरलैंड को चौथे ही मिनट में जोइ वीरमैन ने बढ़त दिला दी थी लेकिन 11वें मिनट में मैक्सीमिलन मिटलस्टेड ने स्कोर 1-1 कर दिया। फल्कबर्ग ने इसके बाद अंतिम मिनटों में गोल दागकर जर्मनी की जीत सुनिश्चित की।

फ्रांस ने चिली को दी मात

मार्सिले। जर्मनी के खिलाफ पहले मैच में शिकस्त के बाद फ्रांस को मैत्री फुटबॉल मैच में चिली के खिलाफ 3-2 की जीत के दौरान जूझना पड़ा। यूरोपीय चैंपियनशिप में जीत के दावेदारों में शामिल फ्रांस की टीम चिली के खिलाफ उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी। फ्रांस की जीत में रेंडल कोलो मुआनी की अहम भूमिका रही जिन्होंने एक गोल करने के अलावा ओलिवर गिरोड के गोल में मदद भी की। फ्रांस के लिए योसोफ फोफाना ने भी गोल दागा। चिली की ओर से मार्सेलिनो नुनेज और डारियो ओसोरियो ने गोल किए।

ब्राजील और स्पेन का मैत्री मैच ड्रॉ

मैड्रिड। लुकास पेक्वेटा के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर दागे गोल से ब्राजील ने मैत्री फुटबॉल मैच में स्पेन को 3-3 से ड्रॉ पर रोका। रीयाल मैड्रिड की ओर से खलने वाले ब्राजील के कप्तान विनिसियस जूनियर को स्थानीय लीग में खेलते हुए कई बार नस्लवाद का सामना करना पड़ा जिसके बाद इस मुकाबले को 'वन स्किन' मैच के रूप में पेश किया गया। ब्राजील ने दो गोल से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मुकाबले को ड्रॉ कराया। स्पेन की ओर से रोड्री ने 12वें और 87वें मिनट में पेनल्टी पर दो गोल दागे जबकि एक अन्य गोल डेनी ओल्मो ने किया। ब्राजील के लिए रोड्रिगो (40वें मिनट) और एंड्रिक (50वें मिनट) ने गोल किए जबकि पेक्वेटा ने इंजरी टाइम के छठे मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर टीम के हार से बचाया।

खास खबर

'इंपेक्ट प्लेयर' नियम के कारण 8वें नंबर पर आ पा रहे हैं धोनी

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने कहा कि 'इंपेक्ट प्लेयर' नियम ने उनके बल्लेबाजी क्रम को लंबा कर दिया है जिससे पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इस आईपीएल में आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए आ पा रहे हैं। वर्ष 2023 सत्र से शुरू किया गया 'इंपेक्ट प्लेयर' नियम प्रत्येक फ्रेंचाइजी को पांच खिलाड़ियों को नामित करने की अनुमति देता है जिनमें से एक मैच के दौरान स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में खेल सकता है। मंगलवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ सुपरकिंग्स की टीम छह विकेट पर 206 रन का विजयी स्कोर बनाने में सफल रही। हालांकि सात बल्लेबाजों के क्रीज पर उतरने के बावजूद धोनी के बल्लेबाजी के लिए आने का कोई संकेत नहीं मिलने के कारण उनके प्रशंसक थोड़े अधीर हो गए थे।

हूटिंग पर हार्दिक ने गजब का धैर्य दिखाया : तिवारी

मुंबई। पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी को लगता है कि मुंबई इंडियन्स एक अप्रैल को यहां जब अपना पहला घरेलू आईपीएल मैच खेलेगा तो कप्तान हार्दिक पंड्या को और अधिक हूटिंग का सामना करना पड़ सकता है। तिवारी का हालांकि मानना है कि इस ऑलराउंडर के पास इस तरह की स्थिति से निपटने के लिए जरूरी धैर्य है। सत्र की शुरुआत से पहले मुंबई के कप्तान के रूप में रोहित शर्मा की जगह लेने वाले हार्दिक रविवार को जब अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलने उतरे तो अहमदाबाद में प्रशंसकों ने उनकी हूटिंग की।

शुभमन पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना

चेन्नई। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर यहां चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान टीम की धीमी ओवर गति के लिए बुधवार को 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। आईपीएल के एक बयान में कहा गया, 'आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था।' गिल की अगुवाई वाली टीम को टूर्नामेंट के मौजूदा सत्र में पहली हार का सामना करना पड़ा जब मंगलवार को यहां गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने उसे 63 रन से हरा दिया।

किसी को भी शमी जैसे गेंदबाज की कमी खलेगी

चेन्नई। गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहित शर्मा ने गत आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ यहां 63 रन की हार के बाद स्वीकार किया कि मोहम्मद शमी जैसे गेंदबाज की भरपाई करना काफी मुश्किल है। भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज शमी टखने की सर्जरी से उबर रहे हैं और आईपीएल से बाहर हो गए हैं। उनके बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला के साथ वापसी करने की उम्मीद है। वह इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की घरेलू श्रृंखला में भी नहीं खेल पाए थे। शमी जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप में भी नहीं खेल पाएंगे। मोहित ने सुपरकिंग्स के खिलाफ मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, 'किसी भी टीम को शमी जैसे गेंदबाज की कमी खलेगी और आप उनकी भरपाई किसी अन्य खिलाड़ी से नहीं कर सकते। लेकिन चोट पर किसी का नियंत्रण नहीं है और आपको यह देखना होगा कि इसके साथ कैसे आगे बढ़ना है।'

खबर संक्षेप

गोल्फर लाहिड़ी से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

गुरुग्राम। पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने की कोशिश में लगे अनुभवी भारतीय गोल्फ खिलाड़ी अनिर्बान लाहिड़ी गुरुवार से यहां शुरू हो रहे हीरो इंडियन ओपन में अपने नौ साल के खिताबी सूखे को खत्म करना चाहेंगे। ओलंपिक में दो बार देश का प्रतिनिधित्व कर चुके लाहिड़ी लंबे समय के बार राष्ट्रीय चैंपियनशिप में वापसी करेंगे। एलआईवी गोल्फ से जुड़ने के बाद उनकी रैंकिंग 401 हो गई है और पेरिस खेलों में जगह बनाने के लिए उन्हें अच्छे नतीजे की जरूरत होगी।

कोच पद के लिए रोंची के संपर्क में पीसीबी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड राष्ट्रीय टीम के नए मुख्य कोच के लिए ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ल्यूक रोंची से बात कर रहा है। पीसीबी के एक सूत्र ने बुधवार को बताया कि 42 वर्षीय रोंची के साथ 'विस्तृत चर्चा' हुई। रोंची पाकिस्तान सुपर लीग टीम इस्लामाबाद यूनाईटेड के भी कोच रहे हैं। सूत्र ने कहा, 'कोई भी बड़ा कोच पीसीबी के लिए काम करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है क्योंकि उनमें से ज्यादातर पहले से ही विभिन्न लीग के साथ प्रतिबद्ध हैं या उन्हें पाकिस्तान क्रिकेट में काम करने को लेकर आशंका है इसलिए कोच की तलाश रोंची तक पहुंची है।'

पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा : कोच वेस्टवुड

गुवाहाटी। विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में भारत के खिलाफ उसी की सरजमीं पर जीत के बाद अफगानिस्तान के फुटबॉल कोच एशले वेस्टवुड ने कहा कि मेहमान टीम हमेशा हावी रही और उसे पहले चरण का ड्रॉ हुआ मुकाबला भी जीतना चाहिए था। भारत मंगलवार रात अफगानिस्तान से 1-2 से हार गया देश में फुटबॉल के लिए एक शर्मनाक दिन रहा। मेजबान टीम के लिए एकमात्र गोल अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री के पेनल्टी पर किया। अफगानिस्तान के लिए रहमत अकबरी (71वें मिनट) और शरीफ मुखम्मद (88वें मिनट) ने गोल किए।

उरुग्वे के क्लब कोलोन से जुड़े बिजय छेत्री

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारतीय डिफेंडर बिजय छेत्री इस साल के अंत तक उधार पर उरुग्वे के फुटबॉल क्लब कोलोन एफसी से जुड़ गए हैं। उनके इंडियन सुपर लीग क्लब चेन्नईयिन एफसी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

छेत्री इस तरह किसी लेटिन अमेरिकी क्लब से अनुबंध करने वाले पहले भारतीय फुटबॉलर बने। कोलोन क्लब मोंटेवीडियो में स्थित है। क्लब सेगुंडा डिविजन पेशेवर (दूसरा डिविजन) में खेलता है और अभी ग्रुप बी लीग तालिका में तीसरे स्थान पर चल रहा है। मणिपुर के 22 साल के छेत्री ने अपने फुटबॉल करियर की शुरुआत 2016 में शिलांग लाजोंग के साथ की।

बोपन्ना-एबडेन ने मियामी ओपन के सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने यहां मियामी ओपन में नीदरलैंड के सेम वर्बीक और ऑस्ट्रेलिया के जॉन-पैट्रिक स्मिथ को हराकर साल के तीसरे पुरुष युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई।

इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाले बोपन्ना और एबडेन ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 3-6 7-6 10-7 से जीत दर्ज की। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी 44 साल के बोपन्ना को इस जीत से एटीपी युगल रैंकिंग में शीर्ष 10 में रहने और जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने में मदद मिलेगी। पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने की रैंकिंग पर विचार करने की कट ऑफ तारीख 10 जून है। बोपन्ना और एबडेन इससे पहले इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन और एडीलेड ओपन के फाइनल में खेल चुके हैं।

मेदवेदेव ने जीता 350वां मुकाबला

गत चैंपियन दानिल मेदवेदेव ने अपने कॅरियर का 350वां मुकाबला जीतते हुए डोमीनिक कोफर को सीधे सेट में हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार चौथे साल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मेदवेदेव ने कोफर को 7-6, 6-0 से हराया। शीर्ष वरीय कार्लोस अल्कारेज ने भी 23वें वरीय लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ 6-3, 6-3 की आसान जीत के साथ अंतिम आठ में प्रवेश किया। आठवें वरीय दिमित्रोव ने ह्युबर्ट हुरकाज को 3-6, 6-3, 7-6 से हराया। महिला वर्ग में चौथी वरीय एलेना रिबाकिन ने आठवीं वरीय मारिया सकारी को कड़े मुकाबले में दो घंटे 48 मिनट में 7-5, 6-7, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

छेत्री ने दागा 94वां अंतरराष्ट्रीय गोल

कोलकाता। भारत के करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने अपने 150वें मैच में 94वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागा। 158वें स्थान पर काबिज अफगानिस्तान के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में भारत को इस मैच में 1-2 की शर्मनाक हार मिली।

बाबर को फिर कप्तान बनाने की चल रही चर्चा

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने के लिए शान मसूद और शाहीन शाह अफरीदी की क्षमता पर भरोसा नहीं रह गया है और उसे लगता है कि पूर्व कप्तान बाबर आजम एक बार फिर टीम की कप्तानी के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प हैं। पिछले साल भारत में एकदिवसीय विश्व कप के दौरान पाकिस्तान के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाने के बाद बाबर ने सभी प्रारूपों में टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। मसूद को जहां टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया तो वहीं शाहीन को टी20 टीम का कप्तान बनाया गया।

नोवाक जोकोविच ने कोच इवानिसेविच से नाता तोड़ा

लंदन। शीर्ष रैंकिंग के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने 2018 से उनके कोच रहे गोरान इवानिसेविच से अलग होने का फैसला किया है। इवानिसेविच के साथ रहते हुए सर्बिया के खिलाड़ी जोकोविच ने 12 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। जोकोविच रिकॉर्ड 24 खिताब के साथ पुरुष वर्ग में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी हैं। जोकोविच ने बुधवार को 'इंस्टाग्राम' पर लिखा कि उन्होंने 'कुछ दिन पहले से' इवानिसेविच के साथ काम करना छोड़ दिया था।

पश्चिम मध्य रेल

पत्र क्रं. एमडी/सीएच/पमरे/जबल/हाउस सर्जन दिनांकः 21.03.2024

वॉक इन इन्टरव्यू जूनियर रेसीडेन्ट डाक्टर्स,

केन्द्रीय चिकित्सालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर में जूनियर रेसीडेंट (हाऊस ऑफिसर्स) के दो पद हेतु (मेडिसिन – 01 एवं स्त्री रोग – 01 पद) चिकित्सकों की आवश्यकता है। **चयन तिथिः** दिनांक 28.03.2024 **दिन–** गुरूवार, **रिपोटिंग समयः** 10:00 बजे से प्रातः 12:00 बजे तक। **साक्षात्कार का स्थानः** चिकित्सा निदेशक कार्यालय, केन्द्रीय चिकित्सालय, पमरे, जबलपुर। **अवधिः** छह माह (एक सत्र), अधिकतम अवधि 02 वर्ष तक। **वेतनमानः** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मान्य दरें (लगभग रू. 56,355/– प्रतिमाह), **योग्यताः** 1. किसी मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेज से एम.बी.बी.एस. की उपाधि (इन्टर्नशिप करने के बाद) राज्य मेडिकल काऊंसिल में पंजीयन। 2. जिस चिकित्सक का नियमुनासार बॉन्ड समाप्त हो गया हो, वे आवेदन कर सकते हैं। 3. जो चिकित्सक किसी सरकारी नौकरी में कार्य कर रहें है, वे आवेदन के पात्र नहीं है। **अन्य सुविधाएँः** 1.सर्वसुविधायुक्त चिकित्सालय में कार्य करने का अनुभव। 2. रेलवे चिकित्सालय में स्वयं के ईलाज की मुफ्त व्यवस्था। 3. एक वर्ष सफलतापूर्वक पूरा करने पर एक सेट मुफ्त प्रथम श्रेणी पास कार्य स्थल से घर आने जाने हेतु। **नोटः** साक्षात्कार हेतु योग्य चिकित्सक सभी मूल प्रमाण पत्र एवं स्वं प्रमाणित छाया प्रति तथा दो फोटोग्राफ के साथ चिकित्सा निदेशक कार्यालय में निर्धारित तिथि को समय, प्रातः 11:00 बजे स्वयं उपस्थित हों।

चिकित्सा निदेशक केन्द्रीय चिकित्सालय, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

In the Court of XXIV Civil Judge Class-I District Court, Bhopal
Presiding Officer : रवि कुमार बोरासी
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS B/0000309/2019

देना बैंक .... वादी
V/s
सुखराम मेहरा .....प्रतिवादी
Process ID : 2024
पेशी दिनांक : **15-05-2024**

प्रेषिती,
(1) सुखराम मेहरा पिता डालचंद मेहरा पता-म.नं. 47, घरिया ग्राम खमरिया, तहसील जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.) -487118
अन्य पताः रमेश वार्ड, इमलिया रोड, करेली पोस्ट करेली एवं जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)

यह कि प्रार्थी देना बैंक ने आपके विरूद्ध वाद वास्ते वसूली हेतु के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

आज तारीख 20 फरवरी 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा न्यायाधीश

धोनी ने अपना स्वाभाविक खेल खेलने की सलाह दी थी

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

चेन्नई सुपरकिंग्स के बल्लेबाज समीर रिज्वी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपने पहले आईपीएल मैच में छोटी लेकिन तेज और प्रभावी पारी खेलने को श्रेय महेंद्र सिंह धोनी को दिया। रिज्वी ने कहा कि जब वह बल्लेबाजी के लिए जा रहे थे तो भारत के इस पूर्व कप्तान ने उन्हें अपना स्वाभाविक खेल खेलने ही सलाह दी। टाइटंस के खिलाफ मंगलवार रात रिज्वी ने छह गेंद में 14 रन बनाए जिसमें राशिद खान के खिलाफ दो छक्के भी शामिल हैं। रिज्वी ने कहा, ''भैया (धोनी) ने मुझे उसी तरह खेलने को कहा जैसे मैं आम तौर पर खेलता हूं।'

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (उत्पादन) वनमण्डल बैतूल
वनोपज के घोष विक्रय की सूचना भौतिक नीलाम (ऑफ लाईन) दिनांक 28/03/2024

वनोपज के घोष विक्रय की सूचना — वृत्त का नाम :- बैतूल वृत्त बैतूल

वनमण्डल का नाम तथा दूरभाष	काष्ठागार का नाम तथा दूरभाष/ मोबाइल क्रमाक	नीलाम दिनांक (समय प्रातः 9.00 बजे से)	डिपो / डम्पिंग डिपो	वनोपज का प्रकार	सागौन काष्ठ अनुमानित मात्रा		अन्य काष्ठ अनुमानित मात्रा		जलाऊ चट्ठा अनुमानित मात्रा		औद्यो. बांस अनुमानित मात्रा वि. ई. /नग मे	व्यापा. बास अनुमानित मात्रा वि.ई. /नग में	अवरोध मूल्य (लाख रू. में)
					लट्ठा घ.मी.	बल्ली / डेंगरी नग	लट्ठा घ.मी.	बल्ली / डेंगरी नग	सागौन	अन्य			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
बैतूल (उत्पादन) वनमण्डल 07141-234408	(नीलाम स्थल) बैतूल डिपो 9424796063	28 मार्च 2024	बैतूल डिपों	नया	-	93000	-	2354	20	-	-	-	115.40
				पुराना	-	19000	-	70000	-	-	-	-	144.65
			भौंरा डिपों/ बांणसागर	नया	-	2000	-	-	94	42	-	-	5.80
				पुराना	-	12200	-	633	190	83	140.444	-	45.27
			गवासेन बांणसागर	नया	-	-	-	-	226	-	-	-	5.65
				पुराना	-	-	-	-	-	-	-	-	0.00
			डम्पिग डिपो धरोरा	नया	-	-	-	-	336	-	-	-	8.40
				पुराना	-	-	-	-	24	204	-	-	5.70
			डम्पिग डिपो डाबरी	नया	-	-	-	-	90	-	-	-	2.25
				पुराना	-	-	-	-	-	-	-	-	
				योग-		126200		72987	980	329	140.444	-	333.12

G-26435 / 23

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

वनमण्डलाधिकारी (उत्पादन) वनमण्डल बैतूल.

बिजली उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर

अगले महीने कम आएगा बिल

करंट मार रही महंगाई के बीच मप्र के बिजली उपभोक्ताओं के लिए कुछ राहत भरी खबर आई हैं। अगले महीने सरचार्ज भी कम लगेगा। इस कारण उनका बिजली बिल भी कम आएगा।

जबलपुर। प्रदेश में नए संसोधन के बाद पेट्रोल-डीजल की तर्ज पर बिजली कंपनियां भी हर महीने बिजली बिल रिवाइज कर रही हैं। यह पहला मौका है, जब बिजली कंपनियों को फ्यूल एंड पॉवर पर्चेस एडजेस्टमेंट में फायदा हुआ है और कंपनियों ने सरचार्ज में 4.72 फीसदी की कमी की है। यानी केंद्र सरकार ने फरवरी 2023 में विद्युत नियम 2005 में संशोधन कर हर महीने फ्यूल कास्ट एडजस्टमेंट (एफसीए) तय करने का जिम्मा बिजली कंपनी को देने का प्रावधान किया था। मप्र विद्युत नियामक आयोग ने इस अप्रूवल को मंजूरी दे दी थी। इस का नाम भी बदलकर एफसीए की जगह एफपीपीएएस कर दिया है। पिछले साल मई से सरचार्ज लगना शुरू हुआ है। अब पेट्रोल-डीजल के दाम की तरह बिजली कंपनियां भी हर महीने बिजली का फ्यूल कास्ट चार्ज घटा-बढ़ा सकेंगी।

बिजली कंपनियों को एफपीपीएएस में फायदा

गौरतलब है कि बिजली कंपनियां हर महीने फ्यूल एंड पॉवर पर्चेस एडजेस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) जोड़ती हैं। यह

सरचार्ज घाटे के मुताबिक बिल में जुडक़र आता है। पिछले साल मई से सरचार्ज लगना शुरू हुआ है। यह पहला मौका है, जब बिजली कंपनियों को फ्यूल एंड पॉवर पर्चेस एडजेस्टमेंट में फायदा हुआ है और कंपनियों ने सरचार्ज में 4.72 फीसदी की कमी की है। यानी अगले महीने बिजली उपभोक्ताओं का बिल 4.72 फीसदी कम आएगा। गौरतलब है कि बिजली कंपनियों ने पिछले साल मई से सरचार्ज लेना शुरू किया है। पहले कंपनियों ने बिजली उपभोक्ताओं से करीब 8 फीसदी सरचार्ज वसूला था। इसके बाद हर महीने 5 से 7 फीसदी तक सरचार्ज लिया गया।

चुनावी राहत

मप्र के विधानसभा चुनाव के दौरान बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिली थी। उस दौरान सरचार्ज नहीं लिया गया था। इसी तरह अब लोकसभा चुनाव के दौरान तो बिजली कंपनियों ने इसमें कटौती कर दी है। सरचार्ज घटा दिया है। इससे बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिल गई है। सरचार्ज के नाम पर बिजली कंपनियों हर महीने बिजली का टैरिफ बढ़ा देती हैं, इससे इससे 40 से 150 रुपए तक बिजली का बिल बढ़ा जाता है। दरअसल चुनावी साल में बिजली कंपनियां हर साल बिजली उपभोक्ताओं को राहत देती हैं। गौरतलब है कि बिजली कंपनियों ने 2046 करोड़ का घाटा बताते हुए बिजली के टैरिफ में 3.86 फीसदी बढ़ोतरी की मांग की थी। विद्युत विनियामक आयोग ने इस मांग को अस्वीकार कर दिया। इससे इस बार बिजली के टैरिफ में भी इजाफा नहीं हुआ है। बिजली कंपनियों की याचिका पर सिर्फ नगर निगम और पंचायतों को मिलने वाली बिजली में मामूली इजाफा किया है. जबकि पिछले साल बिजली कंपनियों की याचिका पर आयोग ने बिजली के टैरिफ इजाफा किया था। बिजली कंपनियों ने 1537 करोड़ का घाटा बताते हुए बिजली की दरों में 3.20 फीसदी का इजाफा करने की मांग की थी। इसका प्रस्ताव विद्युत विनियामक आयोग को भेजा था। आयोग ने 1.65 फीसदी टैरिफ बढ़ाया था।

राज्य शिक्षा केंद्र ने जारी किए निर्देश

मप्र के विद्यालयों में एक अप्रैल से शुरू होगा नवीन शिक्षा सत्र

हरिभमि जबलपुर।

प्रदेश के सरकारी व निजी स्कूलों का शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से शुरू होगा। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों के लिए नवीन शिक्षा सत्र 2024-25 में नामांकन एवं पुनभ्यास संबंधी दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। पहले एक माह तक विद्यार्थियों को बुनियादी शिक्षा के लिए पुनभ्यास कराया जाएगा। इसके बाद जून में जब स्कूल खुलेंगे तो नई कक्षा की पढ़ाई शुरू होगी। सत्र के प्रारंभ में विद्यार्थियों में विज्ञान, गणित एवं भाषा विषय की कठिन अवधारणाओं का अभ्यास 30 अप्रैल तक कराया जाएगा, जिससे गर्मी की छुट्टी के बाद स्कूल खुलने पर विद्यार्थियों को पढ़ाई में कोई कठिनाई ना हो। साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि एक अप्रैल को बाल सभा और विशेष भोज का आयोजन किया जाएगा। विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा। हर माह के लिए शैक्षणिक गतिविधियों का कैलेंडर जारी किया गया है।

28 मार्च तक घोषित होंगे कुछ कक्षाओं के परिणाम

पहली से चौथी, छठवीं व सातवीं की स्थानीय परीक्षा परिणाम 28 मार्च तक घोषित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। पांचवीं व आठवीं के परीक्षा परिणाम की घोषणा अप्रैल माह के तृतीय सप्ताह में संभावित है। सत्र 2023-24 में पांचवीं एवं आठवीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के एक अप्रैल से अगली कक्षा में प्रावधिक प्रवेश दिया जाए ।

विद्यार्थियों की प्रगति से अवगत होंगे अभिभावक

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी निर्देश के मुताबिक अप्रैल के प्रथम पखवाड़े में तीन से 13 अप्रैल के बीच अभिभावकों को आमंत्रित कर विद्यार्थियों के पिछले वर्ष की शैक्षणिक स्थिति के साथ-साथ नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में आयोजित होने वाली गतिविधियों से अवगत कराना है।

शाला त्यागी बच्चों को चिह्नित करने के निर्देश

पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाले बच्चों एवं शाला त्यागी बच्चों का चिन्हांकन किया जाए। इसके अतिरिक्त समग्र शिक्षा पोर्टल के माध्यम से छह साल की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों की सूची के माध्यम से पहली कक्षा में प्रक्रिया पूरी की जाए।

जबलपुर के साथ कटनी, मैहर, सतना, दमोह, सागर, करेली, नरसिंहपुर, पिपारिया, आदि स्टेशनो पर की जा रही कार्रवाई

जबलपुर मंडल के स्टेशनों में 1450 से अधिक अवैध वेंडरों को पकड़ा गया

जबलपुर। मंडल के वाणिज्य विभाग ने जबलपुर के स्टेशन पर बिकने वाली खाद्य समाग्री एवं बेंडरों की जांच का अभियांन चला कर अनेक अवैध बेंडरों को पकड़कर जुमार्ना वसूलने के साथ ही अमानक समाग्री नष्ट करने का अभियान चलाया । वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री विश्व रंजन के निर्देश पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री नितेश कुमार सोने के नेतृत्व में चलाये गए अभियान मे प्लेटफार्म एक से प्लेटफार्म 6 तक कार्यवाही की जा रही हैं जिसमे प्लेटफार्म पर अनाधिकृत रूप से अन्दर आने वाले बेंडरों कि जांच की जा रही हैं रेलवे अधिनियम की धारा 144 के

तहत फरवरी माह में जबलपुर स्टेशन सहित मंडल पर 252 अवैध बेंडरो को पकड़कर आरपीएफ के सुपुर्द किया गया। इसी तरह वित्तीय वर्ष में (1 अप्रैल 2023 से 29 फरवरी 2024) तक 11 माह में जबलपुर मंडल के वाणिज्य विभाग की टीम द्वारा 1457 अवैध वेंडर को पड़कर आरपीएफ सुपुर्द किया गया।

जिससे जबलपुर मंडल के अवैध वेंडरों में भय का माहौल पैदा हुआ है। इस कार्यवाही में सहायक वाणिज्य प्रबंधक अखिलेश कुमार नायक, गुन्नार सिंह सहित वाणिज्य विभाग के निरीक्षक एवं परिवेक्षकों की भूमिका सराहनीय रही। उल्लेखनीय है कि मंडल में यह कार्यवाही जबलपुर के साथ ही कटनी, मैहर, सतना, दमोह, सागर, करेली, नरसिंहपुर, पिपारिया, आदि स्टेशनो पर भी की जा रही है। यह कार्यवाही आगे भी इसी तरह जारी रहेगी।

उपभोक्ता आयोग का आदेश

टीवी व मोटर साइकिल की क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान करें

जबलपुर। जिला उपभोक्ता आयोग के चेयरमैन पंकज यादव व सदस्य अमित सिंह तिवारी की युगलपीठ ने क्षतिग्रस्त टीवी के सुधार के लिए 33 हजार 380 रुपये व मोटर साइकल सुधार के लिए एक हजार रुपये क्षतिपूर्ति राशि भुगतान का आदेश दिया है। इसके लिए 45 दिन की समय-सीमा निर्धारित की है। यही नहीं परिवादी को मानसिक क्लेश के एवज में पांच हजार व मुकदमे का खर्च तीन हजार भी अदा करने कहा है।

परिवादी विजय नगर निवासी मंगेश वासनिक की ओर से अधिवक्ता मनीष त्रिवेदी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि परिवादी का स्थानांतरण नागपुर से जबलपुर हो गया था। लिहाजा, समस्त घरेलू सामान अग्रवाल मूवर्स एंड पैकर्स को जिम्मेदारी सौंपी। 44 हजार 250 रुपये किराया तय हुआ। सामान की परिवहन सुरक्षा के लिए बीमा अंतर्गत छह हजार अलग से दिए गए। इसके बावजूद खराब ट्रक से सामान को लादकर जबलपुर लाया गया। इस वजह से टीवी खराब हो गई। मोटर साइकल का कांच टूट गया। शिकायत करने के बावजूद ट्रांसपोर्ट कंपनी ने कोई राहत नहीं दी। इसीलिए न्यायहित में उपभोक्ता आयोग आना पड़ा। सभी तर्क सुनने के बाद सेवा में कमी का आरोप सही पाया गया।

शिक्षक भर्ती परीक्षा में चयनितों को नियुक्ति का इंतजार

जबलपुर। शिक्षक भर्ती चयन परीक्षा 2023 वर्ग-1 के 4 हजार से अधिक अभ्यर्थियों अपने नियुक्ति पत्र नहीं मिलने को लेकर इन दिनों परेशान हैं, उन्होंने डीपीआई, व शिक्षा मंत्री में इस संबंध में शिकायती ज्ञापन भी दिया है। बताया जा रहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग के स्कूलों में उच्च माध्यमिक शिक्षक के नियुक्ति के लिए पात्र 4921 अभ्यर्थियों मेरिट लिस्ट 20 फरवरी को जारी की थी, जिसके बाद से यह आवेदक नियुक्ति या नियुक्ति पत्र का का इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि यह चयन परीक्षा 8 हजार से अधिक पदों के लिए आयोजित की गई थी। उच्च माध्यमिक चयन परीक्षा 2023 में 16 विषयों के लिए हुई परीक्षा के माध्यम से 8,720 पदों की पूर्ति होना थी, जिसमें से 3,700 पद बैकलॉग के थे, मगर पिछड़ा वर्ग के 13त्न पद होल्ड होने ओर कुछ पदों पर पात्रता पूरी न करने के कारण कर्मचारी चयन मंडल द्वारा मात्र 4921 अभ्यर्थी की मेरिट लिस्ट जारी की गई है। जिसके बाद से यह आवेदक अपनी नियुक्ति पत्र का इंतजार कर रहे हैं।

38 प्रत्याशियों के बीच जिज्ञासा का माहौल

जिला बार कार्यकारिणी के सात पदों की मतगणना आज

जबलपुर। जिला बार एसोसिएशन, जबलपुर की कार्यकारिणी के सात पदों की मतगणना को गुरुवार, 28 मार्च से पुनः गति दी जाएगी। सात कार्यकारिणी पदों के लिए 38 उम्मीदवार मैदान में उतरे थे। होली पूर्व मतगणना प्रारंभ हो गई थी, किंतु दो हजार मतों की गणना शेष रहते इस प्रक्रिया को रोक दिया गया था। मुख्य चुनाव अधिकारी अधिवक्ता संपूर्ण तिवारी, सहायक चुनाव अधिकारी अधिवक्ता राजेश तिवारी व चुनाव समिति के अधिवक्ता तरुण रोहितास ने बताया कि गुरुवार को प्रातः 11 बजे से सभी प्रत्याशियों व उनके समर्थकों की उपस्थिति में पूर्ववत मतगणना को गति दी जाएगी। इस दौरान कैमरों की नजर रहेगी। रिकार्डिंग भी जारी है। इस तरह किसी भी तरह की शिकायत की कोई गुंजाइश शेष नहीं है। मगतणना प्रक्रिया में सुरेंद्र त्रिपाठी, दिनेश तिवारी, उमाशंकर रावत, सीमा जायसवाल, प्रदीप जैन, पीपी बुधौलिया, नीलम दत्त, मंजू वर्मा, पवन शर्मा, निजामुद्दीन, सौरभ श्रीवास्तव, गोविंद अहिरवार, नीतू पसीने, जियाउद्दीन, हेमलता ठाकुर, मुकेश कुशवाहा, सुनीता जायसवाल, गोपाल पटेल व विनोद तिवारी सहित अन्य का योगदान है।

धूप से बचने चश्मा, गमछा और टोपी पहने नजर आने लोग

धान खरीदी प्रकरण में समिति प्रशासक को जमानत नहीं

जबलपुर। अपर सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह की अदालत ने धान खरीदी प्रकरण में आरोपित समिति प्रशासक गोकुल पटेल की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। राज्य की ओर से अपर लोक अभियोजक अरविंद जैन ने जमानत अर्जी का विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि पनागर पुलिस ने शिकायत के आधार पर अपराध पंजीबद्ध किया है। अवैध रूप से धान की खरीदी राशि लगभग तीन करोड़ रुपये है। धान खरीदी केंद्र पर होने वाली संपूर्ण कार्यवाही के लिए समिति प्रशासक गोकुल पटेल व प्रबंधक अनिल पाठक पूर्ण रूप से जिम्मेदार व जवाबदार हैं। लिहाजा, यदि इतने गंभीर मामले में जमानत का लाभ दिया गया तो आरोपित साक्ष्यों व गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। धान का तौल किए बिना ई-उपार्जन पोर्टल पर आनलाइन खरीदी दर्ज करना अनुचित था। किंतु ऐसा किया गया।

मौसम के सुर्ख मिजाज से लोगों का छूटा पसीना

जबलपुर। होली जलने के बाद आमतौर पर गर्मी बढ़ जाती है। दिन में एकाएक गर्मी का अहसास बढ़ने लगा है। धूप में तीखापन महसूस रहा है। हवा की दिशा भी बदल कर उत्तर पश्चिमी से अब दक्षिण-पश्चिमी हो गई है जिससे वातावरण में गर्मी बढ़ गई है। लगातार धूप के संपर्क में रहने पर पसीना भी छूटने लगा है। सोमवार को भी मौसम का मिजाज सुर्ख रहा। तापमान भी तीन डिग्री तक बढ़ा रहा। अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया जिससे लोगों ने गर्मी महसूस की। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल अभी कोई पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं है जिसके असर से मौसम में बदलाव आए। आसमान पूरी तरह से साफ है और आने वाले दो दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री तक का उछाल आ सकता है। हालांकि रात में हल्की ठंड का अहसास बना रहेगा। वहीं दूसरी तरफ दिन में गर्मी का असर बढ़ने के साथ ही घर, दफ्तर में पंखा, कूलर और एसी चालू हो गए हैं। रात के मुकाबले दिन में गर्मी का असर बढ़ गया है। वहीं गला तर करने लोग अभी से शीतल पेय पदार्थ का सेवन करने लगे हैं। धूप से बचने चश्मा, गमछा और टोपी की धारण किए लोग नजर आने लगे हैं।

पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 37.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान 19.08 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 49 प्रतिशत और सायंकाल 36 प्रतिशत आंकी गई। उत्तर पश्चिमी हवाओं की रफ्तार 2 से 3 किमी प्रति घंटे की रही। सूर्योदय सुबह 6.06 बजे हुआ, जबकि सूर्यास्त 6.24 बजे हुआ। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 35.0 और न्यूनतम तापमान 21.0 sडिग्री दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240